ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

11 अगस्त, 2023
सावन, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 292

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


लोकसभा में मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव गिरा, प्रधानमंत्री ने विपक्ष को लताड़ा






झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## ॥ स्कॉलर्स को जोहार ॥

मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा
**पारदेशीय छात्रवृत्ति**


एवं

चेवनिंग मरङ गोमके
**जयपाल सिंह मुंडा छात्रवृत्ति**

**2023-2024**

मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड



विशिष्ट अतिथि

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज विभाग

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग

**श्री चंपई सोरेन**
माननीय मंत्री, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग

**श्री हफीजुल हसन**
माननीय मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, पर्यटन, कला- संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग

**दिनांक : 11 अगस्त 2023 | समय : अपराह्न 03:00 बजे**
**स्थान : प्रोजेक्ट भवन सभागार, रांची**

P.R. 304413 (Schedule Tribe, Schedule Caste, Minority and Backward Class Welfare Department) 23-24

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्यान विभाग, झारखण्ड सरकार

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 55,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 71,000 रु./प्रति किलो |



## 132 मिनट भाषण, 98 बार तालियां, 22 बार ठहाके, 13 बार टोकाटोकी, 29 बार मणिपुर का जिक्र

# अविश्वास प्रस्ताव पर विपक्ष को चुन-चुन कर सुनाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा में कांग्रेस द्वारा लाये गये अविश्वास प्रस्ताव पर बोले। 132 मिनट भाषण, 98 बार तालियां, 22 बार ठहाके, 13 बार टोकाटोकी, 29 बार मणिपुर शब्द का जिक्र...। पीएम मोदी ने जो कुछ कहा, वह यहां प्रस्तुत हैः

### भगवान का आशीर्वाद है विपक्ष का प्रस्ताव

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की जनता ने हमारी सरकार के प्रति बार-बार जो विश्वास जताया है, आज देश के कोटि-कोटि नागरिकों का आभार व्यक्त करने के लिए उपस्थित हुआ हूं। कहते हैं कि भगवान बहुत दयालु है और भगवान की मर्जी होती है कि वह किसी न किसी माध्यम से अपनी इच्छा की पूर्ति करता है। मैं इसे भगवान का आशीर्वाद मानता हूं कि विपक्ष प्रस्ताव लेकर आया। 2018 में भी यह ईश्वर का ही आदेश था, जब विपक्ष के मेरे साथी अविश्वास प्रस्ताव लेकर आये थे। उस समय भी मैंने कहा था कि अविश्वास प्रस्ताव हमारी सरकार का फ्लोर टेस्ट नहीं है, बल्कि ये उन्हीं (विपक्ष) का फ्लोर टेस्ट है। हुआ भी यही। जब मतदान हुआ, तो विपक्ष के पास जितने वोट थे, उतने वोट भी वो जमा नहीं कर पाये थे। इतना ही नहीं, जब हम सब जनता के पास गये, तो जनता ने भी पूरी ताकत के साथ इनके लिए नो-कांफिडेंस घोषित कर दिया और चुनाव में एनडीए को भी ज्यादा सीटें मिलीं और भाजपा को भी ज्यादा सीटें मिलीं। यानी एक तरह से विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव हमारे लिए शुभ होता है।

### सारे रिकॉर्ड तोड़ कर सरकार वापस आयेगी

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज मैं देख रहा हूं कि आपने तय कर लिया है कि एनडीए और भाजपा 2024 के चुनाव में पुराने सारे रिकॉर्ड तोड़ कर भव्य विजय के साथ जनता के आशीर्वाद से वापस आयेगी।

### राजनीति आपके लिए प्राथमिकता थी

उन्होंने कहा कि अच्छा होता कि सत्र की शुरुआत के बाद से ही विपक्ष ने गंभीरता के साथ सदन की कार्यवाही में हिस्सा लिया होता। बीते दिनों दोनों सदनों ने जनविश्वास बिल, डिजिटल डेटा प्रोटेक्शन बिल जैसे कई महत्वपूर्ण बिल यहां पारित किये और ऐसे बिल भी थे कि जो हमारे मछुआरों के हक में थे, जिसका फायदा केरल के मछुआरों को होना था। केरल के सांसद तो इस पर अच्छे से हिस्सा लेते सकते थे। राजनीति ऐसी हावी है कि उन्हें किसी बिल की चिंता नहीं है। हिंदुस्तान साइंस पावर के रूप में कैसे उभरे, उससे जुड़े बिल पर भी आपका ऐतराज? डिजिटल डेटा प्रोटेक्शन बिल भी देश के युवाओं के जज्बे से जुड़ा हुआ था। आने वाला समय तकनीक से चलेगा, आज डेटा को एक प्रकार से सेकेंड ऑयल, सेकेंड गोल्ड के रूप में माना जाता है। उस पर गंभीर चर्चा की जरूरत थी, लेकिन राजनीति आपके लिए प्राथमिकता थी।

### आप भ्रष्ट साथियों की शर्त पर जुटे हैं

पीएम मोदी ने कहा कि देश की जनता ने उन्हें जिस काम के लिए यहां भेजा है, उस जनता के साथ भी विश्वासघात किया गया है। विपक्ष के कुछ दलों ने उनके आचरण और उनके व्यवहार से सिद्ध कर दिया है कि उनके लिए देश से बड़ा दल है। देश से पहले प्राथमिकता दल है। मैं समझता हूं कि आपको गरीब की भूख की चिंता नहीं है, सत्ता की भूख ही आपके दिमाग में सवार है। आपको देश के युवाओं के भविष्य की परवाह नहीं, अपने राजनीतिक भविष्य की चिंता है। इन्होंने एक दिन सदन चलने भी दिया, लेकिन किस काम के लिए? अविश्वास प्रस्ताव के लिए और अपने कट्टर भ्रष्ट साथियों की शर्त पर मजबूर होकर जुटे।

### आपके दरबारी भी बहुत दुखी हैं

प्रधानमंत्री ने कहा, अविश्वास प्रस्ताव पर भी आपने कैसे चर्चा की? आपके दरबारी भी सोशल मीडिया पर बहुत दुखी हैं। मजा देखिए। फील्डिंग विपक्ष ने लगायी, लेकिन चौके-छक्के यहीं (सत्तापक्ष) से लगे। इधर तो सेंचुरी हो रही है, लेकिन विपक्ष नो बॉल पर ही चर्चा करता जा रहा है। मैं विपक्ष के साथियों से यही कहूंगा कि तैयारी करके क्यों नहीं आते जी? थोड़ी मेहनत कीजिए। मैंने पांच साल दिये थे आपको तैयारी के लिए। 2018 में मैंने कहा था कि तैयारी करके आना। क्या हाल है आपका? क्या दारिद्र्य है? विपक्ष के हमारे साथियों को दिखास की, छपास की इच्छा रहती है, स्वाभाविक है। आप ये मत भूलिए कि देश भी आपको देख रहा है। आपके एक-एक शब्द को देश गौर से सुन रहा है, लेकिन हर बार देश को आपने निराशा के सिवा कुछ नहीं दिया। विपक्ष के रवैये पर कहूंगा कि जिनके खुद के बही-खाते बिगड़े हुए हैं, वो भी हमसे हमारा हिसाब पूछते हैं।

### गुड़ गोबर करने में ये माहिर हैं

उन्होंने कहा कि सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता का बोलने की सूची में नाम ही नहीं था। 1999 में वाजपेयी जी की सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आया। तब शरद पवार साहब ने नेतृत्व किया। 2003 में अटलजी की सरकार थी। सोनिया जी ने लीड ली, प्रस्ताव रखा। 2018 में खड़गे जी थे, उन्होंने इसे आगे बढ़ाया, लेकिन इस बार अधीर बाबू का क्या हाल हो गया? उनकी पार्टी ने उन्हें बोलने का मौका नहीं दिया, ये तो कल अमित भाई ने बहुत जिम्मेदारी के साथ कहा कि अच्छा नहीं लग रहा है। आपकी उदारता थी कि समय समाप्त हो गया था, तब भी आपने उन्हें मौका दिया। लेकिन गुड़ का गोबर कैसे करना, इसमें ये माहिर हैं।

### अधीर बाबू के प्रति पूरी संवेदना

मोदी ने कहा कि पता नहीं, हो सकता है इंडिया से कोई फोन आया हो। कांग्रेस बार-बार उनका अपमान करती है। कभी चुनावों के नाम से उन्हें अस्थायी रूप से उन्हें हटा देते हैं। हम अधीर बाबू के प्रति अपनी पूरी संवेदना व्यक्त करते हैं। जरा जोर से हंस लीजिए।

### इस कालखंड का प्रभाव हजार साल तक रहेगा

पीएम ने कहा कि देश के इतिहास में एक समय ऐसा होता है कि वह पुरानी बंदिशों को तोड़कर नयी ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने के लिए कदम उठाता है। 21वीं सदी के साथ यह कालखंड हमारे लिए अवसर लेकर आया है। हम ऐसे कालखंड में हैं, जो बहुत अहम है। मैं विश्वास से कहना चाहता हूं कि यह कालखंड जो करेगा, इसका प्रभाव इस देश में आने वाले हजार साल तक रहने वाला है। 140 करोड़ देशवासियों का पुरुषार्थ और सामर्थ्य आने वाले एक हजार साल की मजबूत नींव रखने वाला है। इसलिए इस कालखंड में हम सभी का बहुत बड़ा दायित्व और जिम्मेदारी है। ऐसे समय हम सभी का एक ही फोकस होना चाहिए, देश का विकास, सपनों को पूरा करने का संकल्प। यही समय की मांग है। 140 करोड़ देशवासियों की सामूहिक ताकत उस ऊंचाई पर पहुंचा सकती है। आज विश्व ने उनका लोहा माना हुआ है। हम उन पर भरोसा करें। हमारी युवा पीढ़ी भी संकल्प को सिद्धि तक ले जाने का सामर्थ्य रखती है।



### हर भारतीय की भावना को गहरी ठेस पहुंचायी है

पीएम ने कहा कि यहां सदन में मां भारती के बारे में जो कहा गया है, उसने हर भारतीय की भावना को गहरी ठेस पहुंचायी है। मुझे नहीं पता कि क्या हो गया है। सत्ता के बिना ऐसा हाल किसी का हो जाता है। सत्ता सुख के बिना जी नहीं सकते? क्या भाषा बोल रहे हैं? पता नहीं क्यों कुछ लोगों को भारत की मां की मृत्यु की कामना करते देखा गया, इससे बड़ा दुख क्या होगा। ये लोग कभी लोकतंत्र की, कभी संविधान की हत्या की बात करते हैं। दरअसल, जो इनके मन में है, वही उनके कृतित्व में सामने आ जाता है। मैं हैरान हूं। ये बोलने वाले कौन लोग हैं, देश भूल गया है। क्या विभाजन की पीड़ा हम भूल गये? उन चीखों को लेकर आज भी वह हमारे सामने आता है। वे लोग, जिन्होंने मां भारती के तीन-तीन टुकड़े कर दिये, वह भी तब, जब मां भारत की बेड़ियों को काटना था, तब इन्होंने मां भारती की भुजाएं काट दीं। ये लोग किस मुंह से ऐसा बोलने की हिम्मत करते हैं? ये वो लोग हैं, जिस 'वंदे मातरम' गीत ने देश के लिए मर-मिटने की प्रेरणा दी थी। हिंदुस्तान के हर कोने में 'वंदे मातरम' चेतना का स्वर बन गया था, इन्होंने 'वंदे मातरम' गीत के भी टुकड़े कर दिये। ये वो लोग हैं, जो 'भारत तेरे टुकड़े होंगे' गैंग को बढ़ावा देते हैं। ये उन लोगों की मदद कर रहे हैं, जो कहते हैं कि सिलीगुड़ी के पास जो कॉरिडोर हैं, उसे काट दें, तो पूर्वोत्तर अलग हो जायेगा। जो बाहर गये, उन्हें पूछें कि कच्छतीवु कहां हैं, उनसे पूछिए। ये द्रमुक वाले मुझे चिट्ठी लिखते हैं कि मोदी जी उसे वापस ले आइए। तमिलनाडु से आगे और श्रीलंका से पहले यह टापू किसने किसी देश को दे दिया था? तब यह टापू मां भारती का अंग नहीं था? कौन था उस समय? इंदिरा गांधी के नेतृत्व में यह हुआ था। कांग्रेस का इतिहास मां भारती को छिन्न-भिन्न करने का रहा है। कांग्रेस का प्रेम क्या रहा है? एक सच्चाई बड़े दुख के साथ इस सदन के सामने रखना चाहता हूं। यह पीड़ा वे नहीं समझ पायेंगे, मैं चप्पे-चप्पे पर घुमा हुआ व्यक्ति हूं। मेरा इमोशनल अटैचमेंट है वहां के प्रति।

### साख पर दाग लगाने की कोशिश

पीएम ने कहा कि 2014 में तीस साल के बाद देश की जनता ने पूर्ण बहुमत की सरकार बनायी और 2019 में भी हुआ। उनके संकल्पों को साकार करने का सामर्थ्य कहां है, यह देश जान गया है। इसलिए 2019 में एक बार फिर देश की सेवा करने का मौका दिया। इस सदन में बैठे प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह भारत के युवाओं के सपनों को, महत्वाकांक्षाओं को अवसर दे। सरकार में रहते हुए हमने भी इस दायित्व को निभाने का भरपूर प्रयास किया। हमने भारत के युवाओं को घोटालों से रहित सरकार दी। हमने दुनिया में भारत की बिगड़ी हुई साख को संभाला है और उसे एक बार फिर नयी ऊंचाई पर ले गये हैं। अभी भी कुछ लोग साख पर दाग लगाने की कोशिश में हैं, लेकिन दुनिया जान चुकी है।

### जनता के आत्म विश्वास को तोड़ने की कोशिश हुई

हमारे विपक्ष के साथियों ने क्या किया? जब चारों तरफ संभावनाएं ही संभावनाएं हैं, तब इन्होंने अविश्वास प्रस्ताव की आड़ में जनता के आत्मविश्वास को तोड़ने की कोशिश की है। आज भारत के युवा रिकॉर्ड संख्या में स्टार्टअप खोलकर चकित कर रहे हैं। रिकॉर्ड विदेशी निवेश आ रहा है। निर्यात नयी बुलंदी को छू चुका है। आज ये भारत की कोई अच्छी बात सुन नहीं सकते हैं। आज गरीब के दिल में अपने सपने पूरा करने का भरोसा पैदा हुआ है। आज देश में गरीबी तेजी से घट रही है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले पांच साल में साढ़े तेरह करोड़ लोग गरीबी से बाहर आये हैं।

### तीन लाख लोगों की जिंदगी बची

मोदी ने कहा कि डब्ल्यूएचओ कहता है कि स्वच्छ भारत अभियान के जरिये तीन लाख लोगों की जिंदगी बची है। ये लोग हैं कौन? वही जो झुग्गी-झोपड़ी में जीने को मजबूर हैं। ये गरीब परिवार के लोग हैं। गांव में जीने वाले लोग हैं। वंचित तबके के लोग हैं, जिनकी जान बची है। यूनिसेफ ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान के कारण हर साल गरीबों के 50 हजार रुपये बच रहे हैं, लेकिन भारत की इन उपलब्धियों से कांग्रेस समेत विपक्ष के कुछ लोगों को अविश्वास है। जो सच्चाई दूर से दिख रही है, वह इन्हें यहां रहते नहीं दिख रही है।

### विपक्ष की शुतुरमुर्ग अप्रोच है

प्रधानमंत्री ने कहा कि अविश्वास और घमंड इनकी रगों में रच-बस गया है। वे जनता के विश्वास को देख नहीं पाते। ये जो शुतुरमुर्ग अप्रोच है, इसके लिए देश क्या कर सकता है? पुरानी सोच वाले लोग कहते हैं कि जब कुछ शुभ-मंगल होता है, बच्चे भी अपने अच्छे कपड़े पहनते हैं, तो काला टीका लगा देते हैं। आज चारों तरफ देश का जो मंगल हो रहा है, देश का जय-जयकार हो रहा है तो मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि काले कपड़े पहन कर आपने भी इसे बचाने का काम किया है। विपक्ष के साथी डिक्शनरी खोल-खोलकर अपशब्द ले आये। भरपूर लाये, पता नहीं कहां-कहां से लाये, लेकिन अच्छा है कि मन का गुबार निकल गया होगा। वैसे तो ये दिन-रात मुझे कोसते रहते हैं। उनका प्रिय नारा है- मोदी तेरी कब्र खुदेगी। ये इनका पसंदीदा नारा है, लेकिन मेरे लिए इनकी ये गालियां, यह अलोकतांत्रिक भाषा, मैं इसका भी टॉनिक बना देता हूं।

### ये जिसका बुरा चाहेंगे उसका भला होता है

प्रधानमंत्री ने कहा कि ये लोग ऐसा क्यों करते हैं और क्यों होता है, आज मैं सदन में इसका सीक्रेट बताना चाहता हूं। मेरा पक्का विश्वास हो गया है कि विपक्ष के लोगों को एक सीक्रेट वरदान मिला हुआ है। ये लोग जिसका बुरा चाहेंगे, उसका भला होगा। एक उदाहरण तो मौजूद है। 10 साल हो गये, क्या कुछ नहीं कहा, लेकिन भला ही होता गया। मैं तीन उदाहरण बताता हूं। इन लोगों ने कहा था कि बैंकिंग सेक्टर तबाह हो जायेगा, देश बर्बाद हो जायेगा। न जाने क्या-क्या कहा। बड़े-बड़े विद्वानों को विदेशों से ले आते थे। अफवाह का काम पुरजोर तरीके से किया। हमारी सार्वजनिक बैंकों का नेट प्रॉफिट दोगुने से ज्यादा हो गया। एनपीए को पार कर हम नयी ताकत के साथ निकल चुके हैं। दूसरा उदाहरण- हमारे डिफेंस के हेलीकॉप्टर बनाने वाली कंपनी एचएएल को लेकर कितनी भली-बुरी बातें इन्होंने कीं। क्या कुछ नहीं कहा गया। दुनिया में इसका नुकसान करने वाली भाषा का प्रयोग किया गया। एचएएल तबाह हो गया है, खत्म हो गया है। जैसे आजकल खेतों में जाकर वीडियो शूट होता है, मालूम है ना, वैसा ही उस समय एचएएल फैक्ट्री के दरवाजे पर मजदूरों की सभा कर-के वीडियो शूट करवाया गया था। वहां के कामगारों को भड़काया गया कि तुम्हारे बच्चे भूखे मरेंगे। देश की महत्वपूर्ण संस्था के लिए इतना बुरा कहा कि सीक्रेट काम कर गया। आज एचएएल सफलता की नयी बुलंदियों को छू रहा है। अब तक का सबसे ज्यादा राजस्व कमाया है। इनके जी भरकर लगाये गये गंभीर आरोप के बावजूद ऐसा हुआ है। एलआइसी के लिए कहा गया कि ये डूब रहा है, गरीब का पैसा कहां जायेगा। दरबारियों ने जितने कागज पकड़ाये, सारे बोल देते थे। आज एलआइसी लगातार मजबूत हो रही है। शेयर बाजार में काम करने वालों के लिए मंत्र है कि जो सरकारी कंपनियों को ये लोग गाली दें, उस पर दांव लगा दीजिए, अच्छा ही हो जायेगा। ये जैसे देश को, लोकतंत्र को कोसते हैं, वैसे ही देश-लोकतंत्र मजबूत होने वाला है।

### अब ये भी मुझे ही सिखाना पड़ रहा है...

पीएम ने कहा कि कुछ ही वर्षों में भारत दुनिया की तीसरी शीर्ष अर्थव्यवस्था बनने वाला है। जब हम आने वाले पांच साल में इसका दावा करते हैं तो जिम्मेदार विपक्ष क्या करता? सवाल पूछता कि कैसे करेंगे, आपका रोडमैप बताइए। लेकिन अब ये भी मुझे ही सिखाना पड़ रहा है। या वे सुझाव भी दे सकते थे। या ये चुनाव में जाकर बताते कि हम तो एक नंबर पर ले आयेंगे, लेकिन ये विपक्ष की त्रासदी है। कांग्रेस के लोग क्या कह रहे हैं? इतने साल सत्ता में रहने के बाद भी क्या अनुभवहीन बातें सुनने को मिलती हैं। ये कहते हैं कि कुछ करने की जरूरत नहीं है, ये तो ऐसे ही हो जायेगा। बिना कुछ किये तीसरे नंबर पर पहुंच जायेंगे। कांग्रेस की मानें तो सब अगर अपने आप हो जाना वाला है तो इसका मतलब है कि कांग्रेस के पास न नीयत, न नीति, न विजन, न वैश्विक अर्थव्यवस्था की समझ है।

### विपक्ष का पाकिस्तान प्रेम

प्रधानमंत्री ने कहा कि 1990 में देश कंगाल होने की स्थिति में था। कांग्रेस के पिछले कार्यकाल में अर्थव्यवस्था 10, 11, 12 नंबर पर झूलती रही। लेकिन अब हमने शीर्ष पांच में अपनी जगह बनायी। कांग्रेस के लोगों को लगता होगा कि ये जादू की छड़ी से हुआ है। मैं बताना चाहता हूं कि कठोर परिश्रम, निश्चित योजना और सुधारों, परिश्रम की पराकाष्ठा से हुआ है। 2028 में जब आप अविश्वास प्रस्ताव लायेंगे, तब देश तीसरे नंबर पर होगा, यह हमारा विश्वास है। हमारे विपक्ष के मित्रों की फितरत में ही अविश्वास भरा पड़ा है। हमने लाल किले से स्वच्छ भारत अभियान का आह्वान किया, लेकिन उन्होंने कहा कि कैसे हो सकता है, गांधी जी भी कहकर गये थे। हमने मां-बेटी को खुले में शौच पर जाने की मजबूरी से मुक्त करने के लिए शौचालयों पर जोर दिया, तब इन्होंने कहा कि क्या लाल किले से ऐसे विषय बोले जाते हैं? जनधन खाते के समय भी ऐसा ही कहा। हमने योग, आयुर्वेद की बात की, तो उसका भी मखौल उड़ाया। कांग्रेस पार्टी और उनके दोस्तों का इतिहास रहा है कि उन्हें भारत पर और भारत की सामर्थ्य पर कभी भरोसा नहीं रहा। ये विश्वास किस पर करते थे? इनका पाकिस्तान से ऐसा प्रेम था कि उनकी बातों पर भरोसा कर लेते थे। पाकिस्तान कहता था कि हमले और बातचीत साथ चलेगी। ये मान लेते थे।

### आप लोग खंडहर पर प्लास्टर लगा रहे थे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं विपक्ष के साथियों के प्रति संवेदना व्यक्त करना चाहता हूं। कुछ ही दिन पहले बंगलुरू में आपने मिल-जुलकर करीब डेढ़-दो दशक पुराने यूपीए का क्रिया कर्म किया है, उसका अंतिम संस्कार किया है। लोकतांत्रिक व्यवहार के मुताबिक मुझे आप लोगों को सहानुभूति व्यक्त करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि मैंने संवेदना व्यक्त नहीं की, क्योंकि आप लोग जश्न मना रहे थे। जश्न क्यों मना रहे थे, क्योंकि आप लोग खंडहर पर प्लास्टर लगा रहे थे। दशकों पुरानी खटारा गाड़ी को इवी दिखाने के लिए कितना बड़ा मजमा लगाया था। आप (विपक्ष) जिसके पीछे चल रहे हैं, उनको इस देश की जुबान, इस देश के संस्कार की समझ नहीं है। पीढ़ी दर पीढ़ी ये लोग लाल और हरी मिर्च में अंतर नहीं समझ पाये।

### कांग्रेस के प्रति अविश्वास का भाव बहुत गहरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इनको (विपक्ष) भारत की सामर्थ्य पर विश्वास नहीं है। इनको भारत के लोगों पर विश्वास नहीं है। लेकिन इस सदन को बताना चाहता हूं कि इस देश का भी, भारत के लोगों का कांग्रेस के प्रति अविश्वास का भाव बहुत गहरा है। कांग्रेस अपने घमंड में इतनी चूर हो गयी है कि उसे जमीन नहीं दिखाई दे रही है।

### मैग्नेटिक पावर इनके पास है

पीएम ने कहा कि कश्मीर दिन-रात जल रहा था, लेकिन कांग्रेस को कश्मीर के आम नागरिकों पर नहीं, हुर्रियत पर विश्वास था। भारत ने आतंकवाद पर सर्जिकल स्ट्राइक की, एयर स्ट्राइक की। इन्हें भारत की सेना पर भरोसा नहीं था, दुश्मन के दावों पर भरोसा था। दुनिया में कोई भारत पर अपशब्द कहे, तुरंत उसे पकड़ लेते हैं। ऐसी मैग्नेटिक पावर इनके पास है। भारत में प्रेस कांफ्रेंस कर देते हैं। मिट्टी के ढेले जितनी भी जिसकी कीमत न हो, ऐसी बातों को तवज्जो देना कांग्रेस की फितरत रही है।

### कई राज्य कह रहे- कांग्रेस, नो कांफिडेंस

उन्होंने कहा, कांग्रेस अपने घमंड में इतनी चूर हो गयी है कि उसे जमीन दिखाई तक नहीं देती। 61 वर्षों से तमिलनाडु के लोग कह रहे हैं कि कांग्रेस नो कांफिडेंस। पश्चिम बंगाल में उन्हें आखिरी बार 1972 में जीत मिली थी, वे 51 साल से कह रहे हैं कांग्रेस नो कांफिडेंस। उत्तर प्रदेश, गुजरात के लोग 38 साल से कांग्रेस को कह रहे हैं- नो कांफिडेंस। त्रिपुरा के लोग 35 वर्षों से यही कह रहे हैं। ओड़िशा में कांग्रेस को आखिरी बार 1995 में जीत मिली थी, यानी 28 वर्षों से कांग्रेस को एक ही जवाब मिल रहा है- कांग्रेस नो कांफिडेंस। नगालैंड के लोग भी 25 वर्षों से यही कह रहे हैं। जनता ने कांग्रेस के प्रति बार-बार नो कांफिडेंस घोषित किया है।

### इनके दिमाग का हाल देश जानता है

पीएम ने कहा, कुछ बातें समय पर कहने का अवसर मिलता है। इत्तेफाक देखिए। कल यहां दिल से बात करने की बात कही गयी थी। उनके दिमाग के हाल को तो देश लंबे समय से जानता है, लेकिन अब उनके दिल का भी पता चल गया। इनका मोदी प्रेम तो इतना जबरदस्त है कि चौबीसों घंटे सपने में मोदी आता है। अगर पानी पी लें तो कहते हैं कि मोदी को पानी पिला दिया। अगर मैं कड़ी धूप में भी चल पड़ता हूं और पसीना पोंछ देता हूं, तो कहते हैं कि मोदी को पसीना ला दिया। इनके जीने का सहारा देखिए। एक गीत की पंक्ति है- डूबने वाले को तिनके का सहारा ही बहुत, दिल बहल जाए फकत इतना कि सारा ही बहुत, इतने पर भी आसमां वाला गिरा दे बिजलियां, कोई बतला दे जरा ये डूबता फिर क्या करे। मैं कांग्रेस की मुसीबत समझता हूं। इनकी लूट की दुकान है, झूठ का बाजार है। इसमें नफरत है, घोटाले हैं, तुष्टीकरण है, मन काले हैं, परिवारवाद के हवाले देश दशकों से हवाले है। तुम्हारी दुकान ने इमरजेंसी बेची है, बंटवारा बेचा है, सिखों पर जुल्म बेचे हैं। शर्म करो नफरत की दुकान वालों, तुमने सेना का स्वाभिमान बेचा है।

### ये सुनाना जानते हैं, सुनना नहीं चाहते

पीएम मोदी के संबोधन के बीच विपक्षी दलों ने वॉकआउट कर दिया। इस पर पीएम ने कहा कि ये लोग सुनाने में तो विश्वास रखते हैं, लेकिन सुनने की क्षमता नहीं रखते।

### नयी दुकान पर कुछ दिनों में ताला लग जायेगा

पीएम ने कहा, जिन लोगों ने गमले में कभी मूली नहीं उगायी, वो खेतों को देखकर हैरान होते ही हैं। जिन्होंने हमेशा गाड़ी का शीशा डाउन करके दूसरों की गरीबी देखी है, उन्हें सब हैरान करने वाला लग रहा है। इन लोगों को पता है कि इनकी नयी दुकान पर कुछ दिनों में ताला लग जायेगा। आज इस चर्चा के बीच देश के लोगों को मैं बड़ी गंभीरता के साथ इस घमंडिया गठबंधन की आर्थिक नीति से भी सावधान करना चाहता हूं। ये घमंडिया गठबंधन ऐसी अर्थव्यवस्था चाहता है कि देश कमजोर हो। जिन आर्थिक नीतियों पर ये आगे बढ़ना चाहते हैं, जिस तरह खजाना लुटाकर वोट पाने का खेल खेल रहे हैं, आप आसपास के देशों में देख लीजिए। हमारे देश के राज्यों में भी इसका असर हो रहा है। चुनाव जीतने के लिए घोषणाएं की जा रही हैं। देशवासियों को सत्य समझाना चाहता हूं कि ये लोग भारत के दीवालिया होने की गारंटी है। ये अर्थव्यवस्था को डुबाने की गारंटी है। यह डबल डिजिटल महंगाई की गारंटी है। ये पॉलिसी पैरालिसिस की गारंटी है। तुष्टीकरण की गारंटी है। मोदी देश को गारंटी देता है कि तीसरे कार्यकाल में देश को तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनायेंगे। लोकतंत्र में जिनका भरोसा नहीं होता, वो सुनाने को तैयार होते हैं, लेकिन सुनने का धैर्य नहीं होता। अपशब्द बोलो, भाग जाओ। कूड़ा-कचरा फेंक भाग जाओ।

www.epaper.azadsipahi.in

11 अगस्त, 2023
सावन, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 292

एयर इंडिया का नया लोगो और ड्रेस कोड जारी







## न्यूज रील्स

### नूंह में दंगाइयों और पुलिस में मुठभेड़

नूंह। हरियाणा में नूंह जिले के तावडू में पुलिस और दंगाइयों के बीच गुरुवार को मुठभेड़ हो गयी। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक को गोली लगी है। पुलिस अरावली की पहाड़ियों में 31 जुलाई को हुई नूंह हिंसा के आरोपियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन चला रही है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से अवैध कट्टा, कारतूस और बाइक बरामद की गयी है।

### राज्यसभा में चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से जुड़ा बिल पेश

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने गुरुवार को राज्यसभा में मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को रेगुलेट करने से जुड़ा बिल पेश किया। बिल के मुताबिक आयुक्तों की नियुक्ति तीन सदस्यों का पैनल करेगा, जिसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और कैबिनेट के मंत्री शामिल होंगे।

### महाराष्ट्र में विधायक के बेटे ने बिजनेसमैन को किडनैप किया

मुंबई। मुंबई पुलिस ने गुरुवार को शिवसेना (शिंदे गुट) विधायक प्रकाश सुर्वे के बेटे राज सुर्वे के खिलाफ किडनैपिंग का केस दर्ज किया है। राज सुर्वे पर आरोप है कि उसने एक म्यूजिक कंपनी के सीइओ राजकुमार सिंह का फिरौती के लिए अपहरण किया। उधर, शिंदे गुट के दूसरे विधायक किशोर पाटिल के कार्यकर्ताओं पर पत्रकार की पिटाई करने का आरोप लगा है।

### उत्तराखंड में भारी बारिश, नौ की मौत 200 को रेस्क्यू किया

नयी दिल्ली। उत्तराखंड में पिछले 24 घंटे में भारी बारिश की वजह से नो लोगों की जान चली गयी और 12 लोग घायल हो गये। ऋषिकेश-हल्द्वानी में 31 सेंटीमीटर बारिश हुई। ऋषिकेश के धलवाला और खारा इलाके में भी तेज बारिश हुई। एसडीआरएफ ने यहां से देर रात 50 लोगों को रेस्क्यू किया। हल्द्वानी में पानी में फंसे 150 लोगों को बचाया गया। नैनीताल, चंपावत, उधम सिंह नगर और पौड़ी में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है।

### मणिपुर के 40 विधायकों ने मोदी को चिट्ठी लिखी

इंफाल। मणिपुर के 40 विधायकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी है, जिसमें उन्होंने अपनी छह मांगों को रखा है। इनमें मणिपुर में एनआरसी लागू करने, उग्रवादियों से हथियार वापस लेने और शांतिवार्ता की पहल शामिल है। उधर, स्थानीय पुलिस और असम राइफल्स आमने-सामने हो गयी हैं। दोनों के बीच टकराव बढ़ गया है। दोनों के बीच बहस के कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आ चुके हैं।

मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव गिरा : विपक्ष ने किया वाकआउट

# मणिपुर में उगेगा शांति का सूरज : प्रधानमंत्री

- पूर्वोत्तर हमारे जिगर का टुकड़ा है, देश भरोसा रखे
- सवा दो घंटे के भाषण में विपक्ष को आड़े हाथ लिया
- हर मुद्दे पर अपनी सरकार का रुख साफ किया पीएम ने



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** चार साल पुरानी नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ विपक्षी दलों द्वारा लोकसभा में लाया गया अविश्वास प्रस्ताव गुरुवार को गिर गया। प्रस्ताव पर मत विभाजन की नौबत नहीं आयी, क्योंकि विपक्ष ने वाकआउट कर दिया। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अविश्वास प्रस्ताव पर तीन दिन तक चली चर्चा का जवाब दिया। कुल दो घंटे 12 मिनट के भाषण में उन्होंने देशवासियों को भरोसा दिलाया कि मणिपुर में शांति का सूरज जरूर उगेगा। उन्होंने कहा कि मणिपुर में अदालत का एक फैसला आया, हम जानते हैं। उसके पक्ष-विपक्ष में जो स्थितियां बनी, हिंसा का दौर शुरू हुआ, परिवारों ने अपने स्वजन खोये, महिलाओं के साथ गंभीर अपराध हुए, ये अक्षम्य हैं, दोषियों को सजा दिलवाने के लिए केंद्र-राज्य मिलकर प्रयास कर रहे हैं। मैं सभी देशवासियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि जो कोशिशें चल रही हैं, निकट भविष्य में शांति का सूरज जरूर उगेगा। मणिपुर फिर नये आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेगा। मैं मणिपुर के लोगों से भी कहना चाहता हूं, बेटियों-माताओं-बहनों से कहना चाहता हूं कि देश और सदन साथ है। हम मिलकर इस चुनौती का समाधान निकालेंगे, फिर शांति की स्थापना होगी। मणिपुर के लोगों को भरोसा दिलाता हूं कि राज्य फिर विकास पर आगे बढ़ेगा, उसमें कमी नहीं रहेगी। पूर्वोत्तर हमारे जिगर का टुकड़ा है। पीएम मोदी ने कहा कि केंद्रीय मंत्री वहां चार सौ बार गये, वह खुद 50 बार गये। यह साधना है, वहां के प्रति समर्पण है। कांग्रेस का हर काम राजनीति, चुनाव के इर्द-गिर्द रहता है। पूर्वोत्तर में उनकी कोशिश रही कि जहां पर इक्का-दुक्का सीटें होती थीं, वे इलाके उनके लिए स्वीकार्य नहीं थे। वहां के लिए सौतेला व्यवहार कांग्रेस के डीएनए में है। मैं पिछले नौ साल के प्रयासों से कहता हूं कि हमारे लिए पूर्वोत्तर हमारे जिगर का टुकड़ा है। आज मणिपुर की समस्याओं को ऐसे पेश किया जा रहा है, जैसे बीते कुछ समय में ही वहां यह हालात पैदा हुए।

**राजनीति के लिए मणिपुर का दुरुपयोग ना करें :** पीएम ने कहा कि 2047 में हिंदुस्तान विकसित भारत होगा। यह देशवासियों के परिश्रम, विश्वास, संकल्प, सामूहिक शक्ति, अखंड एक राष्ट्र विचार से होगा। यह मेरा विश्वास है। हो सकता है, जो बोला जाता है, वो रिकॉर्ड के लिए तो शब्द चले आयेगे। इतिहास हमारे कर्मों को देखने वाला है। मैंने संयम रखकर, उनके हर अपशब्द को हंसते हुए सुना। 140 करोड़ देशवासियों के सपनों को अपनी आंखों के सामने रखकर चल रहा हूं। सदन के साथियों से निवेदन है, देश में मणिपुर से भी गंभीर समस्याएं आयीं, लेकिन मिलकर रास्ते निकाले। हमारी तरफ से तो समृद्ध चर्चा हुई। यह प्रस्ताव देश से विश्वासघात का प्रस्ताव है।

**मणिपुर चर्चा हो सकती थी, लेकिन इन्होंने झूठ फैला रखा है :** पीएम ने कहा, अगर इन्होंने मणिपुर पर चर्चा की गृह मंत्री की बात पर सहमति दिखाई होती, तो विस्तृत चर्चा हो सकती थी। विस्तार से जब इन्होंने बात रखी तो पता चला कि ये लोग कैसा झूठ फैलाते हैं, कितना पाप फैला रखा है। मणिपुर की स्थिति पर देश के गृह मंत्री ने बड़े धैर्य से और राजनीति के बिना सारे विषय को विस्तार से समझाया।

**नयी दुकान पर कुछ दिनों में ताला लग जायेगा :** पीएम ने कहा, जिन लोगों ने गमले में कभी मूली नहीं उगायी, वो खेतों को देखकर हैरान होने ही हैं। जिन्होंने हमेशा गाड़ी का शीशा डाउन कर-के दूसरों की गरीबी देखी है, उन्हें सब हैरान करने वाला लग रहा है। इन लोगों को पता है कि इनकी नयी दुकान पर कुछ दिनों में ताला लग जायेगा। इस चर्चा के बीच देश के लोगों को मैं बड़ी गंभीरता के साथ इस घमंडिया गठबंधन की आर्थिक नीति से भी सावधान करना चाहता हूं। ये घमंडिया गठबंधन ऐसी अर्थव्यवस्था चाहता है कि देश कमजोर हो। हमारे देश के राज्यों में भी इसका असर हो रहा है। चुनाव जीतने के लिए घोषणाएं की जा रही हैं। देशवासियों को सत्य समझाना चाहता हूं कि ये लोग भारत के दीवालिया होने की गारंटी है। ये अर्थव्यवस्था को डुबाने की गारंटी है। यह डबल डिजिटल महंगाई की गारंटी है। ये पॉलिसी पैरालिसिस की गारंटी है। तुष्टीकरण की गारंटी है। मोदी देश को गारंटी देता है कि तीसरे कार्यकाल में देश को तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनायेंगे।

**अधीर रंजन चौधरी निलंबित :** लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी के बयान को लेकर संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आपत्ति जतायी। उन्होंने मामले को विशेषाधिकार समिति के पास भेजने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कांग्रेस सांसद को सदन से निलंबित करने का प्रस्ताव भी रखा। उन्होंने कहा कि समिति की रिपोर्ट आने तक अधीर रंजन को निलंबित किया जाये। लोकसभा अध्यक्ष ने जोशी के प्रस्ताव पर मतदान कराया, जिसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

झारखंड आदिवासी महोत्सव के समापन समारोह में शामिल हुए सीएम

# मुझे इस बात का गर्व है कि मैं आदिवासी मुख्यमंत्री हूं : हेमंत

- आदिवासी महोत्सव के माध्यम से आदिवासी पहचान को बढ़ा रहे हैं आगे



समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ धर्मपत्नी कल्पना सोरेन।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि मुझे इस बात का गर्व है कि मैं एक आदिवासी मुख्यमंत्री हूं। आज देश की सवा सौ करोड़ की आबादी में तेरह करोड़ आदिवासी हैं। इन आदिवासियों की आईडेंटिटी बरकरार रखने के लिए मैं प्रतिबद्ध हूं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन झारखंड आदिवासी महोत्सव- 2023 के समापन समारोह के अवसर पर आउटलुक पत्रिका के साथ अदिवासियतः एक जीवन शैली को लेकर आयोजित परिचर्चा में अपने विचार रख रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार सभी आदिवासी समुदायों को कनेक्ट करने का प्रयास कर रही है। इन्हें विकास से जोड़ा जा रहा है। सरकार में ऐसे कई निर्णय लिए हैं, जिनसे आदिवासियों को एक अलग आईडेंटिटी मिल रही है।

### ट्राइबल आइडेंटिटी की तलाश जारी है

ट्राइबल आइडेंटिटी क्या है ? इस सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्राइबल आईडेंटिटी की तलाश अभी भी जारी है । झारखंड राज्य की उत्पत्ति भी ट्राइबल आइडेंटिटी के साथ हुई है। लेकिन, आज भी यह अपनी वजूद की लड़ाई लड़ रहे हैं। एकीकृत बिहार और अलग झारखंड राज्य बनने के बाद कभी भी आदिवासी महोत्सव का आयोजन नहीं हुआ। लेकिन, हमारी सरकार पिछले दो वर्षों से आदिवासी महोत्सव का आयोजन कर रही है। इसका मकसद आदिवासी पहचान को आगे बढ़ाना है। देश की सवा सौ की आबादी में 13 करोड़ आदिवासियों की पहचान मिटाने की साजिश चल रही है , लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे। आदिवासियों की आदिकाल से अलग पहचान रही है और आगे भी बनी रहेगी।

### सरना अलग धर्म कोड के लिए संघर्ष जारी रहेगा

अलग सरना कोड से आदिवासियों को क्या हासिल होगा? इस प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में जो आदिवासी समुदाय रहते हैं, उन्हें कुछ तो अलग पहचान मिलनी चाहिए। इतिहास में जो आदिवासियों की अलग जगह है, उसे क्यों समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है? इस पर हमें गंभीर मंथन करने की जरूरत है। अगर आदिवासियों को अलग पहचान दिलाना है तो उनके लिए कुछ तो अलग व्यवस्था होनी चाहिए। इसी कड़ी में हमारी सरकार ने सरना अलग धर्मकोड का प्रस्ताव विधानसभा से पारित कर केंद्र सरकार को भेजा है। जिस तरह आदिवासी अपने वजूद के लिए लंबा संघर्ष करते रहे हैं,आगे भी आदिवासी सरना अलग धर्म कोड के लिए भी लंबा संघर्ष करने के लिए तैयार हैं, और इसमें झारखण्ड के आदिवासी सबसे अहम भूमिका निभा रहे हैं।

### समारोह में ये रहे मौजूद

इस महोत्सव के समापन समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी कल्पना सोरेन, मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री जोबा माझी, मंत्री बादल, मंत्री हफीजुल हसन, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह, प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल और मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे आदि मौजूद रहे।

# सीएम हेमंत सोरेन को जन्मदिन पर लगा बधाइयों का तांता

## पीएम मोदी से लेकर प्रदेश के नेताओं, कार्यकर्ताओं और अधिकारियों ने दी बधाई

आजाद सपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को 48 साल के हो गये। उनका जन्म 10 अगस्त 1975 को रामगढ़ के नेमरा में हुआ था। उन्हें जन्मदिन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर प्रदेश के नेताओं, पार्टी के कार्यकर्ताओं और अधिकारियों ने बधाई दी। मुख्यमंत्री ने अपने जन्मदिन पर पिता दिशोम गुरु शिबू सोरेन और मां रूपी सोरेन से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के अन्य परिजन भी मौजूद थे। उधर, मुख्यमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में झामुमो ने उनकी उपस्थिति में केक काटा। वहीं, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, डीजीपी अजय कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारियों ने आवास पर पहुंच कर उनको बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने सभी के प्रति सहृदय आभार जताते हुए धन्यवाद दिया।

# नक्सली प्रमोद मिश्रा गया से गिरफ्तार

## बिहार-झारखंड की पुलिस को थी लंबे समय से तलाश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नक्सली प्रमोद मिश्रा उर्फ लव कुश को पुलिस ने बिहार के गया से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने प्रमोद के साथी अनिल यादव को भी पकड़ा है। दोनों गया के टिकारी प्रखंड के पड़री के जरही टोला अपने रिश्तेदार के यहां आये थे। पुलिस को इसकी सूचना मिली, तो छापेमारी में दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रमोद मिश्रा और अनिल यादव से पूछताछ कर रही है। प्रमोद मिश्रा औरंगाबाद का रहने वाला है। वह भाकपा माओवादी पोलित ब्यूरो सदस्य भी है। 14 नवंबर 2021 को उसने डुमरिया के मोनबार जंगल से सटे इलाके में रहने वाले सरयू सिंह भोक्ता के घर हमला किया था। सरयू सिंह भोक्ता के दोनों बेटे सत्येंद्र और महेंद्र और उनकी पत्नी मनोरमा देवी और सुनीता की हत्या कर दी थी। इसके बाद चारों शवों को फंदे पर लटका दिया। फिर बम से घर भी उड़ा दिया। वारदात के बाद नक्सलियों ने घर के बाहर एक पर्चा भी चिपकाया था। इसमें बदला लेने के लिए इस परिवार के सदस्यों की हत्या की बात कही गयी थी। इस हत्या में कुख्यात नक्सली प्रमोद मिश्रा और उसके साथी आरोपी हैं।

**एक करोड़ के इनाम का प्रस्ताव :** प्रमोद मिश्रा देशभर के सुरक्षा एजेंसियों के लिए सिरदर्द बन गया था। वह माओवादी संगठन के लिए एक बड़ा नाम है। वर्षों तक वह जेल में रहा। जेल से छूटने के बाद अचानक गायब हो गया था। वह 2004 से पोलित ब्यूरो का सदस्य है। देश के विभिन्न राज्यों की जिम्मेदारी इसके कंधे पर थी। झारखंड सरकार ने एक करोड़ रुपये का इनाम रखने का प्रस्ताव सुरक्षा एजेंसियों को दिया था। नक्सली समूह माओवादी कम्युनिस्ट सेंटर ऑफ इंडिया में प्रमोद मिश्रा को पार्टी के अंदर सोहन दा, शुक्ला जी, कन्हैया, जगन भरत, नूर बाबा, बीवी जी, अग्नि, और बाण बिहार के नाम से जाना जाता है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 11 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in


## संसद के पटल पर गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर हिंसा पर दिया जवाब

# 1993 से 2023 तक की मणिपुर नस्लीय हिंसा की खोली परत

- यूपीए के शासनकाल में प्रधानमंत्री ने एक बार भी नहीं दिया था जवाब
- उनके कार्यकाल में एमओएस भी मौके पर नहीं जाते थे, होम मिनिस्टर का तो क्वेश्चन डज नॉट एराइज
- मोदी सरकार ने पहले दिन से ही इस पर नियंत्रण के उपाय शुरू कर दिये थे

**...मणिपुर में जो हिंसक घटनाएं हुईं, वे क्यों हुईं, वहां क्या स्थिति है और उससे निपटने के लिए केंद्र सरकार क्या कर रही है, उसके बारे में अमित शाह ने लोकसभा में विस्तार से बताया। कांग्रेस द्वारा नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान लोकतंत्र के मंदिर में केंद्रीय गृह मंत्री का यह भाषण इतिहास के पन्नों में दर्ज हो चुका है। इस भाषण के राजनीतिक संदर्भों और मायनों को छोड़ दिया जाये, तो मणिपुर हिंसा के कारणों की ऐसी पड़ताल देश के सामने आज तक कभी नहीं रखी गयी थी। बुधवार 9 अगस्त को जब अमित शाह सदन में अविश्वास प्रस्ताव पर बोल रहे थे, तब उनके पूरे भाषण के दौरान सदन में मुखर तरीके से विरोध नहीं हुआ। आम तौर पर विरोधी पक्ष ऐसे अवसरों पर अधिक मुखर होते हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर हिंसा के बारे में हर वह बारीक जानकारी देश-दुनिया को दी, जिससे आज तक देश के लोग अनभिज्ञ थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस भाषण को यदि आंतरिक सुरक्षा के प्रहरियों के लिए भविष्य का दस्तावेज कहा जाये, तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दो घंटे लंबे भाषण में मणिपुर के बारे में कही गयी उनकी बातों को लिपिबद्ध करना इसलिए जरूरी है, क्योंकि देश जाने कि दरअसल मणिपुर का सच क्या है। वहां क्यों बार-बार नस्लीय हिंसा होती है। आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह ने।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह



बतौर अमित शाहः मैं विपक्ष की बातों से सहमत हूं कि वहां हिंसा का तांडव हुआ है। इस हिंसा के तांडव से कोई सहमत नहीं हो सकता, हम भी सहमत नहीं हैं। इस तांडव से हमें बहुत दुख है। बहुत ही शर्मनाक घटना मणिपुर में हुई है। मणिपुर की घटना जितनी शर्मनाक है, उस पर राजनीति करना उससे भी ज्यादा खतरनाक है। अमित शाह मणिपुर की वायरल वीडियो के बारे में जिक्र कर रहे थे। कहा-एक भ्रांति देश की जनता के समक्ष फैलायी गयी है। जब सदन आहूत भी नहीं हुआ था, मैंने पत्र लिख कर लोकसभा अध्यक्ष से मांग की थी कि मैं मणिपुर पर चर्चा के लिए तैयार हूं, इसे समय सीमा में मत बांधियेगा। मैं पहले ही दिन से चर्चा के लिए तैयार था, मगर विपक्ष खुद चर्चा नहीं चाहता था। वह महज विरोध करता रहा।

### मणिपुर हिंसा की पृष्ठभूमि

कहाः करीब छह साल से मणिपुर में भाजपा की सरकार है। जब से मणिपुर में भाजपा की सरकार बनी, तब से 03 मई 2023 तक एक भी दिन कर्फ्यू नहीं लगाया गया था। मणिपुर एक भी दिन बंद नहीं हुआ, एक भी दिन ब्लॉकेड नहीं रहा, उग्रवादी हिंसा लगभग समाप्त रही। यह मणिपुर में भाजपा का छह साल का इतिहास रहा। 2021 में हमारे देश के पड़ोस में म्यांमार में सत्ता परिवर्तन हुआ। म्यांमार में फिर मिलिट्री का शासन आया। डेमोक्रेटिक सरकार गिर गयी। म्यांमार में कुकी डेमोक्रेटिक फ्रंट है। इसने लोकतंत्र स्थापित करने के लिए आंदोलन चलाया। उसके बाद वहां के मिलिट्री शासन ने उन पर कड़ाई करनी शुरू की। दबिश बनायी। म्यांमार की बॉर्डर 'फ्री बॉर्डर' है। वहां पर फेंसिंग नहीं है। यह आज से नहीं है। जब से भारत आजाद हुआ है, तब से नहीं है। उसका परिणाम क्या हुआ कि बहुत बड़ी मात्रा में मिजोरम और मणिपुर के अंदर कुकी लोगों का वहां से यहां आना शुरू हुआ। वे यहां शरणार्थी के रूप में आने लगे। अमित शाह ने कहा कि चूंकि कुकी समाज के लोगों का झगड़ा म्यांमार की मिलिट्री से था और उन पर दबिश शुरू हुई, तब हजारों की संख्या में कुकी समाज के लोग मिजोरम और मणिपुर में दाखिल होने लगे। परिवार बसने लगे। जंगलों में बसने लगे। उसके बाद मणिपुर के बाकी हिस्सों में असुरक्षा की भावना जगने लगी। डर था कि वहां की जनसांख्यिकी बदल जायेगी।

### बार्डर पर फेंसिंग बनना शुरू

अमित शाह ने कहा की हमारी सरकार ने यह नोटिस किया और उसी वक्त 2022 में गृह मंत्री ने निर्णय किया कि अब हम यह बॉर्डर खुला नहीं छोड़ सकते। बॉर्डर बनानी पड़ेगी, फेंसिंग करनी पड़ेगी। अभी हमने तबसे 10 किलोमीटर की फेंसिंग पूरी कर दी है। 60 किलोमीटर का काम चालू है। 600 किलोमीटर का सर्वे भी चालू है, जिससे घुसपैठ को रोका जा सके। कांग्रेस ने 2014 तक कभी फेंसिंग नहीं की। जैसे ही 2020 में दंगे हुए, हमने 2021 में फेंसिंग का काम शुरू कर दिया, क्योंकि जनसांख्यिकी के बदलाव का डर रहता है। घाटी में मैतेई भाई और जंगल में कुकी और नागा भाई रहते हैं। कुकी लोगों के लगातार मणिपुर में आने की वजह से जनसांख्यिकी में बदलाव तो हो ही रहा था। मैतेई समाज में असुरक्षा की भावना जन्म ले चुकी थी। उसके बाद जनवरी 2023 से जितने भी वहां शरणार्थी आये थे, उन्हें हमारी सरकार ने परिचय पत्र देने की शुरुआत की। उनका थंब इंप्रेशन लिया, आइ इंप्रेशन लिया। उसके बाद वोटर लिस्ट और आधार कार्ड के नेगेटिव लिस्ट में डालने का काम किया। ऐसा नहीं है कि गृह मंत्रालय में कोई आंख बंद कर सोया रहा। 1968 से भारत और बर्मा में समझौता है कि बॉर्डर से 40 किलोमीटर जो अंदर आयेगा या जायेगा, उसको पासपोर्ट नहीं लगेगा। इसका नतीजा यह हुआ कि वहां से लोग भारत आये-गये, क्योंकि वहां फेंसिंग भी नहीं थी, तो कुकी लोगों की संख्या मणिपुर में बढ़ती गयी और मैतेई लोगों में असुरक्षा बढ़ती गयी।

### अफवाह से हिंसा को मिला बल

29 अप्रैल 2023 को एक अफवाह फैल गयी कि 58 जगहों पर जंगलों में जहां शरणार्थी की बसाहटें थीं, उन्हें गांव घोषित कर दिया गया है। जैसे ही यह अफवाह फैली, उसके बाद से ही घाटी में अनरेस्ट का माहौल शुरू हो गया। उसके बाद हमारी सरकार ने माइक वाली जीपें चलायीं, अनाउंसमेंट करवाया कि कोई गांव घोषित नहीं हुआ है। लेकिन जब अफवाहें फैलती हैं, तो उसके सिर-पैर तो होता नहीं है। वह फैलती चली गयी और लोगों में असुरक्षा की भावना को बल मिलता चला गया।

### आग में तेल डालने का काम किया मणिपुर हाइकोर्ट के एक फैसले ने

अप्रैल 2023 में मणिपुर हाइकोर्ट के एक फैसले ने आग में तेल डालने का काम किया, जिसने सालों से पड़ी हुई एक लंबी पीटिशन को अचानक चलाया। न भारत सरकार के ट्राइबल आयोग का शपथ पत्र लिया, न भारत सरकार के ट्राइबल डिपार्टमेंट का लिया, न ही भारत सरकार के गृह मंत्रालय का लिया, न ही मणिपुर सरकार का लिया। अचानक ही 29 अप्रैल के पहले मैतेई जाति को ट्राइबल घोषित कर दिया। इस फैसले से पहाड़ पर बहुत बड़ी अशांति फैल गयी। एक तरफ घाटी में पहले से ही अशांति फैली हुई थी, इस फैसले के बाद पहाड़ पर भी अशांति फैल गयी और 3 मई को दोनों समाज के बीच टकराव हो गया। इस टकराव के बाद नस्लीय दंगे शुरू हो गये, जो अब तक अशांत परिस्थिति को बनाये हुए हैं। म्यांमार में मिलिट्री शासन आने के बाद बॉर्डर पर ढिलाई आ गयी है। म्यांमार से नारकोटिक्स की बड़ी मात्रा में तस्करी मणिपुर में बढ़ी है। हिंसा में उसकी भी भूमिका है।

### संघर्ष की शुरुआत 1993 में हुई

अमित शाह ने कहाः 1993 में पीवी नरसिंह राव प्रधानमंत्री थे। राजकुमार दोरेंद्र सिंह कांग्रेस के नेता मणिपुर के मुख्यमंत्री थे। इस दौरान नागा-कुकी में संघर्ष हुआ। यह भी एक नस्लीय हिंसा थी। उस वक्त 750 लोग मारे गये, 200 लोग घायल हुए, 45 हजार शरणार्थी हुए और डेढ़ साल तक यह हिंसा चलती रही। आज विपक्ष का कहना है कि हालिया मणिपुर हिंसा पर प्रधानमंत्री क्यों नहीं बोले। लेकिन उस वक्त जब इनकी सरकार थी, सिर्फ एमओएस राजेश पायलट आये थे इस पर जवाब देने। उस वक्त इतनी जघन्य घटना हुई, क्या भारत सरकार से किसी ने मुलाकात की थी, क्या ट्राइबल मिनिस्टर गये? ना जी। समाज कल्याण विभाग के मंत्री गये? ना जी। होम मिनिस्टर का क्वेश्चन डज नॉट एराइज। पीएम बोले, ना जी, एमओएस गये? ना जी। और आज विपक्ष हमसे पूछता है कि प्रधानमंत्री क्यों नहीं गये। उस वक्त संसद के अंदर विपक्ष बोलते-बोलते थक गया, लेकिन गृह मंत्री जवाब देने तक के लिए खड़े नहीं हुए। उसके बाद एमओएस ने जवाब दिया। आज इन्हें प्रधानमंत्री से जवाब चाहिए। पूरा पार्लियामेंट होल्ड कर दिया विपक्ष ने। 1993 में ही दूसरी बार नस्लीय हिंसा का संघर्ष हुआ। 100 लोग मारे गये। वह भी एक साल चला। उसके बाद राज्यसभा में गृह मंत्री ने जवाब दिया बस। लोकसभा में नहीं।

### गुजराल के शासनकाल में भी हिंसा हुई

1997-98 में इंदर कुमार गुजराल की सरकार आयी। कुकी-पाइते संघर्ष हुआ। 350 लोग मारे गये। एक साल संघर्ष चला। यह भी नस्लीय हिंसा थी। इसकी तो चर्चा ही नहीं हुई। स्टेटमेंट भी नहीं आया। सवाल भी सारे खारिज कर दिये गये। और आज विपक्ष प्रधानमंत्री से जवाब मांगता है। मैं तो पहले ही दिन से कह रहा हूं कि जवाब देने के लिए मैं तैयार हूं। यह मेरी ड्यूटी है। मैं देश के प्रति जवाबदेह हूं। संसद के प्रति जवाबदेह हूं। विपक्ष के प्रति भी जवाबदेह हूं, लेकिन विपक्ष मुझे बोलने नहीं देता है।

### 2004 में 17 सौ लोगों के एनकाउंटर हुए

2004 में मनमोहन सिंह पीएम बने और मणिपुर के सीएम ओकराम इबोबी सिंह थे। उस दौरान मणिपुर में लगभग 1700 लोगों के एनकाउंटर हुए। वहां के लोगों का मानना है कि वह वर्दी से की हुई नस्लीय हिंसा थी। सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लिया। कई सारी एसआइटी बनी। मगर किसने जवाब दिया? किसी ने नहीं। एक चर्चा नहीं हुई। ना एमओएस, ना मिनिस्टर। मेरा यही कहना है कि मणिपुर में जो हिंसा हो रही है, वह परिस्थिति से जन्मी नस्लीय हिंसा है। इसे राजनीति का मुद्दा नहीं बनाना चाहिए।

### सुबह चार बजे प्रधानमंत्री ने मुझे फोन किया

प्रधानमंत्री ने मुझे सुबह के चार बजे भी फोन किया। अगले दिन फिर सुबह छह बजे भी फोन किया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही इसे लेकर मुझे उठाया और विपक्ष कह रहा है कि मोदी जी ध्यान नहीं रख रहे हैं। तीन दिन तक लगातार मैं वहां रहा। हमने यहां से काम किया। 16 वीडियो कांफ्रेंसिंग की, 36 हजार जवान भेजे। वायु सेना के विमानों का उपयोग किया गया। चीफ सेक्रेटरी को बदल दिया गया। डीजीपी बदल दिया गया। उसके बाद केंद्र से सुरक्षा सलाहकार भेजे गये। केंद्र से चीफ सेक्रेटरी भेजे गये, डीजीपी भी केंद्र ने भेजा। यह सब चार मई की शाम तक कर दिया गया था। तीन मइ को हिंसा हुई और चार मइ तक फैसले लिये जा चुके थे। और विपक्ष का कहना है कि 356 क्यों नहीं लगाया। 356 तब लगता है, जब हिंसा के समय राज्य सरकार सहयोग नहीं करती है। हमने डीजीपी बदल दिया, राज्य सरकार ने भारत सरकार के डीजीपी को स्वीकार कर लिया, हमने चीफ सेक्रेटरी बदल दिया, राज्य सरकार ने भारत सरकार के चीफ सेक्रेटरी को स्वीकार कर लिया। और रही बात सीएम की, तो सीएम तब बदलना पड़ता है, जब वह सहयोग न करे।

### यूपीए शासन में एक साल में 130 दिन रहता था बंद

यूपीए के शासन में वहां नाकाबंदी की जाती थी। ब्लॉकेड लगाये जाते थे। एक साल में 130 दिनों तक ब्लॉकेड रहा। यह सिलसिला पांच सालों तक चला। उस वक्त वहां पर पेट्रोल की कीमत 1200 रुपये हो गयी थी। आज हमने 28 दिनों में पूरा काम कर के रेलवे को वहां पहुंचाया है। सप्लाई चालू है। कीमत भी बढ़ने नहीं दी। वह भी इतनी कठिन परिस्थिति में। एक तरफ जहां मैतेई का ड्राइवर कुकी एरिया में नहीं जा सकता और कुकी का मैतेई में। हमने असम से ट्रक भी लाये, ड्राइवर भी लाये और सेना को भी लगाया। तब जाकर दामों को हमने कंट्रोल किया।

धीरे-धीरे कम हो रही है हिंसा

मणिपुर हिंसा में अब तक 152 लोग मारे गये। इसमें कोई छिपाने की जरूरत नहीं है। हमारा स्वभाव भी छिपाने का नहीं है। जहां मई 2023 में 107 लोग मारे गये, जून में 30 मारे गये, जुलाई में 15 और अगस्त में चार। मई में जो 107 लोग मारे गये, उनमें से 68 लोग तीन, चार और पांच तारीख को मारे गये। इस आंकड़े को जारी करने का तात्पर्य यह है कि हिंसा धीरे-धीरे कम हो रही है और विपक्ष इस आग में तेल डालने का काम न करे।

### संसद सत्र के एक दिन पहले सामने क्यों आया वीडियो

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को मणिपुर के वायरल वीडियो पर भी बात की। अमित शाह ने कहा कि 4 मई की जो दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई, वह दुनिया में किसी भी जगह पर किसी भी स्थान पर किसी महिला के साथ इस तरह की घटना समाज के नाम पर धब्बा है। इसका कोई समर्थन नहीं कर सकता। न यह सदन कर सकता है, न कोई पॉलिटिकल पार्टी कर सकती है। 4 मई का वीडियो संसद सत्र के एक दिन पहले ही क्यों आया। अगर किसी के पास वीडियो था, तो उसे पुलिस तंत्र को देना चाहिए था कि नहीं देना चाहिए था। क्या उसको सार्वजनिक करना चाहिए? कम से कम उस महिला के सम्मान का तो सोचना चाहिए। अगर वह वीडियो डीजीपी को दे दिया गया होता, तो 5 मई तक उस मामले में कार्रवाई हो जाती। जिस दिन वीडियो आया, उसी दिन वीडियो की कॉपी से हमने फेस आइडेंटिफिकेशन सॉफ्टवेयर का उपयोग करते हुए सरकार के डाटा के साथ मिलान किया और नौ के नौ लोगों को गिरफ्तार किया।

### मणिपुर में तीन दिन, तीन रात रहा

मैं मणिपुर में तीन दिन और तीन रात रहा। मेरे साथी एमओएस नित्यानंद 23 दिनों तक लगातार वहां रहे। हमने जांच के लिए हाइकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों का एक कमीशन बना दिया है, जिसमें एक आइपीएस और आइएएस अफसर भी हैं। 36 हजार से अधिक सुरक्षा कर्मी दिन-रात तैनात किये हुए हैं। इसलिए हिंसा कंट्रोल में आ रही है। वहां पर स्थित पांचों सुरक्षा एजेंसियों के बीच में बेहतर समन्वय रहे, उसके लिए यूनिफाइड कमांड व्यवस्था बना दी गयी है। उसकी चेयरमैनशिप केंद्र से भेजे गये सुरक्षा सलाहकार के हाथ में है। कई एसआइटी भी गठित की गयी हैं। 14898 लोगों को अरेस्ट किया है और 1106 एफआइआर रजिस्टर हुए हैं। पीड़ितों को मुआवजा भी दिया गया है। 30 हजार मीट्रिक टन चावल भी रातों-रात वहां भेजे गये हैं और भी बांटे जा रहे हैं। किसी भी क्षेत्र में मेडिकल फैसिलिटी का अभाव न हो, उसके लिए भारत सरकार की आठ टीमें वहां अलग-अलग कैंपों में अपनी सेवा दे रही हैं। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से केसों की सुनवाई भी हो रही है। बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई चालू हो चुकी है। घाटी में 98 प्रतिशत स्कूल खुल चुके हैं। 80 प्रतिशत उपस्थिति रहती है। दो प्रतिशत स्कूलों में कैंप चल रहे हैं। उसमें स्थायी शेल्टर बनाने की शुरुआत हो चुकी है। राहत सामाग्री समय पर पहुंचे, उसकी भी व्यवस्था कर दी गयी है। सुरक्षा की समीक्षा मैं हर हफ्ते वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से करता हूं। गृह सचिव हर दूसरे दिन करते हैं और डीआइ भी हर रोज करता है। शांति स्थापित करने की दिशा में कोई भी कमी नहीं की जा रही है। मैं इतना जरूर कहूंगा कि कम से कम समय में हम हिंसा को रोकने का काम कर पायेंगे।

---

## साहिबगंज के खनन व्यापारी कृष्णा साहा की बेल पर सुनवाई पूरी, इडी कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा



**रांची (आजाद सिपाही)।** साहेबगंज के खनन व्यापारी कृष्णा साहा की जमानत याचिका पर गुरुवार को रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गयी है। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। इडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने बहस की। वहीं कृष्णा साहा की ओर से अधिवक्ता विनीत बोरिस एक्का और नदीमुद्दीन ने बहस की। बता दें कि इडी ने कृष्णा साहा को छह जून को गिरफ्तार किया था। इससे पहले कृष्णा साहा की जमानत याचिका पर 31 जुलाई को सुनवाई हुई थी। सुनवाई के बाद अदालत ने इडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। बता दें कि इडी ने 1000 करोड़ रुपये के अवैध खनन से जुड़े केस में कृष्णा साहा को बीते छह जून को गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में हैं।

## पोस्टिंग के इंतजार में 7 आइपीएस, एसपी रैंक के 28 पद खाली

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में पोस्टिंग का सात आइपीएस अधिकारी इंतजार कर रहे हैं। बता दें कि दो सप्ताह पहले राज्य सरकार ने दुमका, बोकारो, साहिबगंज, पलामू, देवघर, सरायकेला और गिरिडीह एसपी का तबादला किया गया था। इनके तबादला का दो सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी इन सात आईपीएस अधिकारियों की पोस्टिंग कहीं नहीं हुई है। जो आइपीएस पोस्टिंग का इंतजार कर रहे हैं, उसमें चंदन झा, अमित रेणु, आनंद प्रकाश, चंदन सिन्हा, अंबर लकड़ा, सुभाष चंद्र जाट और अनुरंजन किस्पोट्टा शामिल हैं।

**एसपी रैंक के अधिकारियों की संख्या तो बढ़ी, फिर भी 28 पद खाली व प्रभार में :** झारखंड में एसपी रैंक के अधिकारियों की संख्या बढ़ने के बाद भी एसपी स्तर के 28 पद खाली और प्रभार में हैं। बीते दिन 24 डीएसपी रैंक के अधिकारियों को एसपी रैंक में प्रोन्नति मिली। जिसके बाद झारखंड में एसपी रैंक के अधिकारियों की संख्या बढ़ कर 100 हो गयी। इनमें 17 ट्रेनिंग प्राप्त कर रहे हैं। आठ एएसपी के पद पर हैं और नौ केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। 40 एसपी रैंक के अधिकारी विभिन्न जिलों में एसपी, वाहिनी समादेष्टा, सीआइडी और एसीबी में पदस्थापित हैं।

**32 आइपीएस में 7 को एसपी रैंक में मिली प्रोन्नति :** झारखंड में दो बैच के आठ आईपीएस में से चार को एसपी रैंक में प्रोन्नति मिल गयी, लेकिन इसी बैच के चार अन्य आइपीएस को एसपी रैंक में प्रोन्नति नहीं मिल पायी है। झारखंड कैडर के 2018 बैच के मुकेश लुनायत, के विजय शंकर, मनोज स्वर्गीयारी को सात अप्रैल 2022 को सरकार ने एसपी रैंक में प्रोन्नति दे दी, लेकिन इसी बैच के हरविंदर सिंह अभी भी बतौर एएसपी ही काम कर रहे हैं। इसी तरह 2019 बैच के शुभांशु जैन को सरकार ने एसपी रैंक में प्रोन्नति दे दी, लेकिन इसी बैच के ऋषभ गर्ग, सुमित कुमार अग्रवाल और कपिल चौधरी अभी तक एएसपी ही बने हुए हैं। इसके नव प्रोन्नत हुए 24 आइपीएस में तीन को एसपी बनाया गया, बाकि 21 अभी तक डीएसपी के पद पर ही पदस्थापित हैं।

## आदिवासी दिवस के नाम पर मनाया गया 'सोरेन राज परिवार दिवस' : बाबूलाल



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड में आदिवासी दिवस के नाम पर सोरेन राज परिवार दिवस मनाया गया> सरकार द्वारा आयोजित समारोह में झारखंड के वीर शहीदों और महान क्रांतिकारियों का अपमान हुआ है। समारोह के प्रचार-प्रसार में करोड़ों खर्च किये गये, लेकिन पोस्टर-बैनर में राज्य के महान विभूतियों सिदो-कान्हू, चांद-भैरव, तिलका मांझी और भगवान बिरसा मुंडा को कोई जगह नहीं दी गयी। बाबूलाल ने कहा कि सत्ता के अहंकार में जब सत्ताधारी वीर क्रांतिकारियों का तिरस्कार करने लगे तो उसका पतन सुनिश्चित है। आदिवासी महोत्सव और जीवन दर्शन की झलकियों के नाम पर रांची की सड़कों पर आदिवासियों की जमीन लूट, हड़प कर अरबपति बनने वाले पिता-पुत्र अपनी झलकियां दिखा रहे हैं। मरांडी ने कहा कि झारखंड की जनता अपने महान विभूतियों का अपमान कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। अगले चुनाव में आदिवासी समाज इनके किए की सजा देकर सबक सिखायेगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 30.0 °c | 22.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.26 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.23 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 11 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in


# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का 48वां जन्मदिन 48 पौंड का केक काट कर मनाया


केक काटते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।


मुख्यमंत्री को बधाई देतीं मंत्री जोबा माझी।


सीएम को बधाई देते मुख्य सचिव सुखदेव सिंह।


सीएम को बधाई देते सचिव विनय कुमार चौबे।


सीएम को बधाई देते डीजीपी अजय कुमार सिंह।


सीएम को बधाई देते सचिव सुनील कुमार।


सीएम हेमंत सोरेन को बधाई देते झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, बेरमो विधायक जयमंगल सिंह, पूर्व विधायक सुखदेव भगत, रविंद्र सिंह और कुमार राजा।


सीएम को बधाई देते प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का।


मुख्यमंत्री को बधाई देतीं प्रधान सचिव वंदना दादेल।


मुख्यमंत्री को बधाई देते महाधिवक्ता राजीव रंजन।


मुख्यमंत्री को बधाई देते उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा।


सीएम को बधाई देतीं जेपीएससी अध्यक्ष डॉ मेरी नीलिमा केरकेट्टा।


मुख्यमंत्री को बधाई देतीं सदस्य डॉ अजिता भट्टाचार्या।


सीएम को बधाई देते सीसीएल सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 48 साल के हो गये हैं। उनका जन्म 10 अगस्त 1975 को रामगढ़ जिला के नेमरा में हुआ था। सीएम आवास पर गुरुवार को झामुमो रांची जिला समिति के कार्यकर्ताओं ने झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का 48वां जन्मदिन 48 पौंड का केक काटकर मनाया। मौके पर झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता एवं राज्य समन्वय समिति के सदस्य विनोद कुमार पांडेय, पार्टी केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य, केंद्रीय महासचिव एवं राज्य समन्वय समिति के सदस्य फागु बेसरा, केंद्रीय सचिव अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू, जिलाध्यक्ष मुशताक आलम, जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू, केंद्रीय सदस्य समनुर मंसुरी, सुशीला एक्का, पवन जेडिया, नीलम मिश्रा, पूर्व केंद्रीय सदस्य अंतु तिर्की, अफरोज अंसारी, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, जनक नायक, बीरू साहू, कलाम आजाद और रामानंद बेदिया सहित कई अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

# जनरेशन-टू-जनरेशन संघर्ष करने की प्रेरणा मिली है: हेमंत सोरेन

## परिचर्चा में मुख्यमंत्री ने खुल कर रखी बातें

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड आदिवासी महोत्सव-2023 में 'अदिवासियतः एक जीवन शैली' विषय पर आयोजित परिचर्चा में खुल कर बोले। उन्होंने एक-एक सवालों का जवाब दिया। जब मुख्यमंत्री ने पूछा गया कि आपके दादाजी और पिताजी शोषण के खिलाफ लंबा संघर्ष किये हैं। आप आज सक्रिय राजनीति में हैं। आप पर आपके परिजनों का कितना प्रभाव दिखता है? इस सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की धरती से भगवान बिरसा मुंडा और सिदो कान्हू जैसे वीर शहीद पैदा हुए हैं। जिन्होंने अंग्रेजों और महाजनों के शोषण तथा जुल्म के विरुद्ध संघर्ष करते हुए अपने को बलिदान कर दिया। मेरे दादा जी और पिताजी ने भी इस कड़ी में लंबा संघर्ष किया है। मैं यह कह सकता हूं कि शोषण और जुल्म के खिलाफ उनका संघर्ष मेरे लिए प्रेरणा का काम किये हैं और जनरेशन- टू- जनरेशन यह मुझे विरासत में मिली है।

**जल जंगल और जमीन आदिवासियों की पहचान है :** आदिवासी को लेकर कंट्रोवर्सी पर पूछे गए सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासियों के लिए केंद्र और राज्य सरकार के अलग मंत्रालय और विभाग हैं। लेकिन आदिवासियों के नाम पर कॉन्ट्रोवर्सी पैदा हो रही है। कभी इसे वनवासी कहा जाता है तो कभी कुछ और। मेरा मानना है कि आदिवासी जल जंगल जमीन से जुड़े हैं, और यही उनकी पहचान भी है।

**आदिवासियों को विकास से जोड़कर आगे बढ़ा रहे हैं:** आदिवासी महोत्सव आयोजित करने के पीछे की क्या सोच है और आदिवासियों के विकास और पहचान के साथ राज्य कैसे आगे बढ़ेगा? इस प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि देश का सबसे ज्यादा खनिज झारखंड में मिलता है। देशभर के इंडस्ट्रीज झारखंड के खनिजों से चलते हैं लेकिन फिर भी यह राज्य पिछड़ा और यहां के लोग गरीब हैं। जब हमारी सरकार बनी तो हमने इस पर गंभीरता से विचार किया तो पता चला कि यहां के आदिवासियों की पहचान को मिटाने का प्रयास किया जा रहा है। यह कहीं ना कहीं आदिवासी के साथ साथ काफी विचित्र स्थिति थी। ऐसे में हमारी सरकार ने आदिवासियों को विकास से जोड़कर और उन्हें आगे बढ़ाने का प्रयास किया है। इस दिशा में हमने ऐसा कई ऐसा निर्णय लिए हैं, जो काफी सालों पहले लागू हो जाने चाहिए थे, लेकिन दुर्भाग्य से लागू नहीं हो सका।

**पर्यावरण संरक्षण और क्लाइमेट चेंज को लेकर सरकार प्रतिबद्ध :** आदिवासियों की पहचान को बरकरार रखते हुए जल-जंगल-जमीन और विकास के बीच कैसे संतुलन स्थापित करेंगे? सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर आज बड़ी-बड़ी संस्थाएं काम कर रही हैं। बड़े-बड़े होटलों में सेमिनार, संगोष्ठी और कार्यशाला जैसे कई कार्यक्रम होते हैं, लेकिन क्लाइमेट चेंज पर लगाम नहीं लग रहा है। आखिर ऐसा क्यों? मेरा मानना है कि जो नीति निर्धारक होते हैं, वे क्लाइमेट चेंज को लेकर बहस तो करते हैं, लेकिन जब नीति निर्धारण की बारी आती है तो नियंत्रण करने की बजाय इसे बिगाड़ देते हैं। दूसरी ओर आदिवासियों का जल जंगल और जमीन से गहरा नाता है। हमारी सरकार क्लाइमेट चेंज को नियंत्रित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में सरकार अपने आवासीय परिसर में एक पेड़ लगाने वालों को 5 यूनिट बिजली फ्री दे रही है। इसी तरह के और भी कई निर्णय लिए गये हैं। मैं कह सकता हूं कि जल जंगल और जमीन के साथ समन्वय बनाकर विकास को हम आगे बढ़ा रहे हैं।

# मॉल ऑफ रांची बन कर तैयार, 13 अगस्त को होगी लांचिंग

## मॉल में 60 फीसदी एंटरटेनमेंट और 40 फीसदी होगी खरीदारी

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** राजधानी में मॉल ऑफ रांची का निर्माण हो चुका है। मॉल रांची के रातू रोड में स्थित है, इसकी लांचिंग 13 अगस्त को होगी। गुरुवार को मॉल के निदेशक नितिश अग्रवाल, ऋषभ लोहिया ने पत्रकारों से कहा कि हम मॉल ऑफ रांची के मेगा लांच की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं। हमारा उद्देश्य आगंतुकों के लिए एक बेजोड़ अनुभव प्रदान करके रांची के खरीदारी और मनोरंजन परिदृश्य को फिर से परिभाषित करना है। इस मॉल के खुलने से युवाओं को रोजगार का अच्छा अवसर मिलेगा। मॉल ऑफ रांची में स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ा जायेगा। यहां मॉल में जुड़े कार्य के लिए करीब 1000 स्थानीय युवाओं का रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि यह मॉल केवल एक चीज के लिए खुला है। यहां कई तरह के शापिंग कॉम्पलेक्स होंगे। यहां एक छत के नीचे उनकी जरूरत की सारी चीजें उपलब्ध होगी। वह भी बहुत महेंगे नहीं वस्तू के मुल्य के हिसाब से सामान्य मूल्य होगा। इस मॉल के खुलने से सरकार को भी बड़ी मात्रा में राजस्व कर के रूप में मिलेगा। राज्य सरकार को 50 करोड़ की टैक्स राशि जएसटी, होल्डिंग टैक्स ट्रेड लाइसेंस, बिजली बिल, नगर निगम समेत अन्य आधार पर टैक्स दिया जायेगा। यहां देश के प्रमुख ब्रांडेड के 70 शो रूम होंगे। यहां आने वाले ग्राहकों को राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर की चीजे भी मिलेंगी। मॉल में आने वाले ग्राहकों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो इसके लिए मॉल संचालक की ओर से सुरक्षा के मद्देनजर सिक्यूरीटी की कड़ी व्यवस्था की गयी है।

मॉल में लोगों के मनोरंजन के लिए अंतराष्ट्रीय स्तर के 4 सिनेमा हॉल की व्यवस्था है। इसमें लोग बेहतरीन क्वालीटी शानदार साउंड सिस्टम का मजा ले पायेंगे। इस मॉल की सबसे बड़ी खासीयत है कि यहां 60 फीसदी मनोरंजन के शॉप और 40 फीसदी खरीदारी के शॉप मिलेंगे। हर जगह लोग बड़े-बड़े मॉल बना तो जरूर लेते हैं। लेकिन पार्किंग सिस्टम नहीं होने के कारण मॉल फेल हो जाता है। इसलिए इसे बनाने से पहले सबसे पहले अच्छी पार्किंग की व्यवस्था के बारे में विचार किया गया था। और आज रांची ऑफ मॉल बेहतर पार्किंग के साथ रांची वासियों की सेवा के लिए तैयार है।

इस मॉल की खासियत यह है कि इस मॉल में चारों दिशाओं से प्रवेश कर सकते हैं। इसके कई रास्ते बनाये गए हैं। मॉल के अंदर चलंत सीढ़ी की व्यवस्था भी है। मॉल बहूत खूबसूरत एवं आकर्षक ढंग से बनाया गया है। मॉल ऑफ रांची का एक मुख्य आकर्षण पूर्वी भारत का सबसे बड़ा और सबसे बड़ा गेमिंग जोन है, जो सभी उम्र के गेमिंग प्रेमियों को सेवा प्रदान करता है।

## जी-20 प्रेसीडेंसी समिट : क्रिएटिविटी कॉन्क्लेव का तीसरा दिन

# आर्ट इंस्टॉलेशन प्रतियोगिता

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** जी-20 प्रेसीडेंसी समिट-क्रिएटिविटी कॉन्क्लेव के तीसरे दिन रांची सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स, द्वारा आयोजित मेराकी-आर्ट इंस्टॉलेशन प्रतियोगिता की मेजबानी सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची द्वारा की गयी। इस अवसर पर परमजीत कौर, प्राचार्या, सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची, एमके सिन्हा, प्राचार्य, डीएवी कपिलदेव पब्लिक स्कूल रांची और समिता सिन्हा, प्राचार्या सुरेंद्रनाथ सेंटेनरी स्कूल, रांची उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में रांची के 16 स्कूलों ने भाग लिया। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने प्रतिभागियों द्वारा प्रदर्शित अद्वितीय विचारों और मॉडलों की प्रशंसा की। प्राचार्या परमजीत कौर ने विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा अवधारणाओं को वर्किंग 3डी मॉडल में प्रस्तुत करने के लिए सराहना की। जी20 प्रेसीडेंसी समिट के चैथे दिन होने वाले कार्यक्रमों के बारे में प्राचार्या परमजीत कौर ने बताया कि 11 अगस्त को डीएवी कपिल देव पब्लिक स्कूल में आर्ट इंटिग्रेटेड प्रदर्शनी सह प्रतियोगिता और डीएवी हेहल में पैट्रिओटिक एक्शन सांग प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।

## डुमरी उपचुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू

# जेएमएम प्रत्याशी बेबी देवी 17 को करेंगी नामांकन

## भाजपा ने अब तक नहीं की उम्मीदवार की घोषणा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डुमरी विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो चुकी है। इस उपचुनाव के लिए जेएमएम की ओर से प्रत्याशी पहले की घोषित कर दिया गया है। दिवंगत जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी चुनाव लड़ेंगी। वे 17 अगस्त को नामांकन दाखिल करेंगी। उनके नामांकन में सीएम हेमंत सोरेन सहित कई बड़े नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है।

उधर भाजपा ने अभी तक अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं की है। चर्चा है कि पिछले चुनाव परिणाम के आधार पर आजसू अपनी दावेदार पेश कर सकती है। आजसू ऐसा इसलिए करना चाह रहा है, क्योंकि साल 2019 के चुनाव में आजसू दूसरी सबसे बड़ी पार्टी थी, जबकि भाजपा तीसरे नंबर पर थी। हालांकिआजसू और भाजपा के बीच वोटों का अंतर महज 827 ही रहा है।

### 2019 के चुनाव में वोटों का आंकड़ा

जगरनाथ महतो, जेएमएम : 71128
यशोदा देवी, आजसू : 36840
प्रदीप कुमार साहू, भाजपा : 36018

### सहानुभूति की लहर पर सवार बेबी देवी

चुनावी जानकारों की माने तो जेएमएम ने दिवंगत जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी को मंत्री बना कर एक तरह से अपनी जीत को आश्वस्त कर दिया है। ऐसा माना जा रहा है कि जेएमएम प्रत्याशी बेबी देवी सहानुभूति की लहर पर सवार हैं।



**2,98,629 मतदाता चुनेंगे अपना प्रतिनिधि :** राज्य में होने वाला यह छठा उपचुनाव है। डॅमरी विधानसभा में 2,98,629 मतदाता हैं। यही मतदाता अपना प्रतिनिधि का चयन करेंगे। चुनाव में प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला इन्हीं मतदाताओं के हाथ होगा।

**क्यों हो रहा है उपचुनाव :** डुमरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक जगरनाथ महतो थे। वे राज्य के शिक्षा मंत्री थे। कोरोना के दौरान उनकी तबीयत काफी खराब हो गयी थी। चेन्नई में इलाज होने के बाद वे काफी हद तक ठीक थे। बीते छह अप्रैल को शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन के बाद डूमरी विधानसभा सीट खाली हो गया था। इसी वजह से यहां उपचुनाव हो रहे हैं।

# झारखंड के 24 जिलों की 4344 पंचायतों में चलेगा 'मेरी माटी, मेरा देश' अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नेहरू युवा केंद्र संगठन रांची एवं पत्र सूचना कार्यालय रांची द्वारा गुरुवार को संयुक्त रूप से 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान पर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। नेहरू युवा केंद्र के मोराबादी स्थित कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए केंद्र की राज्य निदेशक हनी सिन्हा ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य उन बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों का सम्मान करना है, जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। झारखंड के सभी 24 जिलों के 260 प्रखंडों एवं 4344 पंचायतों में 'मेरी माटी मेरा देश'/ माटी का वंदन एवं वीरों का नमन पर कार्यक्रम राज्य सरकार के साथ मिलकर किया जा रहा है। पंचायत एवं प्रखंड स्तर के कार्यक्रमों के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। 09 से 15 अगस्त तक इसके तहत कई कार्यक्रम किए जायेंगे, जिनमें वसुधा वंदन के तहत सभी पंचायतों में अमृत वाटिका का निर्माण एवं अमृत वाटिका में 75 पौधों का रोपण किया जायेगा। मिट्टी का नमन एवं वीरों का वंदन कार्यक्रम के तहत सभी पंचायतों से मिट्टी का संग्रहण एवं स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों को पंचायत, नगरीय एवं प्रखंड स्तर पर सम्मानित किया जायेगा। पंच प्रण की शपथ ली जायेगी एवं ध्वजारोहण किया जायेगा। सभी अमृत वाटिका स्तर पर शलास्मारिका की स्थापना की जायेगी एवं पंचायत स्तर से मिट्टी कशल सभी प्रखंड मुख्यालयों तक समारोह पूर्वक संग्रहित किया जायेगा।

पत्र सूचना कार्यालय के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव पुष्कर ने बताया कि सामूहिक भागीदारी (जनभागीदारी) को प्रोत्साहित करने के लिए, एक वेबसाइट https://merimaatimeradesh.gov.in लॉन्च की गयी है, जहां लोग मिट्टी या मिट्टी का दीपक हाथ में लेकर अपनी सेल्फी अपलोड कर सकते हैं। पंच प्राण की प्रतिज्ञा ले सकते हैं और भागीदारी का एक डिजिटल प्रमाणपत्र वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। पिछले वर्ष की भांति इस बार भी हर घर तिरंगा 13 से 15 अगस्त, 2023 के बीच मनाया जायेगा।

भारतीय हर जगह राष्ट्रीय ध्वज फहरा सकते हैं। तिरंगे के साथ सेल्फी ले सकते हैं और हर घर तिरंगा वेबसाइट harghartiranga.com पर अपलोड कर सकते हैं। पत्रकार वर्ता के दौरान नेहरु युवा केंद्र के उप निदेशक सर्वेंद्र प्रताप सिंह, एसओ शुभम शर्मा, ओम प्रकाश कुशवाहा, विकास आहूजा, अधीक रंजन, गौरव चुघ उपस्थित रहे। इस दौरान संगठन के सभी कर्मियों ने पंच प्रण की शपथ भी ली।

# राहुल के तल्ख तेवर

विपक्ष की ओर से लाये गये अविश्वास प्रस्ताव के दौरान बुधवार को बहस की शुरुआत कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने की। उनके भाषण का इंतजार एक दिन पहले से किया जा रहा था क्योंकि मंगलवार को कांग्रेस की ओर से ट्वीट करके बता दिया गया था कि अविश्वास प्रस्ताव पर विपक्ष की ओर से पहले वक्ता राहुल गांधी होंगे। हालांकि आखिरी पलों में प्लान फिर से बदलते हुए गौरव गोगोई से ही चर्चा की शुरुआत करवाई गयी, जिस पर सत्तारूढ़ पक्ष के सदस्यों ने सदन के अंदर सवाल भी उठाया, लेकिन हर पार्टी को अपनी रणनीति में जब चाहे बदलाव करने का हक है। इसलिए इन आपत्तियों को ज्यादा तवज्जो नहीं दी जा सकती। हां, यह सवाल जरूर किया जा सकता है कि राहुल गंधी ने अपने भाषण में जिस तरह की आक्रामकता दिखायी और जितने तीखे शब्दों का प्रयोग किया क्या सचमुच उसकी जरूरत थी। इसमें दो राय नहीं कि पिछले तीन महीने से भी ज्यादा समय से मणिपुर के हालात बहुत खराब हैं। वहां हुई घटनाएं बेहद दुर्भाग्यपूर्ण हैं, लेकिन क्या मणिपुर भारत का अंग नहीं रहा? क्या राज्य अभी भी एक इकाई बना हुआ नहीं है? क्या सत्तारूढ़ पक्ष को देशद्रोही बताने से हालात सुधारने में कोई मदद मिलने वाली है? विपक्ष को अपनी बात कहने का पूरा हक है, लेकिन राज्य पहले से ही खतरनाक और संवेदनशील दौर से गुजर रहा है। ऐसे में हालात को और बढ़ा-चढ़ा कर पेश करना क्या ठीक माना जायेगा। बहरहाल, राहुल गांधी के भाषण पर कइयों की नजरें टिकी थीं और उन्होंने अपने इस बेहद तीखे, आक्रामक भाषण से सरकार पर विपक्षी हमलों का टोन सेट कर दिया। यह बात पहले से ही कही जा रही थी कि विपक्ष की ओर से अविश्वास प्रस्ताव लाने का एकमात्र मकसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सदन में मणिपुर पर बयान देने के लिए मजबूर करना है। राहुल गांधी ने अपने भाषण को लगभग पूरी तरह मणिपुर पर केंद्रित रख कर यह साबित किया कि विपक्ष सरकार के लिए चर्चा इधर-उधर ले जाने की गुंजाइश नहीं छोड़ना चाहता। राहुल गांधी ने आइडिया ऑफ इंडिया के उस मुद्दे को भी इसी में जोड़ दिया, जो मोदी सरकार पर उनका मुख्य आरोप रहा है कि यह सरकार आइडिया ऑफ इंडिया पर हमले कर रही है कि भारत की विविधताओं को अक्षुण्ण रखने में उसकी कोई दिलचस्पी नहीं है। राहुल गांधी के ठीक बाद बोलने खड़ी हुईं केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कश्मीर और अन्य प्रांतों की हिंसा का मसला उठाया, लेकिन उससे संदेश यह जा सकता है कि सरकार के पास मणिपुर पर कहने के लिए कुछ खास नहीं है। राहुल गांधी के कथित फ्लाइंग किस को अभद्रता करार देने की कोशिश भी अच्छी रणनीति नहीं कहलायेगी। उम्मीद की जानी चाहिए कि बाद के वक्ता (सत्ता पक्ष के) मणिपुर और अन्य मसलों पर लगाये गये विपक्ष के आरोपों का ज्यादा कारगर, सटीक और ठोस जवाब देंगे।

**राहुल गांधी ने आइडिया ऑफ इंडिया के उस मुद्दे को भी इसी में जोड़ दिया, जो मोदी सरकार पर उनका मुख्य आरोप रहा है कि यह सरकार आइडिया ऑफ इंडिया पर हमले कर रही है कि भारत की विविधताओं को अक्षुण्ण रखने में उसकी कोई दिलचस्पी नहीं है।**

**भारत और पाकिस्तान दोनों अंग्रेजों की दासता से 1947 में स्वतंत्र हुए थे। दोनों देश विकास की धारणाएं अलग-अलग बनाकर आगे बढ़े थे। भारत विकास और शांति के सोपानों में निरंतर आगे बढ़ा, पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में भारत ने पंचवर्षीय योजनाओं के अंतर्गत नये-नये कल कारखाने और कृषि को प्राथमिकता देते हुए आत्मनिर्भर होने का प्रयास किया, और काफी हद तक सफल भी रहा है। पाकिस्तान ने विकास की जगह भारत को सदैव नीचा दिखाने का प्रयास किया, विकास के नाम पर वहां केवल युद्ध और हिंसा को प्राथमिकता दी गयी।**

# इमरान खान की हालत जुल्फिकार भुट्टो जैसी

संजीव ठाकुर



**पाकिस्तान बड़े देशों की तरफ निहार रहा है कि कोई उसकी मदद करने के लिए आगे आये। परिस्थितियां ऐसी दिखायी दे रही हैं कि शायद ही कोई बड़ा और समझदार देश पाकिस्तान के इन हालातों में उसकी मदद कर पायेगा। पाकिस्तान को खुद पाकिस्तान के हुक्मरानों ने अपने देश को इस विकराल परिस्थितियों में धकेल दिया है।**

इमरान खान को विभिन्न मामलों में आरोपी बना कर अटक की जेल में सामान्य कैदियों की तरह रखा गया है। खैर यह तो होना ही था। पाकिस्तान का तो इतिहास ही रहा है कि उसके जितने अपदस्थ प्रधानमंत्री हुए हैं सब को जेल की हवा खानी पड़ी है। इमरान को भी इस बात को समझ जाना चाहिए था, जिस तरह जुल्फिकार अली भुट्टो को जेल में कैद कर फांसी की सजा दे दी गयी थी उसी तरह इमरान पर भी आरोप लगाकर पाकिस्तानी हुक्मरान जुल्फिकार की तरह का व्यवहार करने की तैयारी में हैं।

भारत और पाकिस्तान दोनों अंग्रेजों की दासता से 1947 में स्वतंत्र हुए थे। दोनों देश विकास की धारणाएं अलग-अलग बनाकर आगे बढ़े थे। भारत विकास और शांति के सोपानों में निरंतर आगे बढ़ा, पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में भारत ने पंचवर्षीय योजनाओं के अंतर्गत नये-नये कल कारखाने और कृषि को प्राथमिकता देते हुए आत्मनिर्भर होने का प्रयास किया, और काफी हद तक सफल भी रहा है। पाकिस्तान ने विकास की जगह भारत को सदैव नीचा दिखाने का प्रयास किया, विकास के नाम पर वहां केवल युद्ध और हिंसा को प्राथमिकता दी गयी। पाकिस्तान के इतिहास में 18 प्रधानमंत्रियों ने कभी अपना 5 साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया। प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो को विभिन्न आरोप लगा कर फांसी की सजा दे दी गयी थी। उसके बाद उनकी पुत्री बेनजीर भुट्टो की हत्या करवा दी गयी, नवाज शरीफ पर विभिन्न आरोप लगा कर लंदन में जाकर बसने को मजबूर कर दिया गया। इमरान खान को भी विभिन्न अपराधों में जेल भेज दिया गया है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से पूरा देश नियंत्रण से बाहर है। अब शहबाज शरीफ इस्तीफा देकर कार्यवाहक प्रधानमंत्री बनने की घोषणा कर चुके हैं, पाकिस्तान में आम चुनाव होने वाले हैं और इमरान की लोकप्रियता को देखते हुए इमरान खान को जेल में डाला जाना पूर्व नियोजित ही था।

**आज की आर्थिक स्थिति में भारत विश्व में पांचवें स्थान पर है।**

9 मई को जो अराजक तत्वों ने सरकारी इमारतों की तोड़-फोड़ की उसका सारा आरोप इमरान खान पर लगाते हुए उन्हें एक बार गिरफ्तार भी कर लिया गया है। अब स्थिति यह है कि पाकिस्तान में आवाम को रोटी, चावल और पेट्रोल, गैस जैसी जरूरी चीजों के लिए तरसना पड़ रहा है। पाकिस्तान में अभी गृह युद्ध जैसे हालात पैदा हो गये हैं। पाकिस्तान की सेना के जनरल मुनीर पाकिस्तान में मार्शल लॉ लगाने की तैयारी में हैं और इमरान खान को पूरी तरह नेस्तोनाबूद करने में लगे हुए हैं। इमरान खान के सभी बड़े समर्थक नेता पार्टी छोड़ कर भाग चुके हैं। महंगाई, बेरोजगारी और अराजकता पाकिस्तान में चरम सीमा पर है।

प्रधानमंत्री शरीफ के पास देश को बचाने के लिए धनराशि भी नहीं है और इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड, सऊदी अरब, चीन ने पाकिस्तान की मदद करने से हाथ ऊपर खड़े कर लिए हैं। ऐसे में पाकिस्तान में 1971 की तरह बांग्लादेश के निर्माण की कथा व्यथा और इतिहास को दोहराने की संभावना दिखायी दे रही है। 1971 में बांग्लादेश के बंगबंधु मुजीब उर रहमान ने गृह युद्ध की घोषणा कर भारत की मदद से पाकिस्तानी सेना का सामना कर पाकिस्तान को मजबूर कर दिया था और पाकिस्तानी सेना के 83000 जवानों ने जनरल नियाजी के नेतृत्व में भारत के जनरल अरोड़ा के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था और इस तरह बांग्लादेश का पृथक से निर्माण हो पाया था। अब किसी तरह भी पाकिस्तान में फिर से गृह युद्ध होता है और मार्शल लॉ लगाया जाता है तो सिंध, बलूचिस्तान के अलग होने की पूरी संभावना बन रही है वहां भी जनता पूरी तरह गृह युद्ध के तेवर में दिखायी देने लगी है। यदि ऐसा होता है, तो पाकिस्तान के टुकड़े होने से कोई रोक नहीं सकता।

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर 121 मुकद्दमे चलाये जा रहे हैं। वैसे तो यह पाकिस्तान का इतिहास ही है कि कोई भी प्रधानमंत्री बेदाग प्रधानमंत्री पद नहीं छोड़ पाया है। दूसरी तरफ उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान में आम जनता को दाल रोटी और चावल की कमी के कारण भुखमरी के हालात बन गये हैं।

पाकिस्तान के वर्तमान प्रधानमंत्री के सामने कई क्षेत्रों से चुनौतियां सामने आ रही हैं। वह अपनी आवाम को खाना खिलाये या अपनी पुरानी उधारी का कर्ज कई देशों को वापस करे या फिर अपनी सेना को मार्शल लॉ लगाने से रोके, शहबाज शरीफ अब पूरी तरह से लाचार दिखायी दे रहे हैं। उपरोक्त परिस्थितियों में पाकिस्तान का कोई भविष्य नजर नहीं आता है। पाकिस्तान को वर्तमान स्थिति से उबरने के लिए आगामी 10 से 20 साल लग सकते हैं और यदि मार्शल लॉ लगता है, तो निश्चित तौर पर पाकिस्तान के टुकड़े होने से पाकिस्तान रोक नहीं सकता है।

पाकिस्तान बड़े देशों की तरफ निहार रहा है कि कोई उसकी मदद करने के लिए आगे आये। परिस्थितियां ऐसी दिखायी दे रही हैं कि शायद ही कोई बड़ा और समझदार देश पाकिस्तान के इन हालातों में उसकी मदद कर पायेगा। पाकिस्तान को खुद पाकिस्तान के हुक्मरानों ने अपने देश को इस विकराल परिस्थितियों में धकेल दिया है। दूसरी तरफ भारत उसका पड़ोसी देश विकास की चरम सीमा पर है। आज की आर्थिक स्थिति में भारत विश्व में पांचवें स्थान पर है। सामरिक तौर पर भारत की सेना वैश्विक स्तर पर काफी मजबूत मानी जा रही है और भारत के प्रधानमंत्री की जापान यात्रा से भारत को ग्लोबल लीडर बना दिया है। यदि दोनों देशों (भारत और पाकिस्तान) की तुलना करें तो भारत पाकिस्तान से कहीं आगे निकल गया है।

## रांची की खबरें

# कृषि मंत्री ने किया मेधा स्लरी प्रसंस्करण इकाई का उद्घाटन



**रांची (आजाद सिपाही)।** मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा है कि सरकार ग्रामीणों की आय में वृद्धि के उपाय तो कर ही रही है, इसके साथ उनके बचत को भी बढ़ाने की योजना तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के किसानों के घरों में बायो प्लांट लगाने का काम किया जा रहा है, जिससे वे पूरी तरह से आत्मनिर्भर हो सकें। उन्होंने कहा कि सरकार की सोच है कि 80 प्रतिशत आबादी, जो खेती-बाड़ी पर निर्भर करती है, उनका सर्वांगीण विकास हो। मंत्री बादल गुरुवार को नेपाल हाउस में आयोजित ऑनलाइन माध्यम से मेधा स्लरी प्रसंस्करण इकाई के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में विभागीय सचिव अबू बकर सिद्दीकी, राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष डॉ मिनेश शाह, कार्यकारी निदेशक एस रघुपति, महाप्रबंधक अनिल हातेकर, महाप्रबंधक अभिजीत भट्टाचार्य, उप महाप्रबंधक चंद्रप्रकाश, प्रबंध निदेशक सुधीर कुमार सिंह, विशेष सचिव (कृषि) प्रदीप कुमार हजारी, उप निदेशक (गव्य) मनोज तिवारी आदि उपस्थित थे।

# राम लखन सिंह यादव कॉलेज के एम कॉम अंतिम सेमेस्टर के छात्रों की विदाई



**रांची (आजाद सिपाही)।** कोकर स्थित राम लखन सिंह यादव कॉलेज में एमकॉम सत्र 2021-2023 के छात्रों की विदाई हुई। सभी छात्रों का वाइभा लिया गया और अपने अपने विषय के अनुसार प्रोजेक्ट जमा किया गया। परीक्षा लेने के लिए रांची विश्वविद्यालय के कॉमर्स के हेड ऑफ डीन - डॉ अजय कुमार चट्टोराज जी मुख्यरूप से उपस्थित थे। साथ में सहयोगी महाविद्यालय कॉमर्स विभाग के डॉ चच्चु पाठक, डॉ राजश्री कौशिक, प्रिंस कुमार, गौतम प्रसाद साहु, तोरल सोनली टोप्पो, मिलन कविराज, गोपाल यादव ये सभी में उपस्थित छात्रों में मुख्य रूप से महाविद्यालय छात्र संघ के सचिव रवि अग्रवाल और अन्य सभी छात्रों की उपस्थिति रही। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जेपी सिंह ने कहा कि सभी छात्रों को उज्वल भविष्य की कामना और भविष्य में अपने अपने क्षेत्रों में आगे बढ़ने में बधाई और शुभकामनायें दिया और कहा कि आप सभी आगे जाकर देश की अर्थव्यवस्था की अच्छे से निर्माण करें और देश सेवा, राष्ट्र सेवा के साथ भविष्य को बनायें।

# राज्य में जल्द शुरू होगी मोबाइल वेटनरी

**झारखंड स्टेट इंप्लीमेंटिंग एजेंसी फॉर कैटल एंड बफैलो डेवलपमेंट, रांची और इएमआरआइ ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के बीच हुआ एमओयू**

**ग्रामीणों और उनके पशुओं के लिए 236 एंबुलेंस प्रखंड स्तर पर रहेंगे तैनात**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि सरकार की संवेदनशीलता राज्य की जनता के साथ-साथ यहां के पशुओं के लिए भी है। इसी के तहत पहले गौ मुक्तिधाम, फिर रेस्क्यू व्हैकिल का कार्य किया गया। आज इसी क्रम में पशु चिकित्सा की बेहतरी के लिए राज्य के सभी प्रखंड मुख्यालय में मोबाइल वेटनरी का संचालन करने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए इएमआरआइ ग्रीन हेल्थ सर्विसेज का चयन किया गया है यह एजेंसी देश के अन्य राज्यों में भी इस तरह का कार्य करता आ रहा है। इनके सहयोग से राज्य सरकार राज्य के पशुधन की सेहत की बेहतरी के लिए कार्य कर सकेगी। श्री बादल गुरुवार को नेपाल हाउस स्थित अपने कक्ष में झारखंड स्टेट इंप्लीमेंटिंग एजेंसी फॉर कैटल एंड बफैलो डेवलपमेंट, रांची के सीइओ प्रवीण झा और इएमआरआइ ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के निदेशक के कृष्णम राजू के बीच हुए एमओयू के उपरांत लोगों को संबोधित कर रहे थे। श्री बादल ने बताया कि विभाग द्वारा आधुनिक सुविधाओं से लैस 236 एंबुलेंस खरीदे जा रहे हैं, जो ग्रामीणों के पालतू पशुओं की चिकित्सा संबंधी समस्या के समाधान के लिए उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि मोबाइल वेटनरी के लिए सरकार जल्द ही एक हेल्पलाइन नंबर जारी करेगी।

इस अवसर पर कृषि एवं पशुपालन विभाग के सचिव अबू बक्कर सिद्दीख, झारखंड स्टेट इंप्लीमेंटिंग एजेंसी फॉर कैटल एंड बफैलो डेवलपमेंट, रांची के सीईओ प्रवीण झा ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के निदेशक के कृष्णम राजू समेत विभागीय पदाधिकारी और ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सरला बिरला विवि में इंडक्शन प्रोग्राम दीक्षारंभ का समापन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के सत्र 2023 - 24 के छात्रों का इंडक्शन प्रोग्राम दीक्षारंभ का समापन बीके बिरला ऑडिटोरियम में किया गया। तीन दिवसीय दीक्षारंभ के अंतिम दिन ह्यूमैनिटीज एंड लिंग्वस्टिक्स, योगा एंड नेचुरोपैथी तथा फामेर्सी और लॉ संकाय के छात्रों का विधिवत अभिनंदन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि विवि के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने नये छात्रों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय के अनुशासन, रीति- नीति, विभिन्न शैक्षिक परंपराओं आदि के बारे में जानकारी देते हुए अनुशासन पूर्वक बेहतर शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रबंधन छात्रों के बेहतर भविष्य निर्माण के लिए आधारभूत आवश्यकताओं सहित रिसर्च तक की सभी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए हर संभव प्रयत्नशील है, ताकि हमारे छात्र विश्वस्तरीय गुणवत्ता के साथ अपनी प्रतिभा का विकास कर राष्ट्र और समाज के कल्याण में सहभागी बन सकें।

समारोह में प्लेसमेंट सेल के डीन हरी बाबू शुक्ला, कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन प्रोफेसर राहुल वत्स, लाइब्रेरियन डॉ प्रमोद कुमार होता, छात्र संकायाध्यक्ष डॉ अशोक कुमार अस्थाना ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ नीतू सिंही एवं धन्यवाद ज्ञापन फामेर्सी के डीन डॉ शैलेश नारायन के द्वारा किया गया।

# यज्ञ मित्र भी है और शत्रु भी : पं रामदेव

**सनातन हिंसा विरोधी है और परदेशी धर्म हिंसा पोषित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सती ने योगाग्नि में स्वयं को जला लिया शिवगण एक सौ करोड़ शिवगण ने दक्ष यज्ञ को विध्वंस किया। वीरभद्र ने सती पिता दक्ष का माथा काट कर जला दिया, शिव समाधी में थे। सती के प्राण त्याग से विश्व को एक सौ आठ सिद्ध पीठ मिला है। अखंड भारत में कंधार से म्यामार तक और कन्याकुमारी से चीन तक है। कल्चरल पैथोलॉजिकल थ्योरी मे अमेरिका, यूरोप में दास और गुलाम प्रथा, श्वेत अश्वेत बुराइयां आयी, गुलाम का बच्चे गुलाम होंगे, तो स्ट्रेटजिक थ्योरी अरब देशों मे मुगलों, मंगोल से जापान चीन की सेना मे आया युद्ध के बाद स्त्रियां के साथ हिंसात्मक रूख अपनाया। युद्ध में हारे देश की महिला शोषण का शिकार हुई। और धर्मांतरण करने को मजबूर हुई। यह है विदेशी धर्मों का सिद्धांत, पर सनातन ग्रंथों में देवता और राक्षसों की अनेकों युद्ध है, लेकिन स्त्री और बाल हिंसा राक्षसों ने भी नहीं किया। बलि ने लक्ष्मी को बहन बनाया था, तो कृष्ण ने बानासुर को समधी बना लिया था। इस तरह सनातन में शिव ने युद्ध के बाद भी प्रतिद्वंद्वी को मान सम्मान दिया, चाहे वह दक्ष हो या रावण। पं रामदेव पांडेय ने राम जानकी मंदिर हाउसिंग कालानी बरियातू में तेइसवें दिन की कथा में शिव चरित्र में उक्त बातें कहीं।

# कांग्रेस पार्टी ने कभी नहीं की आदिवासियों की चिंता, केवल वोट बैंक समझा : प्रदीप वर्मा



**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रदेश महामंत्री और मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने गुरुवार को झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। वर्मा ने कहा कि कांग्रेस का दृष्टिकोण शुरू से ही आदिवासी विरोधी रहा है। कांग्रेस पार्टी ने आदिवासियों को केवल वोट बैंक समझा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की गलत नीतियों के कारण ही आदिवासी समाज आजाद भारत में लंबे समय तक विकास की मुख्यधारा में नहीं जुड़ पाया और उसी का परिणाम था कि अलग राज्य की मांग उठी। वर्मा ने कहा कि अलग राज्य के आंदोलन को भी कुचलने की हर संभव कोशिश कांग्रेस पार्टी ने की। इसने आंदोलन को खरीदने जैसे घृणित कार्य किये। आज भी आंदोलन के क्रेता-विक्रेता दोनों दल राज्य के जल, जंगल, जमीन को लूटने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की इतनी ही चिंता होती तो कश्मीर में धारा 370 लगाकर आदिवासी दलितों के अधिकारों से कांग्रेस पार्टी 73 वर्षों तक वंचित नहीं रखती। आज कांग्रेस गठबंधन सरकार में आदिवासियों की जमीन हड़पी जा रही। बहन-बेटियों की इज्जत लूटी जा रही। आदिवासियों की हत्याएं हो रहीं और कांग्रेस पार्टी मौन है। इसी से इनकी नीति और नीयत उजागर हो रही है। साथ ही कहा कि कांग्रेस पार्टी जिनकी गोद में बैठकर राज्य की सत्ता का भोग कर रही उन्हें आदिवासी समाज की नहीं, बल्कि परिवार की चिंता है।

# हर किसी की प्राथमिकताओं में है शिक्षा: आलोक दुबे

**पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद 12 अगस्त को रांची पहुंचेंगे**



**रांची (आजाद सिपाही)।** पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने बताया कि प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन लगातार शिक्षा के क्षेत्र में लोगों को संपूर्ण झारखंड में जागृत करता जा रहा है। पासवा संपूर्ण राष्ट्र और विशेष रूप से झारखंड में लगातार निजी विद्यालयों और बच्चों के हित में कार्य कर रही है। आलोक दूबे ने कहा कि पासवा अपने इस उद्देश्य में सफल भी हुई है यही कारण है कि आज पक्ष और विपक्ष हर किसी के प्राथमिकताओं में है शिक्षा। इसी क्रम में पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष 12 अगस्त को दो दिवसीय दौरे पर झारखंड की राजधानी रांची पहुंच रहे हैं। 12 अगस्त को न्यू ऑक्सफोर्ड स्कूल बूढ़ीबागी कांके में आयोजित आदिवासी जीवन दर्शन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

# दुष्कर्म और लव जिहाद के आरोपी तनवीर को नहीं मिलेगी बेल, याचिका खारिज

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची में हुये लव जिहाद और मॉडलिंग के नाम पर दुष्कर्म करने के आरोपी तनवीर अख्तर को बेल नहीं मिलेगी। रांची सिविल कोर्ट ने उसकी ओर से दायर जमानत याचिका को खारिज करते हुए अपना फैसला सुना दिया है। सुनवाई रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायुक्त दिनेश कुमार की अदालत में हुई। जमानत याचिका पर तनवीर की ओर से अधिवक्ता अविनाश पांडेय और अरविंद पांडेय ने बहस की।

# अवैध हथियार और कारतूस के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए खूंटी पुलिस ने गुरुवार को शहर के तोरपा रोड स्थित पीपल चौक से हथियार और गोली के साथ दो अपराधियों को धर दबोचा। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान मोहन टोली निवासी मूलतः बिहार के औरंगाबाद के रफीगंज थानांतर्गत हिसरा गांव निवासी नरेंद्र कुमार सिंह उर्फ बॉबी (19) और तोरपा रोड स्थित छत्रपाल नगर निवासी अभिजीत नाग उर्फ गुड्डु (22) के रूप में हुई है। उनके पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, एक गोली और एक मोबाइल बरामद किया है। इस संबंध में जारी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि दो अपराधी किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए हथियार के साथ पीपल चौक के पास भ्रमणशील हैं। इस पर एसपी द्वारा गठित छापामार टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों अपराधियों को धर दबोचा। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार नरेंद्र कुमार सिंह पिछले वर्ष लूट के एक मामले में जेल गया था। कुछ दिन पूर्व वह जमानत पर जेल से बाहर आया है। गिरफ्तार दोनों अपराधियों के विरुद्ध खूंटी थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। छापामार टीम में खूंटी थाना के एसआई श्रीकांत कुमार, अजय कुमार शर्मा व चंद्रशेखर पिंगुवा सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## एसपी ने मासिक अपराध बैठक के दौरान सभी थाना प्रभारियों को दिये निर्देश

# जमानत पर रिहा अपराधियों पर रखें कड़ी नजर: एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** एसपी कार्यालय सभागार में गुरुवार को मासिक क्राइम मीटिंग आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने की। इस अवसर पर थानावार कांडों की समीक्षा की गई और मामलों के डिस्पोजल और वारंट कुर्की के निष्पादन की स्थिति की समीक्षा हुई। क्राइम मीटिंग में एसपी ने सभी थानेदारों को निर्देश दिया कि जमानत पर बाहर आनेवाले अपराधियों पर कड़ी नजर बनाए रखें। उन्होंने उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में लगातार अभियान चलाने, अवैध अफीम से जुड़े कारोबारियों के विरुद्ध कारगर कार्रवाई करने और संदिग्धों पर नजर बनाए रखने का निर्देश दिया। बैठक में डीएसपी मुख्यालय जयदीप लकडा, खूंटी एसडीपीओ अमित कुमार, तोरपा एसडीपीओ ओम प्रकाश तिवारी, सर्किल इंस्पेक्टर शाहिद रजा, दिग्विजय सिंह, खूंटी थाना प्रभारी पिंकू कुमार यादव समेत सभी थाना प्रभारी आदि उपस्थित थे।



अधिकारियों के साथ मासिक अपराध बैठक करते एसपी अमन कुमार।

### आइपीसी व सीएनटी एक्ट के प्रावधानों की दी जानकारी

पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में भूमि विवाद से संबंधित मामले में की जानेवाली अग्रिम कार्रवाई के लिए प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अनुमंडल दंडाधिकारी अनिकेत सचान (भाप्रसे) ने जिले के पुलिस अधिकारियों को दंड प्रक्रिया संहिता (आइपीसी) और सीएनटी एक्ट के प्रावधानों में वर्णित कार्यवाही के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण सह कार्यशाला में जिले के पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, पुलिस उपाधीक्षक जयदीप लकड़ा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार, तोरपा एसडीपीओ ओमप्रकाश तिवारी सहित जिले के सभी पुलिस निरीक्षक, थाना प्रभारी व अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल हुए।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन में जुड़ें विद्यार्थी : कमलेश



खूंटी (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) खूंटी ने गुरुवार को जिला मुख्यालय के पिपरा टोली स्थित आइडियल हाई स्कूल में अपने सदस्यता अभियान की शुरूआत की। जिला संयोजक कमलेश महतो ने कहा कि एबीवीपी विश्व का एकमात्र ऐसा छात्र संगठन है, जो जिले के विभिन्न कॉलेजों और स्कूलों के परिसर में शैक्षणिक समस्याओं को उठाकर उसे समाधान तक ले जाने का काम करती है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन से जुड़े और राष्ट्र पुनर्निर्माण में सहयोग करें। सह संयोजक प्रकाश टूटी ने किहा कि संगठन के माध्यम से व्यक्ति निर्माण के साथ-साथ राष्ट्र का पुनर्निर्माण करने के लिए प्रत्येक वर्ष सदस्यता अभियान के माध्यम से अपने विचारों से छात्र-छात्राओं को जोड़ने का काम करती है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष खूंटी जिले के विभिन्न कॉलेज और स्कूलों में सदस्यता अभियान के माध्यम से 3000 छात्रों को इस संगठन से जोड़ने का लक्ष्य है। यह अभियान नौ सितम्बर तक चलेगा। अभियान के तहत आइडिल स्कूल की कक्षा नौ और दस की सभी छात्र-छात्राओं ने परिषद की सदस्यता ली। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य पंचू महतो और शिक्षिका सीमा सिंह ने सहयोग दिया। मौके पर परमानंद नाग, माया कुमारी, आदर्श राज, अजय जसवाल सहित कई विद्यार्थी उपाथित थे।

### डकरा में मिनी पीएनबी शाखा का उद्घाटन



खलारी (आजाद सिपाही)। डकरा गुरुद्वारा चौक स्थित पब्लिक फोनेक्स के पीछे मिनी पंजाब नेशनल बैंक शाखा का गुरुवार को उद्घाटन हुआ। पीएनबी बैंक खलारी के शाखा प्रबंधक मुकेश कुमार एवं आरसीएमएस एनके एरिया अध्यक्ष बीएन पांडेय, समाजसेवी अशर्फी राम और सुनील कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर मिनी पंजाब नेशनल बैंक शाखा का उद्घाटन किया। उन्होनें डकरा कोयलांचल के ग्राहकों को बैंक से जोड़ने के उद्देश्य से मिनी शाखा खोले जोन की जानकारी दी। वहीं शाखा संचालक विक्की चैहान ने बताया कि डीडी छापने को छोड़कर यहां सभी तरह की सेवा ग्राहकों को उपलब्ध होगी। इस अवसर पर अवधेश राय, रमेश चैहान, संजय गुप्ता, प्रकाश कुमार आदि मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जन्म दिवस पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



**खलारी (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का 48वां जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर खलारी, बुडमू, कांके सहित अन्य स्थानों के झामुमो कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से हेमंत सोरेन को बुके देकर जन्मदिन की बधाई दी। साथ ही उनके दीर्घायू होने की कामना की। बधाई देने वालों में कांके विधानसभा प्रभारी जनक नायक, सहप्रभारी जुल्फेकार खान, खलारी प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान, कांके प्रखंड अध्यक्ष जावेद अहमद, बुड़मू प्रखंड अध्यक्ष भुनेश्वर साहु, बबलु राम, शितल महतो, विश्वनाथ मुंडा, सोनू यादव, बबलू महतो, फारुक अंसारी, हानिफ अंसारी, रबीबुल रहमान, मो असलम सहित अन्य शामिल थे।

# नीलांबर पीताम्बर सनशाइन इंग्लिश मीडियम स्कूल में मनी पूर्व सांसद स्व. फूलन देवी की जयंती



**खलारी (आजाद सिपाही)।** जामडीह स्थित नीलांबर पीतांबर सनशाईन इंग्लिश मीडियम स्कूल में गुरुवार को पूर्व सांसद स्वर्गीय फूलन देवी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा, इंदिरा देवी, चूरी पश्चिमी मुखिया शांति देवी, आरपीआई अंबेडकर प्रदेश सचिव शंभूनाथ गंझू, आरपीआई अम्बेडकर महिला प्रदेश अध्यक्ष अनिता गंझू ने फूलन देवी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। फूलन देवी की जयंती पर उपस्थित लोगों ने केक भी काटा। कार्यक्रम के दौरान फूलन देवी का षोशण करने वाले असामाजिक लोगों का पुतला दहन किया गया। अनिता गंझू ने कहा कि दलित समाज से होने के कारण समाज में बैठे असामाजिक लोगों द्वारा फूलन देवी का शोषण किया गया। जिससे आजिज होकर फूलन देवी ने हथियार उठा लिया। अपने मान सम्मान के खातिर सामाजिक कुप्रथाओं से लड़ते हुए वे सांसद भी रही। अनिता एक्का ने वर्तमान में देश में महिलाओं का शोषण करने वालों को फांसी की सजा देने की मांग की। वहीं प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा ने कहा कि आज का दिन हम महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण है। फूलन देवी के संघर्ष ने महिलाओं को प्रेरणा दिया है। उन्होंने महिलाओं से संघर्ष करते हुए आगे बढ़ते रहने की बात कही। इस मौके पर आरपीआई अंबेडकर के जिला संगठन सचिव श्याम जी महतो, चूरी पश्चिमी मुखिया शांति देवी, सुनीता टोप्पो, सबा रहमत, सबिता देवी, अनिता तिग्गा, अनिता कुमारी, बबीता देवी, निरसो देवी, रीता देवी, सरिता देवी, सुमित्रा देवी, अजय महतो, रोहित उरांव, सरिता कुमारी , उजाला चैहान, रमेश गंझू आदि थे।

# स्वतंत्रता दिवस पर विधि व्यवस्था को लेकर एसडीओ ने की बैठक, दिये जरूरी निर्देश

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** स्वतंत्रता दिवस को लेकर बुंडू के अनुमंडल सभागार में गुरुवार को बैठक हुई। जिसमें स्वतंत्रता दिवस में विधि व्यवस्था को लेकर एसडीओ ने विशेष दिशा निर्देश दिया। इस बार अपना देश अपनी माटी की तर्ज पर कार्यक्रम करने की बात की गयी। स्वतंत्रता दिवस में सुबह प्रभात फेरी और बिरसा मुंडा प्रतिमा के पास झंडोत्तोलन किया जाएगा। टीटीसी मैदान में एक सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन करने की बात कही गई। इस मौके पर बुंडू डीएसपी अजय कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी अंजली मेहता एवं संजय कुमार बीडीओ संध्या मुंडू, सीओ राजेश डुंगडुंग थाना प्रभारी संजीव कुमार के अलावे विभिन्न स्कूलों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

# स्कूल में समस्याओं को लेकर बुंडू की छात्राओं ने किया रांची-टाटा रोड जाम



बुंडू (आजाद सिपाही)। बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं ने गुरुवार को रांची-टाटा रोड को जाम कर दिया। छात्राओं का कहना था कि विद्यालय में पेयजल की उचित व्यवस्था नहीं है, जिसके चलते उन्हें काफी परेशानी होती है। यही नहीं, छात्राओं को खुद टॉयलेट की सफाई करनी पड़ी है। खाने में कीड़ा लगा चावल दिया जाता है। किताबें अभी तक स्कूल में नहीं मिली है। स्कूल में गार्ड नहीं है। उधर, जाम की सूचना पाकर बुंडू सीओ राजेश डुंगडुंग पहुंचे और छात्राओं की मांग को सुना। साथ ही इसकी जांच का आश्वासन भी दिया।

# असंगठित मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा

**पिपरवार (आजाद सिपाही)। यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन पिपरवार क्षेत्रीय कमेटी की एक बैठक क्षेत्रीय कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष मुद्रिका प्रसाद और संचालन बाबूलाल राम ने किया। बैठक में बचरा साइडिंग और आरसीएम साईडिंग से जुड़े सैकड़ो असंगठित मजदूर शामिल हुए। बैठक में असंगठित मजदूरों की समस्या पर चर्चा की गई। इस दौरान हाई पावर कमेटी का लाभ असंगठित मजदूरों को नहीं मिलने पर आक्रोश प्रकट किया गया। क्षेत्रीय अध्यक्ष मुद्रिका प्रसाद ने बताया कि शुक्रवार को सीसीएल की हाई पावर कमेटी की एक टीम पिपरवार दौरे पर आ रही है। इस दौरान असंगठित मजदूरों की समस्या से उन्हें अवगत कराया जाएगा। श्रमिक संगठनों द्वारा असंगठित मजदूरों की समस्याओं को उच्च स्तरीय बैठक में भी उठाया गया था।**

# हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य लगातार कर रहा विकास : जुबैर अहमद

आजाद सिपाही संवाददाता





**खूंटी।** पथ निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में गुरुवार को झामुमो कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष जुबैर अहमद के नेतृत्व में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जन्मदिन केक काटकर मनाया। कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के दीघार्यु होने की कामना की और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर हेमंत सोरेन के जन्मदिन पर खुशियां मनाई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड लगातार विकास के पथ पर अग्रसर है। सरकार हजारों लोगों को नौकरी दे रही है। कार्यक्रम में झामुमो के केंद्रीय सदस्य मकसूद अंसारी, सुशील पाहन, मगन मंजीत तिड़ू, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष स्नेहलता कंडुलना, राजेन कुजूर, मोजीर अंसारी, डॉ हेमंत तोपनो, कुंवर सिंह मुंडरी, मांगू होरो, शांता खाखा, डेविड हमसोय, मनोज गुड़िया, प्रकाश मुंडा, अंथोनी कच्छप, संजीत नायक, विजय सांगा, शंकर सिंह मुंडा, महेंद्र सिंह मुंडा, आलोक रितेश डुंगडुंग, विनोद सांगा, संदीप तिड़ू, सनिका बोदरा, सलन ओड़ेया, तिमोथी खलखो, राजेन नायक, मो असलम आदि उपस्थित थे। बाद में जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकताओं ने जिले के नये उपायुक्त लाकेश मिश्र और नये सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी से मुलकात उन्हें शुभकामनाएं दी।

# जमीन की अवैध जमाबंदी के विरोध में ग्रामीणों ने सीओ को ज्ञापन सौंपा





**खलारी (आजाद सिपाही)।** झारखंडी शिव मंदिर पुरानी राय के पास जितिया जतरा मैदान, सप्ताहिक बाजार की जमीन, रामनवमी मेला और दशकर्म घाट की जमीन को अवैध जमाबंदी कराकर कब्जा किये जाने का विरोध करते हुए सैकड़ो ग्रामीण गुरुवार की दोपहर खलारी अंचल कार्यालय पहुंचकर सीओ को ज्ञापन सौंपा और जमाबंदी रद्द करने की मांग की है। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने बताया कि जिस जमीन पर पिछले 70 साल से सप्ताहिक बाजार, जितिया मेला सहित कई तरह के आयोजन होते आ रहा है, उक्त जमीन को दो व्यक्तियों द्वारा अवैध तरीके से जमाबंदी करवा लिया गया है। जिस कारण पुरानी राय, बम्बई होटल, गुनागढा, चुन्ना भट्टा, राय स्टेशन सहित दर्जनों गांव के ग्रामीणों में उबाल है। खलारी अंचल की ओर से जल्द से जल्द इस दिशा में पहल करते हुए इस समय जमाबंदी को रद्द करने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में उपप्रमुख सुमन देवी, राय पंचायत के मुखिया शीला कुमारी, पूर्व उपप्रमुख एतवारा महतो, अर्जुन महतो, जगदीश महतो, नरेश महतो, सुरेश महतो सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे।

### बुंडू के खपिया में फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन, पटेल स्पोर्टिंग क्लब 3-0 से जीता



पिपरवार (आजाद सिपाही)। कोयलांचल के समीपवर्ती बुंडू पंचायत के खपिया मैदान में पटेल स्पोर्टिंग क्लब खपिया के तत्वधान में फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। गुरुवार को इसका उद्घाटन मैच भुरकुंडा फुटबॉल टीम और पटेल स्पोर्टिंग क्लब खपिया के बीच खेला गया, जिसमे पटेल स्पोर्टिंग क्लब ने 3 -0 से जीत दर्ज कर टूर्नामेंट का आगाज किया। इससे पहले टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि केरेडारी प्रखंड की प्रमुख सुनीता देवी के अलावा उपप्रमुख अमेरिका महतो और बुंडू पंचायत मुखिया तुलसी तुरी शामिल हुए। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रमुख सुनीता देवी ने फुटबॉल को किक मारकर किया । प्रमुख सुनीता देवी ने कहा कि इतने सुदुरवर्ती इलाके में इतना बढ़िया टूर्नामेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसी तरह का मैच खेलकर खिलाड़ी प्रखंड, जिला से लेकर राज्य स्तर और देश स्तर तक पहुंचते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। वहीं, विशिष्ट अतिथि अमेरिका महतो और मुखिया तुलसी तुरी ने भी खिलाड़ियों को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रमुख प्रतिनिधि प्रेम रंजन पासवान, पंसस प्रतिनिधि मोहन कुमार, पाताल पंचाइत मुखिया प्रतिनिधी अजय एक्का, अध्यक्ष बालेश्वर महतो, उपाध्यक्ष कुलदीप महतो, कोषाध्यक्ष कामेश्वर महतो,जयनंदन महतो, उपकोषाध्यक्ष तारकेश्वर महतो, अपने जमाने के बेहतरीन खिलाड़ियों में शुमार अनमोल मिंज, रामचंद्र तिर्की ,देवनीश खलखो, रंजीत खलखो, महेंद्र महतो,विनोद महतो, दिनेश महतो, संतोष महतो, राजेश कुमार, सुनील कुमार, लखपति महतो, महादेव तूरी ,भरत महतो, कृष्णा महतो, मुन्ना महतो, विराज महतो, मुकुंद महतो, अशोक महतो, हीरालाल महतो, गणेश महतो, विजल महतो ,अशोक महतो,नेताजी,देवनारायण महतो, जगदीश महतो, दिलीप महतो, रंजित कुमार, शिवा महतो, कलेंद्र महतो,नारायण महतो, अनिल महतो के अलावा काफी संख्या में फुटबॉल प्रेमी उपस्थित थे।

# मेरी मोटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत तोरपा में हुआ पौधरोपण और मिट्टी संग्रह

# अभियान का मुख्य उद्धेश्य देश के लिए प्राण देने वाले शहीदों का सम्मान करना है : कोचे मुंडा



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत बुधवार को तोरपा प्रखंड के चुरगी गांव में पौधारोपण किया गया और वीरों का वंदन कार्यक्रम के तहत गांव की पवित्र मिट्टी का संग्रह किया गया।

मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक कोचे मुंडा, तोरपा के प्रखंड विकास पदाधिकारी दयानंद कारजी और अंचल अधिकारी सच्चिदानंद वर्मा ने गांव की मिट्टी का संग्रह कर पवित्र कलश में रखा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 30 जुलाई को अपने मन की बात कार्यक्रम के 103 सस्करण के दौरान मेरी माटी मेरा देश अभियान की घोषणा की थी। विधायक ने कहा कि अभियान का उद्देश्य देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देनेवाले बहादुर जवानों का सम्मान करना है। विधायक ने कहा कि शहीदों को सम्मान देने के लिए पूरे देश में यह अभियान चल रहा है। मौके पर भाजपा के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, विनोद भगत, प्रखंड अध्यक्ष पुरेंदर मांझी, सांसद प्रतिनिधि भागीरथ राय, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान, नीरज जायसवाल, दीपक तीगा, तोरपा पश्चिम के उप मुखिया राजू साहू के अलावा भाजपा के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# हेमंत सोरेन के जन्मदिन पर झामुमो ने मरीजों के बीच किया फल वितरण



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा प्रखंड में झामुमो कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जन्मदिन मनाया। प्रखंड अध्यक्ष रूबेन तोपनो और वरिष्ठ नेता और बीस सूत्री के प्रखंड उपाध्यक्ष हेमंत गुप्ता के नेतृत्व में मिठाइयां बांटी गई और रेफरल अस्पताल के मरीजों के बीच फलों का वितरण किया गया। इस दौरान रूबेन टोपनो ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्वस्थ रहें और दीघार्यु रहे। वे झारखंड के लोगों की सेवा करते रहें। हेमंत गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री के सफल नेतृत्व में जनता काफी खुश है। आनेवाले समय में विकास की गति और तेज होगी। इस मौके पर झामुमो के वरिष्ठ नेता संजय यादव, प्रखण्ड उपाध्यक्ष जयदीप तोपनो, सिंघराय कंडुलना, नामजन गुड़िया आदि थे।

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र संख्या 1826 दिनांक 10.08.2023 के अनुसार **मैं मुन्ना भारती**, पिता स्व. रामकुमार भारती, उम्र लगभग 52 वर्ष, धर्म- हिंदू राष्ट्रीयता भारतीय, निवास ग्राम- अग्रसेन डी.ए.भी. स्कूल के सामने, सांडी, पो.- भरेचनगर सांडी, थाना - मांडू जिला रामगढ़ (झारखंड), शपथ पूर्वक निम्नलिखित ब्यान करता हूं कि:-

1. यह कि सांडी मौजा के खाता संख्या 14 प्लॉट नं. 784 के रजिस्टर में मेरे पिता का नाम रामकुमार गुप्ता अंकित है।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड संख्या 4716 47515599 में मेरे पिता का नाम रामकुमार भारती अंकित है।
3. यह कि रामकुमार गुप्ता और रामकुमार भारती दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है जो मेरे स्वर्गीय पिता का नाम है।
4. यह कि यह शपथ पत्र मैं संबंधित अधिकारी / पदाधिकारी के समक्ष जमा करने हेतु तैयार किया हूं, जो सत्य वो सही है।

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र दिनांक 31 जुलाई 2023 के अनुसार मैं, रामदयाल उरांव पिता -रामा भगत निवासी ग्राम- बक्शी, पो. किस्को, थाना लोहरदगा, जिला लोहरदगा, राज्य झारखंड एदत द्वारा पथ पूर्वक निम्न लिखित ब्यान करता हूं कि:-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूं।
2. यह कि मेरा पुत्र का वास्तविक नाम अंश उरांव है एवं वास्तविक जन्म तिथि 25.02.2014 ई. है जो पुत्र के आधार सं. 2192 8326 4077 में दर्ज है।
3. यह कि पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त है जिसका पंजी संख्या बी - 2023:20-02068-000121, दिनांक 13.07.2023 है जिसमें पुत्र का नाम अंश उरांव एवं जन्म तिथि 25.02.2014 दर्ज है जो सही है।
4. यह कि मैं भारतीय सैनिक में कार्यरत था जिसका आरमी नं. 4279854 - एफ है और मैं सेवा निब्रत हो गया एवं मेरे सर्बिस बुक एंव पेंशन बुक में मेरा पुत्र का नाम- अंश कच्छप दर्ज है जो भूल वस दर्ज हो गया एवं जन्म तिथि 25.02.2012 दर्ज हो गया है जो गलत है।
5. यह कि उक्त मेरे सर्विस बुक एवं पेंशन बुक में पुत्र दर्ज नाम अंश कच्छप एवं जन्म तिथि 25.02.2012 ई. के स्थान पर पुत्र का सही नाम अंश उरांव एवं वास्तविक जन्म तिथि 25.02.2014 ई. सुधार कर दर्ज कर दिया जाए इस सुधार हेतु यह मथ पत्र सम्पादित कर रहा हूं।

## हेसल एसटी सरना टोली पहुंचने वाली कच्ची सड़क की हालत हुई बेहद खराब



**ग्रामीणों ने इस कच्ची सड़क को पीसीसी करने के लिए कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को आवेदन दिया लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** हेसल टोल प्लाजा से एसटी सरना टोली हेसल जाने वाली कच्ची सड़क की हालत बेहद खराब हो चुकी है। बारिश के कारण सड़क पर जगह-जगह जलजमाव हो गया है। वहीं पूरी सड़क कीचड़ में तब्दील हो चुकी है। सड़क की दयनीय स्थिति के करण ग्रामीणों को आवागमन में घोर असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों को इस सड़क पर पैदल चलना मुश्किल हो गया है। बारिश के मौसम में तो लोगों का यहां से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। इस टोला में अधिकांश आदिवासी समुदाय के लोग रहते हैं। इस टोला में रहने वालों को सरकार की ओर से अब तक सड़क सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है।

ग्रामीण बताते हैं कि इस कच्ची सड़क को पीसीसी करने के लिए कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को लिखित आवेदन दिया गया है, बावजूद आज तक सड़क को दुरूस्त करने की दिशा में कोई कारवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने यथाशीघ्र यहां किसी भी योजना मद से पीसीसी पथ निर्माण कराने की मांग की है।

## चैलेंजर फुटबॉल टूर्नामेंट में पिपरवार और अकतान की टीम ने अपने-अपने लीग मैच जीते



**खलारी (आजाद सिपाही)।** केडीएच मैदान में चल रहे 39वां चैलेंजर फुटबॉल टूनार्मेंट के गुरूवार को दो मैच खेला गया। पहला मैच सरना स्ट्राईकर्स बनाम पिपरवार की टीम बीच खेला गया। जिसमे पिपरवार की टीम ने पैनेल्टी षुट आउट में 9-8 के गोल के अंतर मैच में जीत दर्ज की। वहीं मैच में मैन ऑफ द मैच षुभम कुमार रहे। दुसरा मैच अकतान बनाम हरगड़ी बेंती की टीम के खेला गया। जिसमें अकतान की टीम ने 4-1 गोल के अंतर से हरगड़ी बेंती की टीम को हराया। मैन ऑफ द मैच पवन मुंडा रहे। दोनों मैन ऑफ द मैच खिलाड़ियों को रैम्बो क्लब के सदस्यों द्वारा पुरस्कृत किया गया। मैच के सफल आयोजन में क्लब के रामजतन गंझू, प्रकाश महतो, राजू सिंह, राजकुमार मुंडा, रंजीत कुमार, इंद्रदेव, सुनील केवट, दिलु साव, रोहन बेदिया, अजय गंझू का सराहनीय योगदान दिया जा रहा है।

## बेड़ो में रैली निकाल आदिवासियों से अपने हक के लिए एकजुट होने का किया आह्वान



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को विश्व आदिवासी दिवस पर ग्रामीणों ने रैली निकाली। साथ ही आदिवासी समुदायों ने विवाह मंडप परिसर में एक सभा आयोजित कर आदिवासियों से एकजुट होकर अपने हक अधिकार की रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान किया। वहीं रैली महादानी मैदान से निकलकर प्रखंड मुख्यालय प्रांगण, महावीर चौक, बाजार टांड़ व देवी मंडप होते हुए पुनः विवाह मंडप में पहुंचकर एक सभा में बदल गयी। सभा में वक्ताओं ने आदिवासी एकता, परंपरा व संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखने तथा शैक्षणिक स्तर पर सुधार करने करने की अपील की। सभा में मणिपुर की घटना का जमकर विरोध करते हुए इसकी कड़ी भर्त्सना की गयी। वहीं मौके पर समाजसेवी जुगेश उरांव, राकेश भगत, सुका उरांव, करमा उरांव, देवनीस तिग्गा, बुधराम बाड़ा, परमेश्वर भगत, मुखिया सुशांति भगत, कुंवारी खलखो, रमेश उरांव, लक्ष्मी कोया सहित कई लोग मौजूद थे।

## तुमांग पंचायत भवन में वन अधिकार कानून को लेकर बैठक



**खलारी (आजाद सिपाही)।** तुमांग पंचायत भवन में गुरुवार को वन अधिकार कानून को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पनवा देवी एवं संचालन रवि भोगता ने किया। बैठक में वन अधिकार कानून 2006 एवं संशोधित नियम 2012 की धारा पांच और धारा तीन अधार पर वन संसाधनों के संरक्षण, संवर्द्धन एवं प्रबंधन गाँव सिमाना को लेकर जानकारी दी गई। खाली जमीन में फलदार एक उपयोगी पौधा लगाने जंगल जमीन जिसमें जैविक खेती करना है ताकि पशु पक्षी जीव जन्तु रोग मुक्त एवं निरोग हो। बैठक में सूर्यमनी भगत, अलेक्स टोप्पो, विजय भगत, हजारी गंझु ने वन अधिकार कानून को लेकर कई जानकारियां दी। बैठक में सूकरमनी देवी, मंजू देवी, रवि भोगता, सूरज गंझु, कीसुन लोहरा, सिकंदर गंझु, गणेश मुंडा, विजय गंझु, उमेश लोहरा, सुषमा देवी, पिंकी देवी, रूबी देवी, सावित्री देवी, कोशिला देवी, रेखा देवी, सुमित्रा देवी, सुनीता देवी, शांति देवी, रेखा देवी, शोभा देवी, फूलमनिया देवी आदि मौजूद थे।

### कार्रवाई : नगड़ी पुलिस ने नगड़ी नारो बाजारटांड़ में की छापेमारी

# शराब बिक्री कर रहे लोगों को मारकर भगाया, सामान जब्त

**थाना प्रभारी ने अवैध काम करने वालों को कार्यशैली में सुधार लाने की दी चेतावनी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** पुलिस उपाधीक्षक प्रवीण कुमार के नेतृत्व में गुरुवार को नगड़ी पुलिस ने नगड़ी नारो बाजार टांड़ का औचक निरीक्षण सह छापामारी कर बाजार टांड़ में बिक्री कर रहे शराब दुकानदारों को मार भगाया और मौके पर अवैध शराब बिक्री के लिए रखे सारे समानों को जब्त कर नगड़ी थाना लाया। मौके पर पुलिस उपाधीक्षक प्रवीण कुमार ने कहा कि आमजन कानून व्यवस्था बनाने के लिए प्रशासन का सहयोग करें हम पूर्ण रूप से आप के साथ हैं। कानून को हाथ में लेने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे अपनी कार्यशैली में सुधार लायें अन्यथा प्रशासन नकेल कसने को तैयार है। खास कर जमीन के कारोबारी। एक भी विवाद से कानून व्यवस्था बिगड़ती है तो बिना देरी किए उन्हें सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा क्षेत्र में कहीं भी अड्डेबाजी ना करें।

इधर उन्होंने नगड़ी नारो बाजार में अवैध शराब बिक्री कर रहे लोगों से कहा कि आप इसे तुरंत बंद करें नहीं तो इसके विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इधर नगड़ी थाना प्रभारी रोहित कुमार ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाने रखने में आम जनता की भूमिका महत्वपूर्ण है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाने के लिए नगड़ी पुलिस हर कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि नगड़ी थाना क्षेत्र में जुआ खेलने और खेलाने वाले हों या अन्य गलत काम करने वाले लोगों पर नगड़ी पुलिस की पैनी नजर है। ऐसे लोगों की लिस्ट भी तैयार कर रही है। उन पर भी पुलिस शीघ्र ठोस कार्रवाई करेगी।

## बेड़ो में धूमधाम से मनाया जायेगा स्वतंत्रता दिवस व अमृत महोत्सव

**प्रखंड कार्यालय सभागार में बैठक कर बीडीओ ने की तैयारियों की समीक्षा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** देश की आजादी के 76वें स्वतंत्रता दिवस व अमृत महोत्सव को प्रखंड वासी धूमधाम से मनाएंगे। इसकी तैयारी को लेकर गुरुवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में बीडीओ डा. प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सरकार द्वारा मिले दिशा-निर्देश के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर प्रत्येक गांव से मिट्टी को 13 अगस्त को प्रखंड कार्यालय लाया जाएगा। अमृत सरोवर के किनारे पौधरोपण किया जाना है। जिन गांवों में अमृत सरोवर का निर्माण नहीं हुआ हो वहां किसी सरकारी विद्यालय, पंचायत भवन या अन्य जलाशय के किनारे पौधरोपण किया जाएगा। साथ ही 15 अगस्त को सभी अमृत वाटिका में ध्वजारोहण होगा। वहीं बैठक में 15 अगस्त को ध्वजारोहण के लिए पूर्व निर्धारित समय सारणी में आंशिक संशोधन किया गया, जिसमें प्रखंड कार्यालय प्रातः 8.05 बजे, तहशील कचहरी 8.15 बजे, पुलिस उपाधिक्षक कार्यालय 8.20 बजे, बीआरसी 8.30 बजे, पशु चिकित्सालय 8.45 बजे, सीएचसी 8.50 बजे, पुलिस निरीक्षक 9.00 बजे, नरकोपी व बेड़ो थाना 9.05 बजे, पीएचईडी में 9.20 बजे, बालक मध्य विध्यालय में 9.30 बजे, वन क्षेत्र पदाधिकारी कार्यालय में 9.35 बजे, प्लस टू विद्यालय में 9.40 बजे, प्रोजेक्ट बालिका में 9.50 बजे, बालिका मध्य विद्यालय में 9.55 बजे, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में 10.00 बजे, विद्युत विभाग 10.15 बजे, बाजार टांड़ 10.20 बजे, महादानी मैदान 11 बजे व सभी पंचायत भवनों में प्रातः 9.00 बजे और अमृत सरोवर व अमृत वाटिका में 9.30 बजे ध्वजारोहण किया जायगा।

बैठक में सीओ सुमंत तिर्की, थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम, सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय, मुखिया सुशांति भगत, महावीर उरांव, वीरेंद्र भगत, सरिता एक्का, पंसस राखी भगत, अरुण कुमार साहू सहित बैठक में सभी पंचायत के मुखिया सभी विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।

## पंचायत प्रतिनिधियों ने आदर्श पंचायत के मुहिम को घर घर तक पहुंचाने की ली शपथ

**हमें गर्व महसूस हो रहा है कि हमारे गृह पंचायत को आदर्श बनाया जाएगा : राजेंद्र शाही मुंडा**

आजाद सिपाही संवाददाता



सिकिदीरी। प्रस्तावित आदिवासी आदर्श पंचायत नवागढ़ को झारखंड सरकार द्वारा आदर्श बनाने हेतु पायलेट प्रोजेक्ट में शामिल करने की खुशी में गुरुवार को पंचायत सचिवालय सभा कक्ष में जिला परिषद अनगड़ा पूर्वी राजेंद्र शाही मुण्डा के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित कर आदिवासी आदर्श पंचायत के मुहिम को पंचायत के प्रत्येक परिवार तक पहुंचाने हेतु पंचायत प्रतिनिधियों, मुखिया, पंसस, वार्ड सदस्य, ग्राम प्रधान एवं समाजिक कार्यकर्ताओं ने शपथ ली।

कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य राजेंद्र शाही मुण्डा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले दिन झारखंड पंचायती राज्य विभाग के डीपीएम ने केरल प्रतिनिधि सुमैना की उपस्थिति में वर्तमान में चल रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि हमें गर्व महसूस हो रहा है कि हमारे गृह पंचायत को आदर्श बनाया जाएगा। इसका श्रेय रामकृष्ण मिशन विवेकानंद शैक्षिक एवं अनुसंधान संस्थान द्वारा संचालित विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार हब के पदाधिकारियों को जाता है। उन्होंने गांव में प्रोजेक्ट का कार्य के साथ- साथ गांव के लोगों में मानसिक परिवर्तन लाने का कार्य किया है। जिसका उदाहरण बड़कीगोड़ाग गांव के ग्रामीणों द्वारा श्रमदान से डेढ़ किमी पहुंच पथ का निर्माण करना, गांव के महिला समूह द्वारा प्रत्येक सप्ताह सामूहिक सफाई करना, गांव में सप्ताहिक बैठक करना आदि हैं। भविष्य में भी मैं इनसे पंचायत के विकास के लिए अच्छा प्रदर्शन की अपेक्षा करता हूं।

मौके पर मुखिया भुवनेश्वर बेदिया, पंसस फाल्गुनी शाही, विवेकानंद सेवा केन्द्र अध्यक्ष संतोष बेदिया, वार्ड सदस्य गीता देवी, पूर्व वार्ड सदस्य जगू बेदिया, संजय मुण्डा, रोहित शाही, तुलसी महतो, सोनी कुमारी, हरीचरण बेदिया, धनेश्वर बेदिया, जयशंकर पहान, नरेन्द्रनाथ बेदिया, जगदीश भोगता आदि शामिल थे।

### आस्था : लापुंग के गलगली बाबा धाम में कई धार्मिक अनुष्ठानों का किया गया आयोजन

# बाबा भोलेनाथ की आराधना के साथ किया गया रूद्राभिषेक

**चित्रकूट धाम से आये महंत अवधेशानंद गिरी और गया बिहार के स्वामी अर्जुनानंद भारती महाराज की देखरेख में हुए सभी अनुष्ठान**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के प्रसिद्ध गलगली बाबा धाम में धार्मिक अनुष्ठानों के बीच रूद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बाबा भोलेनाथ की अराधना, सत्यनारायण व्रत कथा तथा नौ कन्या पूजन का आयोजन किया गया। वेद मंत्रोच्चार के बीच गणेश पूजन, नवग्रह पूजन सहित विभिन्न प्रकार के धार्मिक अनुष्ठानों के साथ रुद्राभिषेक अनुष्ठान किया गया।

इस मौके पर चित्रकूट धाम से आए महंत अवधेशानंद गिरी और गया बिहार के स्वामी अर्जुनानंद भारती महाराज की देखरेख में मुख्य पुजारी धनंजय दास के नेतृत्व में यजमान प्रसिद्ध वैद्य बंधन सिंह खेरवार, उनकी पत्नी यशोदा सिंह खेरवार, खिलेश्वर सिंह खेरवार, उनकी पत्नी भाग्यत्री सिंह खेरवार, लखन साहू तथा उनकी पत्नी अनुराधा देवी ने अनुष्ठान सम्पन्न किया।

इस मौके पर सत्यनारायण व्रत कथा का भी आयोजन किया गया। वहीं खिलेश्वर सिंह खेरवार तथा उनकी पत्नी भाग्यत्री सिंह खेरवार ने नौ कन्याओं के पांव पखारकर उनका पूजन किया और सभी नौ कन्याओं सहित भैरो बाबा को भोजन कराया। देर शाम भंडारा का आयोजन किया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम के दौरान आचार्य फणिनाथ कर, पुरोहित सीताराम दास, रामनारायण दास, उमेश गिरी रामलोचन दास, सुरेश ठाकुर रामा ठाकुर, अरुण प्रसाद सोनी, शिवलोचन सिंह खेरवार, चरकू साहु, पड़हा राजा सुरेश मुंडा, लाल राकेश नाथ शाहदेव, कलेश्वर गोप, संजय यादव, कृष्णा तुरी, रविंद्र तुरी, महेंद्र उरांव, मनबहाल तुरी, रवि महतो, मितेश सिंह खेरवार, श्रवण खेरवार, बैजनाथ भगत, रीना देवी, अंजली देवी, बंधनी देवी, शंभु कच्छप सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## नामकुम प्रखंड में 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान कार्यक्रम की हुई शुरुआत



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान 9 अगस्त से 15 अगस्त तक नामकुम प्रखंड के सभी ग्राम पंचायत में किया जा रहा है। जिसकी शुरुआत गुरुवार को नामकुम बीडीओ ज्ञानशंकर जसवाल ने की। जिसमें मातृभूमि की माटी प्रत्येक ग्राम पंचायत से प्रखंड, जिला होते हुये दिल्ली तक अमृत वाटिका निर्माण हेतु भेजी जायेगी तथा वसुधा वंदन कार्यक्रम अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर के किनारे देश के 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अमृत सरोवर के किनारे 75-75 स्थानीय पौधे लगाते हुये अमृत वाटिका का निर्माण किया जाना है। जिस पंचायत में अमृत सरोवर नहीं है, वहां पंचायत भवन, विद्यालय अन्य चिन्हित स्थल में अमृत वाटिका हेतु पौधरोपण किया जाना है। वसुधा वंदन स्थल पर शीला फलकम की स्थापना की जायेगी। जिसमें देश के वीरों के त्याग बलिदान से संबंधित जानकारी जन सामान्य को दी जायेगी। साथ ही मेरी माटी मेरा देश अभियान में पंच प्रण, वीरों का वंदन ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान की गतिविधि की जायेगी। कार्यक्रम की शुरुआत बीडीओ द्वारा पंच प्रण शपथ दिलाकर की गयी। मौके पर महिला प्रसार पदाधिकारी रेणु कुमारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मरियम बानो, सहायक अभियंता मनोज कुमार, मिथिलेश सिन्हा, लेखा सहायक राहुल मिश्रा, नाजिर रितेश कुमार, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक एवं प्रखंड के कर्मी आदि उपस्थित थे।

## सांसद प्रतिनिधि की माता के निधन पर भाजपा नेताओं किया शोक व्यक्त



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** भाजपा अनुसूचित जाति एससी मोर्चा ग्रामीण जिला मंत्री सह सांसद प्रतिनिधि प्रशासनिक विभाग नामकुम अशोक नायक की माता प्यासो देवी (75) का निधन बुधवार दोपहर को हो गया। वह अपने पीछे पति और एक पुत्र को छोड़ गयी हैं। निधन पर गुरुवार को रांची सांसद संजय सेठ उनके कुटीयातू चटकपुर गांव स्थित उनके आवास पहुंचे और मृतक के परिजनों को ढाढ़स बंधाया। उनके साथ खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन एवं खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह थे। अंतिम संस्कार कुटीयातू स्थित मुक्तिधाम घाट पर कर दिया गया। उनके निधन पर सांसद संजय सेठ, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, प्रमोद कुमार सिंह, सुरेंद्र महतो, अशोक मुंडा, समीर राय, उमाकांत राय, विजेंद्र राय, गोरखनाथ सिंह, तुलसी गोप, लखींद्र नायक, सुकरा कच्छप, आनंद सिंह, सहदेव सिंह, दिलीप साहू, मनोज सिन्हा, सुरेंद्र महतो, पत्रकार राजेश वर्मा के साथ ग्रामीणों ने शोक व्यक्त किया है।

## द्वारिका हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में निशुल्क शिशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** द्वारिका हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर महिलौंग रांची के द्वारा गुरुवार को निशुल्क शिशु स्वास्थ्य शिविर कैंप का आयोजन आंगनबाड़ी केंद्र सरई टोली टाटीसिलवे में किया गया। शिविर का आयोजन नामकुम पूर्व जिप सदस्य फुलकुमारी देवी के सहयोग से किया गया। शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ एंटोनी किस्कू के द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें ज्यादातर बच्चों में कुपोषण, सही तरीके से शारीरिक विकास ना होना, खाने में रुचि न होना और शारीरिक कमजोरी होने की शिकायत पायी गयी। डॉक्टरों द्वारा जांच कर दवाईयां और सलाह दी गयी। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ एंटोनी किस्कू ने कहा कि बच्चों की दिनचर्या में काफी बदलाव आ चुका है। बच्चे अब मैदानी खेल खेलना कम कर चुके हैं। इसके एवज में मोबाइल टीवी आदि चीजों में ज्यादा व्यस्त रहते हैं। इस वजह से बच्चों की शारीरिक गतिविधियों में कमी आ गयी है। इसलिए जरूरी हो गया है कि बच्चों को मोबाइल से दूर रखा जाए। शिविर को सफल बनाने में पूर्व जिप सदस्य फूलकुमारी देवी, अनुप्रिया कुमारी, सरस्वती मांझी, जनसंपर्क अधिकारी द्वारिका हॉस्पिटल दिवा पासवान आदि उपस्थित थे।

## झामुमो नामकुम प्रखंड अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री का जन्मदिन मनाया



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झामुमो नामकुम प्रखंड अध्यक्ष बिरीश मिंज ने गुरुवार को मुख्यमंत्री सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्य प्रभारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को 48वें जन्मदिन पर उन्हें बुके एवं जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने कुटियातू पंचायत में झामुमो कार्यकर्ताओं के बीच केक काटा और बच्चों के बीच बांटकर मुख्यमंत्री का जन्मदिन मनाया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इतने कम समय में राज्य का जो विकास किया है, उसका पूरे देश में नाम हो रहा है। इस मौके पर कुटियातू पंचायत के ग्रामवासी एवं बच्चे शामिल थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## बिशुनपुर में विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर निकाली गयी भव्य शोभायात्रा



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** चला अखड़ा खोड़हा ग्राम शाखा जाहूप के द्वारा विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर पांचो पांडव मंदिर परिसर से कोको टोली बगीचा तक शोभायात्रा निकाली गयी। जहां प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव से आदिवासी समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। शोभा यात्रा बनारी गोरा टोली होते हुए कोको टोली बगीचा पहुंचने के उपरांत सभा में तब्दील हो गयी। वहीं पड़हा व्यवस्था के सचिव सतीश भगत ने आदिवासी समाज को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के बाद आज भी हमारे आदिवासी समाज को पूर्ण रूपेण अपना हक अधिकार नहीं मिल सका है और हमारा शोषण होता रहा है। अनुच्छेद 13(3) सी के तहत रूढ़ी प्रथा ग्राम सभा ही सभी समुदायों को संरक्षण देगी। हम लोगों को अपना गांव में रूढ़ी प्रथा ग्राम सभा चलानी होगी, तभी आदिवासी समाज सुरक्षित रहेगा। बुनियादी पड़हा के अनुसार गांव के मालिकों की सामाजिक अर्थव्यवस्था होनी चाहिए। इसके लिए हम आदिवासी समाज को एकजुट होकर एक मंच पर आना होगा। इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। मौके पर अध्यक्ष रोशन उरांव, रोवेत प्रदीप कुजूर, बैगा अनित उरांव, तेतरू उंराव, चामू उंराव, एडमिन कुजूर, बिंदेश्वर उंराव, जितेंद्र उंराव, बाबू लाल उरांव, महावीर उरांव, कमलेश खेरवार, ईरइयुस मिंज, दीप लाल नागेशिया, देसा भगत, विनय उरांव, स्टीफन किंडो, साहेब उंराव, चंद्रेश उंराव सहित समाज के कई लोग मौजूद थे।

## सीडीपीओ कार्यालय की अनुसेवक के निधन पर शोक सभा का आयोजन



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड बाल विकास परियोजना कार्यालय में विगत 23 वर्षों से कार्यरत अनुसेवक गीता देवी (48) का असामयिक निधन गुरुवार अहले सुबह तीन बजे अपने निवास स्थान भरनो में हो गया। वे काफी समय से कैंसर बिमारी से पीड़ित थीं। बीते एक सप्ताह पूर्व कोलकाता में इलाज के दौरान परिजनों को चिकित्सकों ने उनके कैंसर के अंतिम चरण में होने की जानकारी देते हुए घर पर ही सेवा करने की सलाह दी थी। मृदुभाषी, मिलनसार व कार्य के प्रति निष्ठावान अनुसेवक गीता देवी के निधन पर प्रखंड कार्यालय परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा के पश्चात सीडीपीओ कार्यालय को दिन भर के लिए बंद कर दिया गया। शोक व्यक्त करने वालों में बीडीओ सुनीला खलखो, सीओ अरुणिमा एक्का, सीडीपीओ सुधा सिन्हा, सुपरवाइजर जहां आरा, बीपीएम रिजवाना, मुखिया अलबीना देवी, रेखा देवी, बीपीआरओ संतोष भगत, आंगनबाड़ी सेविका, पंचायत सचिव, जनसेवक, राजस्व उपनिरीक्षक, अनुसेवक, जन वितरण दुकानदार सहित प्रखंड सह अंचल कार्यालय कर्मी, जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित थे।

## आदर मलगो में भव्य कलश यात्रा निकाल कर भगवान भोलेनाथ का किया गया जलाभिषेक



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा प्रखंड के आदर मलगो में सावन के पावन महीने में कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा महादेव पीपल वृक्ष से प्रारंभ होकर पूरा गांव भ्रमण करते हुए आदर भंडार टोली महादेव मंदिर परिसर में स्थित तालाब से आचार्य प्रेम कुमार मिश्रा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जलभरी कराया गया। जिसके बाद पुनः हर हर महादेव, बोल बम के नारे के साथ श्रद्धालुओं ने महादेव पीपल वृक्ष पहुंच भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। इस दौरान 400 की संख्या में कलश यात्री मौजूद थे। इस संबंध में आचार्य प्रेम कुमार मिश्रा ने बताया कि यह कार्यक्रम एकदिवसीय है, जिसमें 12 बजे दिन से लेकर रात्रि 12 बजे तक अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया है। जिसके बाद हवन व आरती का कार्यक्रम किया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए लंगर की व्यवस्था भी प्रबंधन समिति के द्वारा किया गया है। कलश यात्रा को सुरक्षा प्रदान करने के लिए पुलिस के जवान भी तैनात किए गए थे। इस मौके पर मुख्य रूप से आचार्य प्रेम कुमार मिश्रा, गोपाल गोप, बदल राम, सुखदेव महतो, भगत महतो, बालों राम, विनोद उरांव, ननका महतो, पारस महतो, कुंवर उरांव, विनोद राम, शिवशंकर राम, रविंद्र गोप, आनंद ठाकुर व बंधन महतो सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

**बैठक :** प्रदेश अध्यक्ष के गुमला प्रवास को यादगार बनाने के लिए भाजपा ने बनायी रणनीति

# चुनाव के लिए कमर कस लें सभी कार्यकर्ता : मुनेश्वर साहू

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का 19 व 20 सितम्बर को गुमला में होगा प्रवास : अध्यक्ष**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ता कमर कस लें। और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछले नौ वर्षो की सेवाओं को जनता के सामने रखने का काम करें। उक्त बातें भाजपा की बैठक में गुरुवार को प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू ने कही। गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी गुमला जिला के तत्वावधान में मुनेश्वर साहू के कॉन्फ्रेंस हॉल में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता के साथ एक बैठक अयोजित की गई थी। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी ने की। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में आगे कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ और पहचान होते हैं। मजबूत कार्यकर्ता से ही कोई पार्टी मजबूत हो सकती है। जिला अध्यक्ष अनूप चन्द्र अधिकारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का 19 व 20 सितम्बर को प्रवास गुमला जिला में तय हुआ है। इसकी तैयारी को लेकर सभी कार्यकर्ता और मण्डल अध्यक्ष अभी से लग जाएं। आगामी 13, 14 और 15 अगस्त को भारतीय जनता पार्टी द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम चलाया जाएगा। तत्पश्चात 14 अगस्त को जिला स्तर पर विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया जाएगा। वर्तमान सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है, जिसका भाजपा के कार्यकर्ता विरोध करेंगे।

पूर्व विधायक कमलेश उरांव ने कहा कि पार्टी के द्वारा नियुक्त बीएलए 2 को नये मतदाता को जोड़ना और फर्जी मतदाता को मतदाता सूची से नाम हटवाने हेतु कार्य करना है।

**चेंबर के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का किया गया स्वागत :** बैठक में चैंबर ऑफ कॉमर्स गुमला के नवनियुक्त अध्यक्ष दामोदर कसेरा, कार्यकारी अध्यक्ष सत्यनारायण पटेल, उपाध्यक्ष राजेश सिंह, रिकी जयसवाल, सचिव बबलू वर्मा, रविशंकर दास लाल को फूल माला और भाजपा पट्टा देकर स्वागत किया गया। बैठक में भूपेन साहु, भिखारी भगत, सविंदर सिंह, सागर उरांव, गायत्री देवी, सतनारायण पटेल, प्रदीप प्रसाद, जगनारायण सिंह, प्रतिमा देवी, जसवंत सिंह, तंबू उरांव, अशोक राव, कौशलेंद्र जमुहार, खुशमन नायक, राधेश्याम कुशवाहा, किरणमाला बाड़ा, केदार साहू, दिनेश सिंह, चितरंजन मिश्रा, सनोज वर्मा, सूरज देव सिंह, रामअवतार भगत, जोगेंद्र सिंह, दामोदर कसेरा, प्रदीप प्रसाद अन्य लोग मौजूद थे।

# प्राइवेट फाइनेंस कंपनी के सेंटर मैनेजर पर अपराधी ने चलायी गोली

**मिस फायर के बाद सिर में बट से मारकर किया घायल**

**पुलिस ने अपराधी की बाइक व बंदूक किया बरामद, अपराधी फरार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के फोरी गांव में गुरुवार को सुबह करीब 9:40 बजे किसानों के साथ मीटिंग करने पहुंचे कैशपर माइक्रो क्रेडिट नामक प्राइवेट फाइनेंस कंपनी के सेंटर मैनेजर राजकुमार विश्वकर्मा के साथ लूटपाट को लेकर इलाके में सक्रिय अपराधी मिन्नत खान द्वारा जानलेवा हमला किये जाने का मामला प्रकाश में आया है।

हालांकि इस हमले में राजकुमार की जान तो बच गई, मगर उसके सिर में गंभीर चोट आयी है। सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे डिस्चार्ज कर दिया गया है। अपराधी द्वारा बंदूक के बट से मारे जाने के कारण उसके सिर में दो टांके लगे हैं। घटना को लेकर राजकुमार ने सदर थाना में लिखित आवेदन देकर अपराधी मिन्नत खान के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। साथ ही कार्रवाई की मांग की है।

इधर घटना के बाद से ही सदर थाना की पुलिस अपराधी मिन्नत खान को पकड़ने को लेकर लगातार छापामारी अभियान चला रही है। मगर देर शाम तक वह पुलिस की गिरफ्त से बाहर था। घटना के बावत बताया जाता है कि लोहरदगा जिला के मितगढ़ा गांव निवासी राजकुमार अपनी बाइक से फोरी गांव पहुंचा था। साथ ही वह महिला मंडल के साथ बैठक करने की तैयारी में जुटा था। मौके पर वह अकेला था, तभी क्षेत्र में सक्रिय अपराधी मिन्नत खान अचानक वहां आ धमका और गाली गलौज करते हुए पहले उससे पूछताछ की। इसके बाद वहां से लौट गया। मगर कुछ देर बाद वह पुनः वहां आ धमका। साथ ही हथियार के बल पर राजकुमार का बैग लूटने का प्रयास किया, तभी इसी बीच राजकुमार ने उसे ही पकड़ने की कोशिश की। तब अपराधी मिन्नत ने उसके ऊपर फायर कर दिया। मगर बंदूक से गोली नहीं निकली। यह देख राजकुमार ने पुनः हिम्मत जुटाकर उसे पकड़ लिया, तभी अपराधी मिन्नत ने बंदूक की बट से मारकर उसे लहूलुहान कर दिया। साथ ही वह अपना पीछा छुड़ाकर बाइक व हथियार छोड़ मौके से भाग निकला।

इधर घटना की जानकारी के बाद मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। साथ ही ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की तहकीकात करते हुए अपराधी द्वारा छोड़ी गयी बाइक व हथियार बरामद करते हुए घायल राजकुमार को गांव के ही अस्पताल में इलाज के लिए ले गई। फिर प्राथमिक उपचार के बाद उसे गुमला रेफर कर दिया गया। जिसके बाद राजकुमार का सदर अस्पताल में इलाज किया गया।

# आदिवासी बचेगा, तभी बचेगा पर्यावरण : जिग्गा मुंडा

**विश्व आदिवासी दिवस पर सिसई विधायक ने आजाद सिपाही से की विशेष बातचीत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** आदिवासियों की भाषा, संस्कृति, भूमि और जंगल के संरक्षण के लिए सरकार को ठोस कदम उठाना होगा। क्योंकि आदिवासियों के संरक्षण से ही जल, जंगल, जमीन को संरक्षण मिल सकता है। उक्त बातें विश्व आदिवासी दिवस पर आजाद सिपाही से विशेष बातचीत के दौरान सिसई विधानसभा क्षेत्र के विधायक जिगा सुसारण होरो ने कही। उन्होंने कहा कि दिन-ब-दिन आदिवासियों की भाषा और संस्कृति पर हमला बोला जा रहा है। आदिवासियों की जमीनें लगातार छीनी जा रही हैं। जिन जमीनों को बचाने के लिए कई तरह के कानून बनाए गए हैं। लेकिन आदिवासियों के हित के लिए उन कानून का पालन ढंग से नहीं किया जा रहा है। जिगा मुंडा ने कहा कि आदिवासियों की परंपरा, उनके पर्व त्यौहार, उनके पोशाक और रहन-सहन सबों को संरक्षित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय में जो कुरीतियां उनको दूर करने के लिए सरकार द्वारा ठोस कदम उठाया जाना जरूरी है। आदिवासियों के अंदर जागृति लाने के लिए आदिवासी युवाओं को आगे आना जरूरी है। आदिवासी आज भी कई प्रकार के अंधविश्वास, नशापान और अशिक्षा जैसी कुरीतियों से घिरा हुआ है। जिसे समाज से हटाना जरूरी है। अन्यथा यह कुरीतियां समाज को दीमक की तरह चट कर जाएंगी। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के उत्थान के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को आदिवासी तक पहुंचाने की जिम्मेदारी समाज के बुद्धिजीवियों और पढ़े-लिखे युवाओं की है। आदिवासी हित के लिए घर घर जाकर लोगों को जागरूक करें। उनकी जागरूकता के बाद उन्हें सरकारी लाभ दिलाना अपने हक अधिकार की पहचान करना बेहद जरूरी है। आदिवासी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का पहुंचना आदिवासियों का अधिकार है। उन्होंने आदिवासी दिवस पर सरकार और समुदाय दोनों से आशा व्यक्त की कि आगे आदिवासी समुदाय के उत्थान के लिए धरातल पर काम किया जाएगा।

## झापा के कार्यकर्ता सम्मेलन में किया गया नगर कमेटी का विस्तार




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड पार्टी ने गुमला जिले में अपनी कमेटी का विस्तार किया है। झापा के गुमला जिला प्रभारी खुरशीद आलम की अध्यक्षता में झारखंड पार्टी ने गुरुवार को गुमला नगर समिति का गठन किया। जिसमें नगर अध्यक्ष मो. हसनैन उर्फ असू, उपाध्यक्ष गोसाई उरांव, सचिव आफताब आलम, सहसचिव सुशील बिनको और कोषाध्यक्ष मो. आसिफ इकबाल को बनाया गया। नगर कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मो. आरिफ, मो. अफरोज, रोहित उरांव, गॉडविन एक्का, जय सनातन कुजूर और मो. सहबाज को चयनित किया गया है। साथ ही गुमला जिला अधिवेशन को सफल बनाने के लिए बारह लोगों की संचालन समिति बनाई गई है। इस संचालन समिति के अध्यक्ष गुमला विधान सभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी लेवनार्ड खलखो को बनाया गया और इसके अलावा संचालन समिति में खुरशीद आलम, सुरेंद्र , खोरस केरकेट्टा, राशिद अशरफी, रितेश खलखो, हसन अली, सुरेश सिंह, सोनू आलम, रोहित तिग्गा, राहुल एक्का और मुर्तुजा आलम को चुना गया है। इस कार्यक्रम में जेएमएम और कांग्रेस के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने झारखंड पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जिन्हें माला पहनाकर स्वागत करते हुए पार्टी में शामिल किया गया। झारखंड पार्टी के केंद्रीय निर्देश पर तिथि निर्धारित होते ही नगर भवन गुमला में जिला अधिवेशन का अयोजन किया जाएगा।

**झामुमो और कांग्रेस के कई कार्यकर्ता हुए झापा में शामिल**

## युवती ने युवक पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहरी क्षेत्र की गौस नगर निवासी एक 19 वर्षीय युवती ने रांची जिला के चान्हो थाना अंतर्गत सोस गांव निवासी दानिश के खिलाफ गुमला थाना में प्राथमिक की दर्ज कराई है। जिसमें पीड़िता ने कहा है कि 4 अगस्त 2023 को उसके परिवार के सभी सदस्य बड़ी बहन का इलाज कराने अस्पताल गए थे। वह अपने 14 वर्षीय भाई के साथ घर पर थी। इसी दौरान दानिश घर पहुंचा और जबरदस्ती दुष्कर्म किया। जब मैंने विरोध जताया तो उसने कहा कि जल्द ही निकाह करेगा, लेकिन अगले दिन पुनः चोरी छुपे दानिश मेरे घर में प्रवेश कर गया और इस बात की खबर कुछ लोगों को हो गई। हो-हंगामा के बीच दानिश ने सभी के समक्ष कहा कि मैं निकाह करूंगा, लेकिन अब दानिश निकाह से इनकार करता है। पीड़िता ने पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। महिला थाना प्रभारी के नेतृत्व में बुधवार की शाम पीड़िता का सदर अस्पताल में मेडिकल कराया गया।


**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
**(Govt. of Jharkhand Undertaking)**
JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi-834001, Jharkhand.
Ph No.: +91-651-2225878; e-mail Id-; pdt.juidco@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752

**TENDER CANCELLATION NOTICE**

NIT No: - JUIDCO/NIT/PPP/ISBTRanchi/539
Tender ID: - 2023_UDD_70374_1
PR No.: 296132

Project Title: **Development of Inter-State Bus Terminal at Dubaliya in Ranchi, Jharkhand on PPP Basis**
The tender having details as mentioned above is cancelled because no bids were received. All bidders are therefore requested to wait for future correspondence regarding fresh tender.

Sd/-
Project Director (Tech.)
JUIDCO Ltd., Ranchi

PR 304339 Urban Development and Housing(23-24)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमंडल,कोडरमा**

**अति अल्पकालीन–ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना संख्या DTB/MID/KODERMA/F2-01/2023-24 Date-08.08.2023

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | प्रखंड कोडरमा के राधा कृष्ण मंदिर चाराडीह का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 5024796.00 | 100500.00 | 10000.00 | 06 (छः) माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि:–12.08.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय 18.08.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि 19.08.2023 एवं समय 10:00 बजे से 03:00 बजे तक। स्थान कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा उप विकास आयुक्त का कार्यालय कोडरमा एवं जिला नियंत्रण कक्ष कोडरमा। निविदा खोलने का स्थान–कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 21.08.2023 अपराह्न 02:00 बजे विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाइट–WWW. Jhakhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा

PR 304379 Minor Irrigation(23-24).D


## कार्यक्रम : 'मेरी माटी, मेरा देश एवं मिट्टी को नमन, वीरों को वंदन' कार्यक्रम आयोजित

# सीआरपीएफ ने करौंदी पंचायत सचिवालय प्रांगण में लगाये 75 पौधे

**'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम 09 से 30 अगस्त तक जिले के प्रत्येक पंचायत में किया जाएगा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** आजादी के अमृत काल के अवसर पर दिनांक 09 से 30 अगस्त, 2023 तक 'मेरी माटी, मेरा देश एवं मिट्टी को नमन, वीरों को वंदन' कार्यक्रम के अन्तर्गत गुरुवार को केन्द्रीय रिजर्व सुरक्षा बल, गुमला एवं नेहरू युवा केन्द्र, गुमला (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के संयुक्त तत्वधान में करौदी पंचायत के पंचायत सचिवालय प्रांगण में अमृत वाटिका के रूप में 75 पेड़ लगाया गया।

इस अवसर पर उपस्थित कमाण्डेंट मो. खालिद हसन खान ने पेड़ लगाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उप कमाडेट आलोक कुमार ने कार्यक्रम को सम्बोधन करते हुए कहा कि 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम पूरे देश में 09 से 30 अगस्त तक जिले के प्रत्येक पंचायत में किया जाएगा। मौके पर उपस्थित जिला युवा अधिकारी अब्दुल फारूक खान ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा गुमला जिले के कुल 159 पंचायत में 75-75 पेड़ लगाये जाएंगे एवं 159 पंचायतों से मिट्टी एकत्र कर जिला मुख्यालय में जमा किये जाएंगे।

नेहरू युवा केन्द्र संगठन द्वारा एकत्र किया गया मिट्टी को कलश द्वारा दिल्ली तक सुरक्षित ले जाएंगे। उपस्थित सभी प्रतिभागियों के बीच पंच प्रण का शपथ दिलाया गया। करौदी पंचायत के मुखिया एवं उप मुखिया ने संबोधन भाषण में कहा कि शहीदों के आश्रितों को सम्मानित करना गौरव की बात है। इस सुअवसर पर शहीदों के परिवार के सदस्य को शॉल एवं पुष्पगुच्छा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगाण के उपरान्त किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में केन्द्रीय रिजर्व सुरक्षा बल के पदाधिकारी, जवान एवं नेहरू युवा केन्द्र के राष्ट्रीय सेवा कोर का योगदान सराहनीय रहा।

## मजदूर के मुआवजा के लिए मिशन बदलाव टीम जायेगी लेबर कोर्ट

**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव के भूषण भगत ने बताया कि इस क्षेत्र से पलायन किए गए आदिमजाति के मजदूर पवन बघबार की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कंपनी में कार्य के दौरान आंध्रप्रदेश के निजी कंपनी में एक दुर्घटना के दौरान मजदुर की मौत हुई है। कंपनियों के प्रतिनिधियों ने कहा था कि कंपनी की ओर से जो मुआवजा तय है वह पीड़ित परिवार को दिलाया जायेगा। पवन बघबार की मां रायमुनी असुर ने बताया कि मुआवजा के लिये कंपनियों के द्वारा कोई उचित कार्य नहीं किया जा रहा है। भूषण भगत, बिनय गोप और जगरनाथ उरांव के नेतृत्व मिशन बदलाव की टीम रांची के लेबर कोर्ट में मामलों को लेकर जाएगी और कंपनी के विरुद्ध में उचित कार्रवाई के लिये आवश्यक कदम उठाया जाएगा।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग**

**ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं0 :– RDSPL/SD/HZB/15/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RDSPL/SD/HZB/15//2023-24 | चुरचू | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चरही में स्टाफ क्वार्टर का निर्माण सहित अन्य विविध कार्य। | 19866000.00 | 977400.00 | 10000.00 | 12 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 25.08.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 25.08.2023 से दिनांक 05.09.2023 को अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 08.09.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान एवं समय:– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग, 09.09.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान:–
i) जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जाएगी।
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग।
9. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
10. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के पदनाम से देय हो, देना होगा।
11. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR.NO.304398 Rural Development(23-24):D

## फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम आईडीए-एमडीए 2023 का शशि रंजन ने किया शुभारंभ

# सभी के सहयोग से पलामू बनेगा फाइलेरिया मुक्त जिला : उपायुक्त

**10 से 25 अगस्त तक चलेगा फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने को लेकर गुरुवार को एमएमसीएच में आईडीए-एमडीए 2023 के तहत फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त शशि रंजन ने दीप प्रज्वलित कर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सिविल सर्जन और डीपीएम समेत अन्य डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। इस अवसर पर डीसी ने सभी से जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि टीम वर्क के मदद से ही जिले को



कार्यक्रम का शुभारंभ करते पलामू डीसी शशि रंजन व अन्य।

फाइलेरिया मुक्त किया जा सकता है। इसलिए यह आवश्यक हो जाता है कि सभी पदाधिकारी उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर आमजनों के बीच व्यापक रूप से जागरूकता अभियान चलायें। उन्होंने पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को आपस में बेहतर समन्वय बनाते हुए दो वर्ष से उपर के बच्चों को दवा खिलाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। इस दौरान डीसी शशि रंजन और सिविल सर्जन ने दवा का सेवन भी किया।

## जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में दिए कई निर्देश

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू शशि रंजन की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक की गयी। जिसमें जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार को सभी अनुमंडल पदाधिकारी, वन प्रमंडल पदाधिकारी, सभी सीओ व थाना प्रभारी के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए अवैध खनन एवं परिवहन की रोकथाम के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि अवैध खनिज परिवहन में लिप्त वाहन एवं उनके मालिकों पर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया साथ ही थाना प्रभारी को अवैध खनन और भंडारण के मामलों में प्राथमिक दर्ज करने की बात कही। उन्होंने हरिहरगंज थाना प्रभारी को अवैध रोकथाम को लेकर विशेष चौकसी बरतने की बात कही। कहा कि बगैर रजिस्ट्रेशन के ट्रैक्टर का संचालन कर रहे वाहन मालिकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करें। साथ ही उन्होंने एमभीआई को पूरी तन्मयता के साथ वाहनों की जांच करने हेतु निर्देशित किया। मौके पर एसपी रिष्मा रमेशन, वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, एसडीओ समेत सभी सीओ व थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

# पलामू सांसद ने सदन में उठाया सोन नदी पर पुल निर्माण कराने का मामला

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान हुसैनाबाद प्रखंड के ग्राम पंचायत देवरी कला सूर्य मंदिर के सामने एवं दूसरी तरफ रोहतास जिला (बिहार) के नौहट्टा प्रखंड के ग्राम देवीपुर में झारखंड एवं बिहार को जोड़ने वाली सोन नदी पर इंटर स्टेट कनेक्टिविटी के तहत पुल निर्माण कराने से संबंधित महत्वपूर्ण मामला उठाया। सांसद ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत पलामू जिला के हुसैनाबाद प्रखंड के ग्राम पंचायत देवरी कला सूर्य मंदिर के सामने एवं दूसरी तरफ रोहतास जिला (बिहार) के नौहट्टा प्रखंड के ग्राम देवीपुर में झारखंड एवं बिहार को जोड़ने वाली सोन नदी पर इंटर स्टेट कनेक्टिविटी के तहत पुल निर्माण कराने की आवश्यकता है। उक्त पुल के निर्माण से यात्रियों के यात्रा समय में काफी कमी आएगी। झारखंड, उत्तर प्रदेश और बिहार के बीच



अंतरराज्जीय कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। विदित हो कि जपला सीमेंट फैक्ट्री बंद होने के बाद हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में कोई उद्योग या वैकल्पिक व्यापार का रास्ता नहीं है। यहां के मजदूर भारी संख्या में बिहार एवं उत्तर प्रदेश में आना-जाना करते है। इस पुल के निर्माण से आवागमन में सुविधा होगी। इलाज, शिक्षा, बाजार, उद्योग समेत अन्य जरूरतों के लिए प्रतिदिन आवागमन करने वाले लोगों की सुविधायें बढ़गी। गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही वामपंथी उग्रवाद पर अंकुश लगेगा एवं लोगों को नए-नए रोजगार के अवसर मिलेंगे। इसके अतिरिक्त बिहार के डेहरी पुल पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा और औरंगाबाद-सासाराम शहरों को जाम की समस्या से निजात मिल सकेगी। उल्लेखनीय है कि उक्त पुल के निर्माण के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने झारखण्ड सरकार से प्रस्ताव की मांग किया है, ताकि उक्त स्थान पर पुल निर्माण की स्वीकृति प्रदान किया जा सके। सांसद ने कहा कि आपके माध्यम से सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार से अनुरोध है कि उक्त पुल का निर्माण अंतरराज्जीय कनेक्टिविटी परियोजना के तहत कराने की कृपा की जाय। उक्त पुल की मांग झारखंड एवं बिहार सीमावर्ती जिलों के बीच आवागमन करने वाले लोगों की लंबे समय से रही है।

## हुसैनाबाद अनुमंडलीय स्वास्थ्य केंद्र में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर हुआ कार्यक्रम का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अनुमंडलीय स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड स्तारीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, निवर्तमान उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश्वर मेहता, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दीपक कुमार आदि ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के आयोजक व फाइलेरिया बीमारी से बचाव पर विस्तृत जानकारी देते हुए डॉ दीपक कुमार ने कहा कि झारखण्ड सरकार के निर्देश पर जिला स्वास्थ्य समिति पलामू के गाइडलाइंस के आलोक में यह कार्यक्रम जारी है। कहा कि आइडीए की गोली खाकर फाइलेरिया से बचाव किया जा सकता है। वहीं, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा की स्वास्थ्य के प्रति सभी लोंगो को सजग रहने की जरूरत है। कार्यक्रम के संबंध में अधिक से अधिक लोगों को सक्रिय रहने की जरूरत है। इस मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक विभूति कुमार, लेखपाल राजीव कुमार और शमीम आदि मौजूद थे।

## प्रभार को लेकर भवन निर्माण विभाग के पूर्व व वर्तमान कार्यपालक अभियंता आपस में ही भिड़े

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू भवन निर्माण विभाग में प्रभार लेने को लेकर विवाद हो गया है। भवन निर्माण विभाग के पूर्व कार्यपालक अभियंता नशीम अली ने वर्तमान कार्यपालक अभियंता महेंद्र राम को प्रभार देने से इन्कार कर दिया है। उन्होंने कहा कि हम लोगों में बात हुई थी कि 16 अगस्त को प्रभार दे दिया जाएगा। कुछ



वर्तमान कार्यपालक अभियंता महेंद्र राम।

कागजात है जो उसे पूरा करना है। उन्होंने कहा कि जब एक बार बात हो गई तो फिर गुरुवार को आकर प्रभार के लिए दबाव बनाना यह सही है। वहीं महेंद्र राम ने कहा कि ऐसी कोई बात नहीं हुई है। जब मैं प्रभार के लिए बोला तो उन्होंने साफ मना कर दिया। अब देखिए इनके द्वारा कब प्रभार दिया जाता है। प्रभार को लेकर हुए सिविल में कार्यालय से निकलने को कहा नसीम अली ने कह दिया इस बड़ी बात और क्या होगी।

## स्वतंत्रता दिवस झंडोत्तोलन को लेकर एसडीओ कार्यालय में बैठक

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** स्वतंत्रता दिवस झंडोत्तोलन को लेकर अनुमंडल कार्यालय परिसर में गुरुवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण ने की। बैठक में सभी विभागों, सरकारी कार्यालयों व प्रतिमा स्थलों पर झंडोत्तोलन का समय निर्धारित किया गया। स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य रूप से मनाने की बात कही गयी। एसडीओ कमलेश्वर नारायण ने नगर पंचायत को सभी चौराहों पर स्थापित प्रतिमा स्थलों की साफ-सफाई का निर्देश दिया। उन्होंने पूर्व की तरह प्रभात फेरी का भी निर्देश दिया। वहीं,



सुबह से 12 बजे तक शहर में बड़े वाहनों के प्रवेश न हो, इसके लिये पुलिस बल को निर्देश दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रेश्वर प्रसाद, एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, निवर्तमान नपं अध्यक्ष शशि कुमार, निवर्तमान उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, उप प्रमुख इंदु देवी, नपं अध्यक्ष रामेश्वर राम, सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य कृष्ण कांत दूबे, जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य अशहर रूमी, शिक्षिका तबस्सुम मीना, वशिष्ट कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह, मध्य बिद्यालय के प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद, डीडीओ सुनील कुमार, डॉ पीएन सिंह, प्रेमतोष सिंह, सच्चितानंद तिवारी, सुनील कुमार, सुधीर सिंह, कन्हैया प्रसाद, सच्चिता सिंह, सुरेंद्र सिंह, अखिलेश विश्वकर्मा और अनुमंडल बड़ा बाबू भीम दयाल आदि मौजूद थे।

## डीलरों ने सितंबर महीने का राशन लेने से किया इनकार

**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** छतरपुर, नौडीहा बाजार एवं पिपरा प्रखंड के लगभग 200 जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को छतरपुर गोदाम प्रबंधक ने यह कह कर गुरुवार को अनाज आवंटित नहीं किया कि विभाग की ओर से अगस्त महीने में महज कुल आवंटन का 48 फीसदी ही अनाज आपूर्ति प्राप्त हुआ है। वहीं, सभी जन वितरण दुकानदारों का कहना कि हम लोग को ईपोष मशीन अगस्त माह का आवंटन दिखाया जा रहा है। इससे स्पष्ट है कि अनाज के आवंटन में घालमेल किया जा रहा है। उक्त बातें डीलर संघ के अध्यक्ष इकबाल खान ने कही। वे मसीहानी स्थित मां मंगला गौरी हॉल में डीलर संघ की ओर से आयोजित बैठक में बोल रहे थे। बैठक में उपस्थित डीलरों ने एक स्वर में कहा कि हमारा क्षेत्र सुखाड़ की मार झेल रहा है। ऐसे में गरीबों को अनाज से वंचित किया जाना कहीं से उचित नहीं है। हम सभी डीलरों को अगस्त माह की जगह सितंबर माह के राशन का आवंटित किया जा रहा है। वर्तमान में अगस्त माह का राशन नहीं दिए जाने व सितंबर माह का राशन आवंटित किए जाने के खिलाफ पलामू डीसी के नाम आवेदन देकर मामले की जांच की मांग की गयी है। डीलरों ने बताया कि पिछले नवंबर 2022 में सभी डीलरों के आवंटन आने के बावजूद प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना का राशन छतरपुर गोदाम से वितरण नहीं किया गया था।

## बघमनवा ग्राम पंचायत में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन

**विश्रामपुर/पलामू। (आजाद सिपाही)। विश्रामपुर प्रखंड के बघमनवा ग्राम पंचायत में आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के अवसर पर मुखिया मंजू देवी की अगुवाई में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मुखिया मंजू देवी ने मिट्टी उठा कर किया। इस दौरान अमृत बाटिका व अमृत कुंज पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। ग्रामीणों को मुखिया मंजू देवी ने शपथ दिलाया। इस दौरान बघमनवा स्कूल परिसर में पौधरोपण भी किया गया। मौके पर युवा भाजपा नेता मनीष कुमार, संगीता देवी, सुषमा देवी, अनिल यादव, प्रधानाध्यापक रामजन्म कुमार, शिक्षक कृष्णकांत कुमार और प्रेमनाथ विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।**

## प्रखर स्वतंत्रता सेनानी तुलसी नारायण राणा की प्रतिमा का हुआ अनावरण

**तुलसी नारायण राणा की लिखित पुस्तक पार्टी पॉलिटिक्स झारखंड एवं फ्रीडम फाइटर का हुआ विमोचन**

रामप्रकाश तिवारी

**नीलांबर पितांबरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** अंग्रेजों के हौसले पस्त करने वाले प्रखर स्वतंत्रता सेनानी तुलसी नारायण राणा की प्रतिमा का अनावरण प्रखंड क्षेत्र के जयनगर में गुरुवार को उनके पैतृक गांव में हुआ। अनावरण हजारीबाग के विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पूर्व प्रति कुलपति डॉ ज्याति लाल उरांव ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। डॉ ज्याति लाल उरांव ने कहा कि गांधी जी के आह्वान को सुनकर तुलसी नारायण राणा ने अपने



शिक्षक की नौकरी से इस्तीफा दे दिया और अपने गांव लौट आए। गांव आकर आसपास के ग्रामीण गांव में अंग्रेज भारत छोड़ो के संदेश को फैलाने लगे। धीरे-धीरे एक टोली तैयार हो गई। जो आगे अंग्रेजों के साथ लड़ते रहे। वे हमेशा करो या मरो में विश्वास करने वाले व्यक्ति थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वतंत्रता सेनानी के पुत्र सह रांची विश्वविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष स्नातकोत्तर इतिहास विभाग लालजी नारायण राणा ने किया। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी तुलसी नारायण राणा के बारे में बताते हुए कहा कि तुलसी नारायण राणा (1914-1993) की प्रतिमा का अनावरण अपने गांव में किया जा रहा है। तुलसी नारायण राणा अपने जीवन काल में अंग्रेज आंदोलन के समय मुड़ के कभी पीछे नहीं देखा और स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े थे। उन्होंने लोगों को संगठित कर नित समय पर लेस्लीगंज थाने पर हमला का कार्यक्रम बनाने के क्रम में उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। उनके साथ 22 और लोग थे। आखिरकार जांच के बाद तुलसी नरेंद्र राणा को भारत रक्षा कानून के तहत एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई और फुलवारी शरीफ पटना कैंप में जेल भेज दिया गया, लेकिन परिजनों को इसकी जानकारी ना होने के कारण आसपास में अफवाहें उड़ी कि उन्हें अंग्रेजी सिपाहियों ने मार दिया है। इससे परिवार में सभी लोग सन्न रह गए। इस आंदोलन में उनकी पत्नी दौलती देवी का भी काफी योगदान था। बताया कि लेस्लीगंज की कोट में 1942 अगस्त क्रांति के एक सक्रिय सिपाही तुलसी नारायण राणा का जन्म 14 अक्टूबर 1914 को दुलारी देवी और जनेश्वर मिस्त्री के यहां हुआ था। तुलसी नारायण राणा को 15 अगस्त 1972 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने स्वतंत्रता संग्राम में उनके यादगार योगदान के लिए ताम्रपत्र भेंट किया था। तुलसी नारायण राणा को तत्कालीन राजस्व मंत्री कृष्ण बल्लभ की पहल पर पलामू बकाश्त बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। उन्होंने 1969 मे आल इंडिया फेडरेशन ऑफ बैकवर्ड क्लासेस से दानापुर निर्वाचन क्षेत्र से बिहार विधानसभा का चुनाव लडा लेकिन चुनाव हार गए। 13 फरवरी 1993 में अपने पैतृक गांव जयनगर लेस्लीगंज में अंतिम सांस ली। कार्यक्रम में कई वक्ताओं ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर मुखिया जूली देवी, प्रो बैजनाथ सिंह, डॉ अवध किशोर पांडे, रविशेखर गुप्ता, शशि भूषण, कामेश्वर विश्वकर्मा, बसंत तिवारी,प्रदीप सिंह, कमेश यादव, रामराज सिंह आदि थे।

# स्पोर्ट्स



**हॉकी टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सरदार सिंह और रानी रामपाल को सब जूनियन टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। गुरुवार को हॉकी इंडिया की 100वीं एग्जक्यूटिव बोर्ड की बैठक के बाद हॉकी इंडिया के लिए अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने दोनों के नामों की घोषणा की।**

## हॉकी इंडिया के प्रेसिडेंट दिलीप तिर्की ने लिया फैसला

# पूर्व भारतीय कप्तान सरदार और रानी सब-जूनियर टीमों के कोच नियुक्त



एजेंसी

**नई दिल्ली।** हॉकी टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सरदार सिंह और रानी रामपाल को सब जूनियर टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। गुरुवार को हॉकी इंडिया की 100वीं एग्जक्यूटिव बोर्ड की बैठक के बाद हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने इन दोनों को सब जूनियर टीम का कोच नियुक्त करने की घोषणा की। सरदार सिंह अंडर-17 बॉयज और रानी रामपाल अंडर-17 गर्ल्स टीम की चीफ कोच होंगी।

### सरदार सिंह रहे 2008-16 तक हॉकी टीम के कप्तान

सरदार सिंह 2008 से 2016 तक हॉकी टीम के कप्तान रहे। इन्हें सरदारा सिंह के नाम से भी जाना जाता है। सरदार मिडफील्डर के स्थान पर खेलते थे। भारत सरकार ने साल 2012 में सरदार को अर्जुन पुरस्कार से और 2015 में पद्म श्री से सम्मानित किया था। हॉकी टीम को एक लंबा वक्त देने के बाद सिंह ने साल 2018 में संन्यास ले लिया था।

## टोक्यो ओलिंपिक में भारतीय टीम रानी रामपाल की कप्तानी में रही चौथे स्थान पर

**रानी रामपाल की कप्तानी में विमेंस टीम टोक्यो ओलिंपिक में चौथे स्थान पर रही थी। रानी रामपाल साल 2010 वर्ल्ड कप में भाग लेने वाली भारतीय हॉकी टीम की सबसे कम उम की खिलाड़ी थीं। 15 साल की उम्र में उन्होंने वर्ल्ड कप खेला। रानी ने 14 साल की उम्र में अपना पहला इंटरनेशनल मैच खेला। साल 2009 में रानी ने भारत को एशिया कप के दौरान सिल्वर मेडल दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। वह 2010 के कॉमनवेल्थ गेम्स और 2010 के एशियन गेम्स खेलने वाली टीम की हिस्सा रही थीं।**

# अंतर बटालियन क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में सीआरपीएफ 94 बटालियन बना विजेता

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** सीआरपीएफ 94वीं बटालियन की ओर से 209 कोबरा कैंप परिसर में आयोजित तीन दिवसीय अंतर बटालियन/ग्रुप केंद्र क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता-2023 का समापन हो गया। सोमवार से आयोजित इस प्रतियोगिता में झारखंड सेक्टर अंतर्गत तैनात सीआरपीएफ के 20 बटालियन/ग्रुप केंद्र के खिलाड़ियों ने भाग लिए। इनमें से प्रथम स्थान मेजबान सीआरपीएफ 94 बटालियन की टीम ने प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर सीआरपीएफ 157 बटालियन और तीसरे स्थान पर सीआरपीएफ 214 बटालियन की टीम रही। इनके अतिरिक्त बेहतर प्रदर्शन करने के लिए सिपाही/जीडी राहुल कुमार को



प्रथम, सिपाही/जीडी चंपक दास को द्वितीय और सिपाही/जीडी डेनियल टोपनो को तृतीय पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समापन समारोह में उपस्थित 94 बटालियन के कमांडेंट राधेश्याम सिंह ने प्रथम तीन स्थानों पर आनेवाली टीमों और उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले तीन खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। कमांडेंट ने बेहतर प्रदर्शन करनेवाले खिलाड़ियों और टीमों को बधाई दी। उन्होंने प्रतियोगिता में शामिल होनेवाले अन्य सभी खिलाडियों को भी बेहतर भविष्य और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए टीम भावना एवं उचित तालमेल के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर 94 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी प्रकाश रंजन मिश्र और मृत्युंजय कुमार औरं उप कमांडेंट संतोष कुमार के साथ ही 209 कोबरा बटालियन के अन्य अधिकारी व प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागी उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 11 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in


## विधायक अमित यादव के प्रयास से सड़क निर्माण को मिली स्वीकृति



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव के प्रयास से झारखंड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण के द्वारा कटहाडीह से कुसमाडीह तक पथ का विशेष मरमती कार्य लंबाई 2.700 किलोमीटर, बेको से नईटांड पथ का विशेष मरमती कार्य लंबाई 7.50 किलोमीटर, तेतरौन से बदुलिया तक पथ का विशेष मरमती कार्य लंबाई 4.550 किलोमीटर, आर.सी.डी. रोड जयनगर से इरगोबाद भाया जयनगर प्रखंड कार्यालय तक पथ का विशेष मरम्मती कार्य लंबाई 2.700 किलोमीटर 11 करोड़ 20 लाख के लागत से निर्माण बहुत जल्द किया जायेगा। चारों सड़क निर्माण की स्वीकृति से स्थानीय जनप्रतिनिधियों में हर्ष का माहौल है। इसके लिए विधायक अमित कुमार यादव को हीरोडीह पंचायत की मुखिया संगीता कुमारी, नइटांड पंचायत के मुखिया किशोर भगत, बेको पंचायत के मुखिया रुपाली कुमारी, बेको पंचायत समिति सदस्य आरती देवी, नइटांड़ पंचायत समिति सदस्य शहाना परवीन सहित कई लोगों ने बधाई दिया है।

## मेरी मिट्टी, मेरा देश के तहत पौधों का वितरण



**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत शिवम आयरन एण्ड स्टील कंपनी लिमिटेड परिसर में मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम के तहत लालमदिग्थु, आरागरो, जौंगी के ग्रामीणों के बीच 500 आम, अमरूद, नींबू, कटहल आदि फलदार पौधों का नि:शुल्क वितरण फैक्ट्री के डायरेक्टर शम्भू अग्रवाल ने किया। साथ ही फैक्ट्री परिसर में चारदीवारी के अंदर फलदार आदि पौधों का वृक्षारोपण किया गया। मौके पर फैक्ट्री मालिक अग्रवाल ने कहा कि आगे भी इस तरह से लोगों को जागरूक व सहयोग ग्रामीणों को फैक्ट्री से मिलता रहेगा। साथ ही ग्रामीणों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने का अपील किया।

## जेजे कॉलेज के प्राध्यापकों ने काला बिल्ला लगा कर किया विरोध प्रदर्शन



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** जग्रन्नाथ जैन महाविद्यालय झुमरीतिलैया के संविदा सहायक प्राध्यापको ने गुरुवार को काला बिल्ला लगाकर विरोध दर्ज किया। ये विरोध प्रदर्शन झारखंड राज्य विश्वविद्यालय संविदा शिक्षक संघ की बैठक में लिए गये निर्णय के आलोक में आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापकों के महाविद्यालय और विश्वविद्यालय प्रबंधन के द्वारा आर्थिक और मानसिक शोषण लगातार किये जाने के विरोध में व हाल ही में विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय की दो शिक्षिका डॉक्टर रेनू सिन्हा और डॉक्टर वीणा झा के साथ विश्वविद्यालय प्रशासन के सह पर स्टील सीटी कालेज बोकारो और एसएसएलएनटी कालेज धनबाद के प्राचार्य, प्राचार्या द्वारा न सिर्फ इन्हें बेइज्जती की गयी बल्कि इनके मानदेय में भारी कटौती कर प्रताड़ित भी किये जाने तथा प्रताड़ना से तंग आकर एसएसएलएनटी कॉलेज की इतिहास विभाग की शिक्षिका डॉ वीणा झा के द्वारा फांसी लगाने की घटना के मद्दे नजर की गयी। साथ में राज्यपाल सह कुलाधिपति को एक ज्ञापन भी सौंपने निर्णय लिया। काला बिल्ला विरोध प्रदर्शन करने वाले कॉलेज के सहायक प्राध्यापक अनुबंध संघ के अध्यक्ष प्रो राम स्वरूप यादव, उपाध्यक्ष डॉ राजेश कुमार, सचिव डॉ दीपक कुमार व कोषाध्यक्ष डा. आशुतोष महतो, डा. संतोष कुमार, डा. मुकेश कुमार, डा. सुखदेव यादव, प्रो अनिमेष गौतम, प्रो पवन कुमार, डा. नेहा गुप्ता, डा. रिंकी कुमारी और डा रितु राज इत्यादि लोग सम्मलित थे।

## मध्य विद्यालय में लगाया मलेरिया जांच शिविर



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के करियांवा पंचायत अंतर्गत ग्राम डहुआ टोला मध्य विद्यालय के प्रांगण में दामोदर घाटी निगम के ताप विद्युत केंद्र कोडरमा सीएसआर के अंतर्गत मलेरिया जागरूकता और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इसमें मुख्य रुप से डीजीएम सीएसआर हरिश्चंद्र सिंह मौजूद थे। केटीपीएस के डॉ. आनंद मोहन मिश्रा मलेरिया से बचाव के बारे में बताया कि घर और आसपास साफ सफाई रखें, गंदे पानी को एकत्रित ना होने दें। रात को सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि मलेरिया बुखार हो जाता है तो जांच कराएं और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर से दिखायें। बचाव की विभिन्न तरह की जानकारियां दी। तीन गांव के 219 लोगों का जांच कर दवा वितरण किया। मौके पर डॉ. विकास कुमार, डॉ. रवि कुमार, अरुण कुमार, अकोश कुमार, सचिन कुमार, रुपेश कुमार साव, कुलदीप और प्रधानाध्यापक, जनप्रतिनिधि, शिक्षक और ग्रामीण मौजूद थे।

## उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में कोडरमा जिला में उपलब्ध स्वास्थ्य केन्द्र, चिकित्सकों की उपलब्धता, जननी सुरक्षा योजना, कुष्ठ निवारण, मलेरिया फलेरिया से संबंधित, परिवार नियोजन, एड्स और टीबी बीमारी की रोकथाम समेत स्वास्थ्य विभाग में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा किया गया। उपायुक्त ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिये कि स्वास्थ्य विभाग मे संचालित योजनायें और उनके विरुद्ध किये जा रहे कार्यो का बेहतर तरीके से डाटा संधारण करना सुनिश्चित करेंगे। सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार को निर्देशित करते हुए कहा कि ए.एन.एम लोगों का नियमित रूप से सभी चीजों का प्रशिक्षण कराते रहेंगे। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने आयुष्मान योजना के डीपीसी को निर्देश दिए कि आपूर्ति विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए जिले के सभी सक्रिय राशन कार्ड धारी का आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य और पोषण सत्र में जिला स्तर के पदाधिकारी और प्रखंड स्तर के पदाधिकारी व कर्मी की उपस्थिति रहेगी। बैठक में मुख्य रूप से सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ मनोज कुमार, कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ रमन, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, डीपीएम महेश कुमार, डीडीएम पवन कुमार समेत स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

## बरकट्ठा में धोती-साड़ी का हुआ वितरण



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा उतरी पंचायत भवन में जन वितरण प्रणाली दुकान के डीलर राहुल कुमार गुप्ता, बीरेंदर रजक, हरिजन महिला मंडल के यहां सोना सोबरन योजना के तहत के धोती साड़ी और लूंगी का लाभुकों के बीच वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रमुख रेणु देवी, मुखिया प्रमिला देवी, पंचयात समिति सदस्य प्रीति गुप्ता, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव के द्वारा धोती साड़ी योजना का शुभारंभ किया गया। प्रखंड प्रमुख और मुखिया ने कही की झारखंड सरकार का यह महत्वाकांक्षी योजना है। इससे गरीब लोगों को काफी फायदा होगी। इस योजना का लाभ सभी लोगों को आवश्यक रूप से लेना चाहिए। मौके पर प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी मिंटू रजक, दुर्गा प्रसाद, सतीश प्रसाद, सुखदेव भुइया, लाभुक अनु देवी, बबिता देवी, सुरेंद्र साव, भोला राम, सुषमा देवी, गुरुदयाल सोनार समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### डीएमएफटी की प्रबंधकीय समिति की बैठक

# प्राथमिक क्षेत्र की योजनाओं में गुणवत्ता सुनिश्चित करें: डीसी

**जनहित की कई योजना स्वीकृत, कार्य में तेजी लाने का निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** डीएमएफटी के प्रबन्धकीय समिति की बैठक गुरूवार को उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में हुई। जिले में डीएमटी के तहत संचालित स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला और बाल कल्याण सहित सिंचाई, पर्यावरण और स्वच्छता आदि के क्षेत्र में बेहतरी के लिए विविध योजनाओं की गहन समीक्षा की गयी।

मौके पर स्वास्थ्य सुविधा को सद्दढ़ करने के निमित पारा मेडिकल स्टाफ के लिए प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में उपलब्ध बल और संसाधनों का उपयोग करते हुए प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। साथ ही सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक, पैथोलॉजी लैब, लिफट एरिया, पैड्रियाटिक वार्ड के मॉडीफिकेशन कार्य के लिए संबंधित मेडिकल स्टाफ चिकित्सक से समंवय कर-के आश्वयकता के अनुसार प्राक्कलन प्रतिवेदित करने का निर्देश कार्यकारी एजेंसी जिला परिषद को उपायुक्त द्वारा दिया गया। वहीं सीएचसी केरेडारी और पीएचसी दारू केंद्र का उन्नयन में वर्तमान आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया गया। बैठक में शिक्षा विभाग अंतर्गत प्राथमिक मध्य और उच्च विद्यालय के सुद्दढ़ीकरण हेतु चयनित चहारदीवारी, शौचालय, भवन का जीर्णोद्धार, पुस्तकालय आदि के कार्य हेतु चयनित लगभग 15 योजनाओं का प्राक्कलन तैयार करते हुए शेष प्रक्रिया पूर्ण कर योजनाओं को धरातल पर उतारने का निर्देश कार्यकारी एजेंसियों को दिया गया। वहीं प्रथम चरण में पांच प्राथमिक विद्यालयों में चहारदीवारी निर्माण का प्राक्कलन कर प्रस्ताव प्रतिवेदित करने का निर्देश दिया।

मौके पर उपायुक्त ने कार्य में संलग्न कार्यकारी एजेंसियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि खासकर स्वास्थ्य, शिक्षा और आंगनबाड़ी के निर्माण, जीर्णोद्धार, उन्नयन आदि की योजनाओं में हर हाल में गुणवत्ता सुनिश्चित करायें। उन्होंने जिला पुस्ताकालय केन्द्र को एक सप्ताह के अंदर में जनता को समर्पित करने के डेडलाईन का अनुपालन करने का निर्देश जिला अभियंता को दिया ताकि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आमजनों के लिए खोला जा सके। मौके पर डीएमएफटी से भवनहीन 52 आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवन निर्माण हेतु समाज कल्याण पदाधिकारी से प्राप्त प्रस्ताव पर सहमती प्रदान करते हुए विशेष प्रमंडल विभाग को मॉडल प्राक्कलन के आधार पर और संबंधित अंचलाधिकारियों से समन्वय बनाकर विवादरहित भूमि चिन्हित कराते हुए निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त डीएमएफटी मद से मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्रों को उपलब्ध कराये गये संसाधनों का सदुपयोग के लिए समाज कल्याण पदाधिकारी को निदेशित किया।

मौके पर कर्जन मैदान में शौचालय निर्माण, इंदिरा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में पाईप लाईन से पेयजलापूर्ति के अतिरिक्त वॉटर प्यूरीफायर कुलींग सिस्टम और जवाहर नवोदय विद्यालय बोंगा में वॉटर प्यूरीफायर कुलींग सिस्टम अधिष्ठापन के लिए आश्वयकता का आकलन कर प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता पेयजल स्वच्छता को दिया गया। वहीं जिला नियंत्रण कक्ष के स्वीकृत जीर्णोद्धार कार्य के अतिरिक्त शहर में सीसीटीवी अधिष्ठापन एवं मेंटेनेंस के लिए अग्रेत्तर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित, आइपीएस आरिफ एकराम, सहायक समाहर्ता सुलोचना मीणा के अलावे यांत्रिकी विभाग के कार्यपालक अभियंता और विभागीय पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

## पुलिस ने पशुओं से लदे पांच वाहनों को पकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक कोडरमा कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कोडरमा पुलिस ने गुरुवार को थाना क्षेत्र के बागीटांड चेक्नाका के समीप पशु लोड 5 वाहनों को पकड़ा है। वाहन और पशुओं को कोडरमा थाना परिसर में रखा गया है। सभी वाहनों पर कुल 20 गाय, एक भैंस और लगभग 10 गाय के बच्चे लोड पाये गये। वाहन से पशुओं को लेकर जा रहे लोगों ने बताया कि पशुओं को बिहार के बक्सर जिला के किसान पशु मेला से खरीद कर धनबाद के तोपचांची ले जाया जा रहा था। लोगों ने बताया कि झारखंड सरकार के द्वारा संचालित मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत लाभुकों के बीच दुधारू गाय का वितरण करने के लिए गाय को पशु किसान मेला से खरीदारी कर धनबाद जिला गव्य विकास कार्यालय ले जाया जा रहा था। पकड़े गए वाहनों में 2 पिकअप, 2 टाटा मैजिक और एक 407 वाहन शामिल है। फिलहाल कोडरमा पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## तेतरिया गांव में आम बागवानी का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**इचाक।** पुराना इचाक पंचायत के तेतरिया गांव में उर्मिला देवी पति भरत सिंह के भूमी में आम बागवानी का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन बीडीओ रिंकू कुमारी और मुखिया किरण देवी के द्वारा किया। यह बागवानी 1 एकड़ में है। मौके पर बीपीओ राजीव आनंद, समाजसेवी रविशंकर उर्फ भोला, जेई अफजल अंसारी, रोजगार सेवक पुष्पा कुमारी , सिएफ्टी कुमार शिवम, एकाउटेन्ट रामचन्द्र यादव, पंचायत सेवक सत्यनारायण ऊराव, आशीष सोनी, प्रितम सिंह, सोनु सोनी, राहुल कुमार, सुरज गिरी, मोनु कुमार, इश्वर गिरी, राहुल मेहता, सोनी देवी, पम्मी कुमारी, अनिता देवी आदि उपस्थित थे।

## सदर अस्पताल में जांच के नाम पर हो रही खानापूर्ति: प्रकाश रजक

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** कोडरमा भाकपा का प्रतिनिधिमंडल कोडरमा उपायुक्त मेघा भारद्वाज से मिलकर कोडरमा सदर अस्पताल पर सवाल उठाते हुए ज्ञापन सौंपा। भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक, अंचल मंत्री धनंजय यादव, अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला सचिन कयूमुद्दीन ने बताया कि कोडरमा जिले के एकमात्र सदर अस्पताल कोडरमा में है जो आम जनों सहित गरीबों के इलाज कराने का एकमात्र सहारा है। सदर अस्पताल कोडरमा में स्थित पैथोलॉजी लाइव जहां के कर्मियों द्वारा खून आदि की जांच में दिए जाने वाले रिपोर्ट विश्वसनीय नहीं है एवं गलत रिपोर्ट दिए जाने से मरीजों का जान हमेशा खतरे में रहता है। उस रिपोर्ट के आधार पर चिकित्सकों द्वारा उपचार भी जानलेवा साबित हो रही है। कुल मिलाकर सभी स्तर से घोर लापरवाही की भेंट मरीज चढ रहे हैं। वे असमय ही मौत के मुंह में समाने को मजबूर हैं। इसके सभी तरह से जिम्मेवार अस्पताल प्रशासन एवं चिकित्सा के क्षेत्र में लगे चिकित्सक व पैथोलॉजी जांच के कर्मी गण सहित इसमें सम्मिलित रहने वाले सभी लोग जिम्मेवार हैं जिन पर समय रहते समुचित कार्रवाई किया जाना अति आवश्यक है। रजक ने उपायुक्त को ध्यान आकृष्ट कराते हुए बताया कि बादल कुमार नामक एक 12 वर्षीय मरीज जिसका इलाज सदर अस्पताल कोडरमा में दिनांक 14 जुलाई को कराया गया जहां इलाज के क्रम में चिकित्सकों ने अन्य जांच के अलावा प्लेटलेट की भी जांच करवाई जिसमें तीन पैथोलॉजिकल लाइव के यहां से भिन्न-भिन्न रिपोर्ट दिया गया जो आश्चर्यजनक है। कहा कि सदर अस्पताल कोडरमा की पूर्व उपायुक्त आदित्य रंजन और राज्यपाल ने भी सराहना की है लेकिन कर्मियों की कार्यशैली का गहरायी से अध्ययन नहीं किया गया है अन्यथा इन सभी के कार्यों में दायित्व के प्रति उदासीनता और लापरवाही का प्रमाण स्पष्ट रूप से झलक रहा है। भाकपा ने कार्रवाई नहीं होने पर सितंबर माह में कोडरमा सदर अस्पताल में विशाल प्रदर्शन करने की बात कही है।

## शहीद शशिंद्र कुमार शर्मा के नाम से होगा चिल्ड्रेन पार्क

आजाद सिपाही संवाददाता



**झुमरीतिलैया।** स्वतंत्रता दिवस से पूर्व देश 15 अगस्त तक चलने वाले आजादी के अमृत महोत्सव पर मेरी माटी मेरा देश के कार्यक्रम के अंतर्गत कोडरमा में भी वीर शहीदों के सम्मान में एक बड़ा निर्णय लिया गया। शहीदों को सम्मान देने के उद्देश्य से झुमरीतिलैया स्थित चिल्ड्रन पार्क के समीप पुस्तकालय भवन में बुधवार को नगर परिषद की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सिटी मैनेजर सतीश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बैठक में पानी टंकी निवासी अपने शहीद भाई के सम्मान में यतींद्र कुमार शर्मा के सुझाव पर झुमरीतिलैया स्थित 10 फरवरी 2017 में निर्मित चिल्ड्रन पार्क का नाम 203 कोबरा बटालियन के शहीद शशीन्द्र कुमार शर्मा के नाम से रखने का प्रस्ताव रखा गया। उपस्थित सभी लोगों ने सर्वसम्मति से अपनी सहमति जतायी। सहमति के बाद नगर पर्षद ने प्रस्ताव तैयार कर लिया है। अब झुमरीतिलैया शहर के ब्लॉक मैदान स्थित चिल्ड्रन पार्क का नामाकरन शहीद शशीन्द्र कुमार शर्मा चिल्ड्रन पार्क किया जायेगा। बताते चलें अब तक पार्क का नाम चिल्ड्रन पार्क ही था। नगर प्रशासक विनीत कुमार ने बताया कि 15 अगस्त से पूर्व पार्क को पूर्ण विकसित करने के उद्देश्य से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहीदों के सम्मान में स्मारक के साथ-साथ उनका नाम पार्क से जोड़ना शहीद के लिए एक बड़ा सम्मान है। बैठक में मुख्य रूप से निवर्तमान वार्ड पार्षद बसंत सिंह, बाल गोविंद मोदी, नीरज कर्ण, घनश्याम तूरी, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि प्रेम प्रकाश, संजय यादव के अलावे नगर परिषद से महादेव यादव, विमल शर्मा, दुलारचंद आदि उपस्थित थे।

## हजारीबाग में आज लगेगा रोजगार मेला

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** रोजगार की तलाश कर रहे हजारीबाग के नौजवानों के लिए खुशखबरी है। हजारीबाग के मटवारी स्थित आइसेक्ट यूनिवर्सिटी के द्वारा हजारीबाग के यूनिवर्सिटी सिटी कैंपस परिसर में आज रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। लगभग 150 से अधिक नौजवानों को रोजगार से जोड़ा जायेगा। जिसमें सालाना 2.5 लाख से 6 लाख के पैकेज पर कंपनियां हायर करेंगी। इस रोजगार मेले में बंधन बैंक, एक्सिस बैंक, फ्लिपकार्ट, पेटीएम जैसे 20 से अधिक कंपनियां नामी गिरामी कंपनी शामिल होंगी. भाग लेने के लिए उम्र कम से कम 18 साल होनी चाहिये। कंपनियां उम्मीदवार की डिग्री, प्रमाण पत्रों और साक्षात्कार के आधार पर रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। इसमें किसी भी विश्वविद्यालय से पढ़े छात्र भाग ले सकते हैं।

## इचाक में मना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जन्मदिन



**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड संयोजक मंडली ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का 48वां जन्मदिन मनाया। इस दौरान इनके लंबी उम्र की कामना की गयी। जन्म उत्सव में मुख्य रूप से 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सह मुख्य संयोजक मंडली मनोहर राम के नेतृत्व में जन्म उत्सव मनाया गया। मनोहर राम ने कहा की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पूरे झारखंड के विकास की गंगा बहा रहे हैं। सभी योग्य लाभुक को वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन किया जा रहा है। साथ ही साथ सावित्रीबाई फुले योजना के तहत सभी छात्राओं को प्रोत्साहन राशि दिया जा रहा है। फिर आने वाले चुनाव में हेमंत सोरेन पुनः मुख्यमंत्री बनेंगे। मौके पर 20सूत्री सदस्य सह संयोजक मंडली सदस्य दिगम्बर कुमार मेहता, रामप्रवेश सिंह, इंद्रदेव मेहता, गंगेश्वर मेहता, प्रयाग मेहता, उमेश मेहता, प्रवील मेहता, रामफल मेहता, सुरेंद्र मेहता, उमेश गुप्ता, महेंद्र दास, राजेंद्र रविदास, संजय राम, संतोष मेहता, रामदिप मेहता, बाबुन हंसदा, दिनेश्वर मेहता, राजेन्द्र ठाकुर, सुनील मेहता, अशोक शर्मा, प्यारी देवी, दिनकर प्रसाद मेहता, जसवंत सिंह, भरत सिंह, वकील मेहता, गंगेश्वर मेहता आदि उपस्थित थे।

## झरपो में धोती-साड़ी का वितरण



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के क्षेत्र अंतर्गत झरपो में सोना सोबरन योजना के तहत धोती, साड़ी, लुंगी का वितरण जन प्रणाली के दुकानदारों द्वारा किया गया, वही झरपो के दुकान में डीलर राधेश्याम प्रसाद कुशवाहा के जन वितरण प्रणाली के दुकान में झरपो मुखिया शिबुप्रसाद सोनी की मौजूदगी में साड़ी, धोती और लुंगी का वितरण किया गया। झरपो पंचायत मुखिया शिबू प्रसाद सोनी ने कहा कि यह सरकार द्वारा चलाया गया महत्वकांक्षी योजना है गरीब परिवार को 10 रुपया में साड़ी और 10 रुपया धोती इस अवसर पर वार्ड सदस्य रवि यादव, महेंद्र पांडेय, अजय पांडेय, अशोक कुशवाहा, कार्डधारी लाभुक रूपलाल महतो, अन्हछ महतो, दशरथ भुइयां, कैलाश ठाकुर, विशेश्वर भुइयां, सुरेश प्रसाद, सीता देवी, रेणु देवी, शकुंतला देवी, किरण देवी अन्य लाभुकों के बीच धोती-साड़ी, लुंगी का वितरण किया गया।

## फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की शुरुआत



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अभियान की शुरूआत बड़कागांव सीएचसी परिसर में डॉ अविनाश और डॉक्टर त्रिशला के नेतृत्व में डीइसी की गोली खिलाकर की गयी। साथ ही साथ एक-एक कृमि नाशक गोली दी गयी। वही कार्यक्रम की शुरूआत उप प्रमुख वचन देव कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। साथ ही साथ फाइलेरिया पेशेंट पूनम देवी सोमारी देवी, चिड़िया देवी, मनी देवी को एमएमटीपी किट दिया गया। अभियान के संबंध में डॉ अविनाश कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम 10 से 25 अगस्त तक चलाया जायेगा। जिसकी शुरूआत सीएचसी पीएचसी एचएससी और आंगनबाड़ी केदो में बूथ स्तर पर किया गया। वही 11 अगस्त को सभी विद्यालयों में जाकर बच्चों को फाइलेरिया की दवा की खुराक देनी है। साथी साथ 12 से 25 अगस्त के बीच घर घर जाकर फाइलेरिया की दवा की खुराक के साथ-साथ कृमि नाशक दवा भी खिलाना है इससे फाइलेरिया मुक्त राज्य और देश हो सके। मौके पर डॉक्टर अविनाश डॉक्टर त्रिशला को उपप्रमुख वचन देव कुमार, पंसस रंजीत चौबे, सहेश कुमार, बीपीएम नवीन कुमार, अशोक कुमार, आशीष कुमार, तरुण शर्मा, रितेश कुमार, मोहम्मद नसरुद्दीन, ज्योति कुमारी, सोनम कुमारी, मधु कुमारी, संजू कुमारी, प्रीति कुमारी सहित दर्जनों स्वस्थ कर्मी मौजूद थे।

## एनटीपीसी के द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी की चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना के द्वारा परियोजना से प्रभावित चट्टी बरियातू पंचायत भवन में एकदिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन गुरुवार को किया गयो इस शिविर में चिकित्सकों के द्वारा कुल 167 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की नि:शुल्क कर जरुरी सलाह व दवाइयां भी दी गयी है इसके साथ ही चिकित्सकों ने लोगों को मौसमी बीमारी से सतर्क रहने व सावधानियां बरतने की सलाह दी है मौके पर चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना के अपर महाप्रबंधक मोहम्मद वासिफ, उप महाप्रबंधक अनिल गुप्ता, वरिष्ठ प्रबंधक बी नविन कुमार व पंचायत के मुखिया झरीलाल महतो सहित दर्जनों ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

## झंडोतोलन की समय सारिणी घोषित

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** स्वतंत्रता दिवस को होने वाले झंडोतोलन कार्यक्रम की समय सारिणी घोषित कर दी गयी है बिडिओ कीस्टो कुमार बेसरा ने इस से संबंधित नोटिस जारी किया है इसके अनुसार प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिषर में दिन 8.50 बजे, थाना परिषर में 9.05 बजे, पेंशनर कल्याण समाज केंद्र में 9.15, सीएचसी केरेडारी में 9.25, भ्रमणशील पशु चिकित्सालय में 9.35, प्रखंड साक्षरता कार्यालय में 9.45, पंचायत भवन केरेडारी में 9.55 बजे झंडोतोलन किया जायेगा। इसी प्रकार सहकारिता कार्यालय में .10.05, बीआरसी कार्यालय में 10.15, कन्या मध्य विद्यालय केरेडारी में 10.25, मध्य विद्यालय कराली में 10.40, राज्य संपोषित प्लस 2 उच्च विद्यालय में 10.50 व कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में 11.10 बजे झंडोतोलन किया जायेगा।

## झरपो विद्यालय में लगा शुद्ध जल के लिए आर ओ फ्रिज



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय झरपो में 15वीं वित मद से झरपो पंचायत मुखिया शिबू प्रसाद सोनी ने 15 वीं वित के सौजन्य से शुद्ध ठंढा पेयजल हेतु आर यो फ्रिज लगाया गया है मुखिया शिबुप्रसाद सोनी ने कहा की विद्यालय में बच्चों के पीने के लिए पानी की व्यवस्था की गयी है इस विद्यालय में जल संकट अधिक है तीन चार बार डीप बोरिंग किया गया लेकिन पानी नही निकला जिसके कारण बोरिंग बिफल हो गया दूर से पानी पाइप द्वारा लाया जा रहा है पानी कभी आता है तो कभी नही आता है इसे देखते हुए शुद्ध जल मिल सके और स्वच्छ पानी मिल सके स्वच्छता को ध्यान रखते हुए इस शुद्ध जल आर यो का फ्रिज लगाया गया है शुद्ध जल फ्रिज को देखते हुए बच्चो और शिक्षको में खुशी जाहिर की है इस अवसर पर प्रधानाध्यापक सतेंद्र कुमार दीपक शिक्षक महेंद्र प्रसाद ग्रामीण महेंद्र पांडेय उपस्थित थे।

## न्यूज रील्स

### आजम खान का लखनऊ लैब में लिया जायेगा वायस सैंपल

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आजम खां को लखनऊ स्थित विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) में अपनी आवाज का नमूना देना होगा। दरअसल, एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में उनपर दलितों आपत्तिजनक बातें कहने का आरोप है। कोर्ट ने रामपुर के डीएम और एसपी को वायस सैंपल कराने का आदेश दिया है। इस मामले में अगली सुनवाई 23 अगस्त को होगी।

### महात्मा गांधी के पड़पोते ने भिड़े गुरुजी पर एफआइआर करायी

पुणे। महात्मा गांधी के पड़पोते तुषार गांधी ने हिंदूवादी नेता संभाजी भिड़े के खिलाफ एफआइआर दर्ज करायी है। शिव प्रतिस्ठान हिंदुस्तान के संस्थापक अध्यक्ष मनोहर उर्फ संभाजी भिड़े को उनके समर्थक भिड़े गुरुजी कहते हैं। उन्होंने हाल ही में अमरावती में आयोजित सभा में महात्मा गांधी पर आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं। इस पर नाराजगी जताते हुए तुषार गांधी ने पुणे के डेक्कन पुलिस स्टेशन को दी शिकायत में कहा कि भिड़े का बयान गांधी परिवार की महिलाओं का अपमान है।

# मुख्यमंत्री ने लिया उड़िया माध्यम के बच्चों को मुफ्त पुस्तकें प्रदान करने का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सरकारी स्कूलों के छात्रों की तरह राज्य के निजी और गैर सहायता प्राप्त उड़िया माध्यम स्कूलों के छात्रों को मुफ्त पाठ्यपुस्तक प्रदान करने का निर्देश दिया है। इस योजना को 5ळ पहल में लिया गया है।



यह योजना अगले शैक्षणिक वर्ष 2024-25 से लागू की जायेगी। राज्य सरकार कक्षा एक से आठवीं तक के छात्रों को मुफ्त पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध करायेगी। इससे राज्य के 3620 निजी और गैर सहायता प्राप्त स्कूलों के 5 लाख से अधिक छात्रों को फायदा होगा। इसके लिए राज्य सरकार सालाना 9 करोड़ 43 लाख रुपये खर्च करेगी। गौरतलब है कि निजी उड़िया माध्यम स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे वार्षिक हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और विभिन्न क्षेत्रों में अपने कौशल का प्रदर्शन भी कर रहे हैं। राज्य सरकार राज्य के सभी सरकारी स्कूलों के छात्रों को मुफ्त पाठ्यपुस्तकें प्रदान कर रही है और पश्चिम बंगाल, झारखंड, आंध्र प्रदेश और गुजरात जैसे राज्यों में ओडिया बच्चों को भी मुफ्त पाठ्यपुस्तकें प्रदान कर रही है।

# ट्रेन सेवाएं अस्थायी रूप से प्रभावित रहेंगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** संबलपुर और संबलपुर सिटी स्टेशन के बीच सुरक्षा संबंधी आधुनिकीकरण कार्य के लिए ट्रेन सेवाएं अस्थायी रूप से प्रभावित रहेंगी। संबलपुर शहर और संबलपुर के बीच डबल लाइन चालू करने के लिए आधुनिकीकरण कार्य। संबलपुर/संबलपुर सिटी-भुवनेश्वर/ कटक रेलवे सेक्शन में ट्रेन सेवाएं प्रभावित रहेंगी। भूवनेश्वर संबलपुर सिटी और संबलपुर स्टेशन के बीच दोहरीकरण कार्य



शुरू करने के संबंध में सुरक्षा संबंधी आधुनिकीकरण कार्य के मद्देनजर, संबलपुर-कटक/भुवनेश्वर रेलवे खंड में ट्रेन सेवाएं अस्थायी रूप से प्रभावित रहेंगी।

### ट्रेनों का रद्दीकरण:

18301/18302 संबलपुर-रायगड़ा-संबलपुर एक्सप्रेस 19 से 23 अगस्त 2023 तक दोनों दिशाओं से।

18303/18304 संबलपुर-पुरी-संबलपुर इंटर सिटी 19 से 23 अगस्त 2023 तक दोनों दिशाओं से।

18128/18126 राउरकेला-पुरी-राउरकेला एक्सप्रेस 19 से 23 अगस्त 2023 तक दोनों दिशाओं से।

20809 संबलपुर-नांदेड़ एक्सप्रेस 20 और 21 अगस्त 2023 को संबलपुर से।

20810 नांदेड़-संबलपुर एक्सप्रेस 21 और 22 अगस्त 2023 को नांदेड़ से।

18309 संबलपुर-जम्मू तवी एक्सप्रेस 19, 21 एवं 22 अगस्त 2023 को संबलपुर से।

18310 जम्मू तवी-संबलपुर एक्सप्रेस 18 और 20 अगस्त 2023 को जम्मू तवी से।

18311 संबलपुर-बनारस एक्सप्रेस 20 एवं 23 अगस्त 2023 को संबलपुर से।

18312 बनारस-सम्बलपुर एक्सप्रेस 21 एवं 24 अगस्त 2023 को बनारस से ।

20832 संबलपुर-शालीमार एक्सप्रेस 20 और 22 अगस्त 2023 को संबलपुर से।

20831 शालीमार-संबलपुर एक्सप्रेस 21 एवं 23 अगस्त 2023 को शालीमार से।

08317 संबलपुर-जूनागड रोड पैसेंजर स्पेशल संबलपुर से 18 से 24 अगस्त 2023 तक।

08318 जूनागड रोड-संबलपुर पैसेंजर स्पेशल 19 से 25 अगस्त 2023 तक जूनागढ़ रोड से।

08264/08277 बिलासपुर-टिटिलागड-रायपुर पैसेंजर स्पेशल 18 से 23 अगस्त 2023 तक।

08263/08278 रायपुर-टिटिलागड-बिलासपुर पैसेंजर स्पेशल 19 से 24 अगस्त 2023 तक।

08311 संबलपुर-एरोड स्पेशल एक्सप्रेस 23 अगस्त 2023 को संबलपुर से।

08312 एरोड-संबलपुर एक्सप्रेस 25 अगस्त 2023 को इरोड से।

08169/08170 झारसुगुड़ा-संबलपुर-झारसुगुड़ा मेमू 19 से 23 अगस्त 2023 तक दोनों दिशाओं से।

08171/08172 झारसुगुड़ा-संबलपुर-झारसुगुड़ा मेमू 19 से 23 अगस्त 2023 तक दोनों दिशाओं से।

संबलपुर स्टेशन को छुए बिना सरला और संबलपुर शहर के रास्ते ट्रेनों का मार्ग परिवर्तनः

18451/18452 हटिया-पुरी-हटिया तपस्विनी एक्सप्रेस 19 से 23 अगस्त 2023 तक दोनों दिशाओं से।

12880/12879 भुवनेश्वर-एलटीटी-भुवनेश्वर एक्सप्रेस 21 अगस्त को भुवनेश्वर से और 19 अगस्त 2023 को एलटीटी से।

22866 पुरी-एलटीटी एक्सप्रेस 22 अगस्त 2023 को पुरी से।

20471/20472 बीकानेर-पुरी-बीकानेर एक्सप्रेस 20 अगस्त को बीकानेर से और 23 अगस्त 2023 को पुरी से।

20807/20808 विशाखापत्तनम-अमृतसर-विशाखापत्तनम हीराकुंड एक्सप्रेस विशाखापत्तनम से 19 और 22 अगस्त को और अमृतसर से 19 और 23 अगस्त 2023 को।

20813/20814 पुरी-जोधपुर-पुरी एक्सप्रेस 23 अगस्त को पुरी से और 19 अगस्त 2023 को जोधपुर से।

ट्रेनों का आंशिक रद्दीकरणः

12893/12894 भुवनेश्वर-बलांगीर-भुवनेश्वर इंटर सिटी एक्सप्रेस 19.08.2023 से 23.08.2023 तक दोनों दिशाओं से जुजोमुरा और बलांगीर के बीच रद्द रहेगी।

20810 नांदेड़-संबलपुर एक्सप्रेस 19 अगस्त 2023 को नांदेड़ से चलने वाली बरगढ़ रोड तक चलेगी और बरगड रोड से संबलपुर तक रद्द रहेगी।

22803 शालीमार-संबलपुर एक्सप्रेस 19.08.2023 को शालीमार से संबलपुर सिटी तक चलेगी और संबलपुर सिटी से संबलपुर तक रद्द रहेगी।

18310 जम्मू तवी-संबलपुर एक्सप्रेस दिनांक 17.08.2023 को जम्मू तवी से संबलपुर सिटी तक चलेगी।

08312 इरोड-संबलपुर एक्सप्रेस दिनांक 18.08.2023 को इरोड से बरगढ़ रोड तक चलेगी। पूर्व तट रेलवे अपने मूल्यवान यात्रियों और रेल उपयोगकताओं से भविष्य में बेहतर परेशानी मुक्त यातायात के लिए सहयोग करने की अपील करता है।

# बीयूवीएम का 42वां व्यापारी दिवस संपन्न




**ओडिशा से प्रह्लाद खंडेलवाल अध्यक्ष (गवर्निंग बॉडी कटक और गोबिंद अग्रवाल संपादक) उपस्थित थे।**

**केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल और भानु प्रताप सिंह जी ने व्यापारियों को संबोधित किया और उनकी समस्यायें सुनीं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भूवनेश्वर भारत सरकार द्वारा नवगठित व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन सुनील सिंह अपने संबोधन मै कहा कि अब व्यापारियों को आंदोलन नही करने पडेगे, कल्याण बोर्ड सरकार और व्यापारियो के बीच मे पुल का काम करेगा, समस्या सीधे सरकार के पास जायेगी और समाधान होगा। छोटे व्यापारियो के लिए केंद्र सरकार-बीमा योजना लायी है जिसका फायदा उठाना चाहिए। 20 प्रदेशो के करीब 600 व्यापारी प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। मुख्य प्रदेशिक व्यापारी नेता गड तारक नाथ जी बंगाल, राजू जी अप्सरा केरल, सौंदर्य राजन और तेजाराम जी तमिल नाडू, अशोक मोदी छत्तीसगढ, प्रकाश चन्द्र गुप्ता हिमाचल, नवीन वर्मा और पकाश चंद्र मिश्रा उत्तराखंड, राजेश जैन और गोपाल अग्रवाल मध्य प्रदेश, अनुराग सिंगल जी कर्नाटक, प्रेम मित्तल झारखंड, भैरों प्रसाद मिश्रा एक्स सांसद, अशोक कंछल जी एक्स विधायक, सुनील पाण्डेय यू. पी., हेमंत जी, दिल्ली आदि ने अपनी टीम के साथ हिस्सा लिया। मुकुंद मिश्रा साधारण संपादक ने मंच संचालन किया। बाबूलाल गुप्ता को नया अध्यक्ष बनने पर उडीसा प्रदेश की तरफ से हार्दिक बधाई दिये।

प्रह्लाद खंडेलवाल ने अपने संबोधन मे कहा व्यापारियों के लिए बहुत बड़ी समस्या बना हुआ है, इसका सरलीकरण होना चाहिए और स्थिरता होनी चाहिए रोज- रोज के बदलाव से व्यापारी परेशान है। व्यापारी सुरक्षा मुद्दा बहुत बड़ी समस्या है, इस पर केंद्र सरकार और राज्य सरकारे विशेष ध्यान दे। जीएसटी से संबंधित सभी पुराने मामलो को लेकर सरकार नोटिस देना बंद करे, एक मुस्त सेटल कर दे। अन लाइन ट्रेडिंग से व्यापार बहुत प्रभावित हो रहा है, सरकार को गाइड लाइन निश्चित करनी चाहिए। बडे घराने अगर आलू-प्याज बेचेंगे तो छोटा व्यापारी कैसे बचेगा। टरटए में केंद्र सरकार ने बड़ा फंड रखा है जिसका फायदा छोटे और मध्यम यूनिट को मिल रहा है, सभी इसका लाभ उठाये।

### नरेंद्रपुर टाटा स्टील परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन

**भुवनेश्वर।** (आजाद सिपाही)। नरेंद्रपुर टाटा स्टील मेरामंडली (टीएसएम) के परिसर में 9 अगस्त को एक विशेष स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इस महान उद्देश्य के लिए आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए टीएसएम कर्मचारी, कर्मचारियों के परिवार के सदस्य और नियमित कर्मचारी आगे आये। इस शिविर में कुल 326 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

इस स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का उद्घाटन वेद प्रकाश ठाकुर टीएसएम के सेयार्ड सर्विसेस के प्रमुख, अगम कुमार सुरक्षा के प्रमुख, राजेश कुमार अग्रवाल पावर सिस्टम के प्रमुख और शैलेश वर्मा प्रबंध निदेशक अंगुल एनर्जी लिमिटेड ने किया, जबकि टीएसएम चिकित्सा सेवा विभाग के सलाहकार डॉ. आशीष महापात्र और डॉ. अविनाश दास उपस्थित थे।


पूर्व मध्य रेल

**विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई-निविदा सूचना विद्युत (सामान्य) विभाग के लिये खुली निविदायें**

मंडल रेल प्रबन्धक (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

**ई-निविदा संख्या :** ईएल/13/खुली/2023-24, **क्र.सं. :** 1, **कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** जीसी के घाट खंड में 3 स्टेशनों (लालबाग ब्लाक हाल्ट, दिलवा और लाराबाद) में एसएम पैनल बिल्डिंग के विस्तार से संबंधित वैद्युतिक कार्य। (कार्य समापन अवधि : छः माह)। **क्र. सं. :** 2, **कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू. 15,41,973.87, **क्र.सं. :** 3, **बिड सिक्युरिटी :** रू. 30,800.00

**ई-निविदा संख्या :** ईएल/14/खुली/2023-24, **क्र.सं. :** 1, **कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** धनबाद मंडल के विभिन्न रनिंग रूम के लिए एयर कंडीशनिंग मशीनों को पांच वर्षों के लिए किराए पर लेना। (कार्य समापन अवधि : पांच वर्ष)। **क्र.सं. :** 2, **कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू. 1,26,64,256.90, **क्र. सं. :** 3, **बिड सिक्युरिटी :** रू. 2,13,300.00

• **ई-निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय :** ई-निविदा बंद होने की तिथि 31.08.2023 को 11:00 बजे। ई-निविदा खुलने की तिथि 31.08.2023 को 11:30 बजे। • **वेबसाईट का विवरण :** वेबसाईट : **www.ireps.gov.in.** ई-निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/0922/डीएचएनजीएस/ईजीईएन/टी/23-24/52






VERMA PRESS ® वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !


# किस में विश्व मानविकी कांग्रेस का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर यूनाइटेड इंडिया एंथ्रोपोलॉजी फोरम, उत्तर प्रदेश यूनिवर्सिटी, संबलपुर यूनिवर्सिटी और दिल्ली यूनिवर्सिटी के सहयोग से किस डीम्ड विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कांग्रेस 14 तारीख तक चलेगी। कांग्रेस का विषय 'सार्वजनिक क्षेत्र में मानवविज्ञानः स्वदेशी, सामाजिक न्याय, स्थीरता और वैश्विक शांति' है। इस सम्मेलन में भारत सहित विश्व के विभिन्न देशों से लगभग 1200 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण के प्राचार्य और भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण के निदेशक प्रोफेसर किशोर कुमार बासा ने कहा कि कीस समाज के उपेक्षित और कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण का प्रतीक है। यह विश्व शांति और मित्रता के लिए है। उन्होंने कहा कि मानवतावाद उपेक्षित और हांशिये पर पड़े वर्गों को आवाज देता है। उन्होंने कहा कि यह आम धारणा गलत है कि मानवविज्ञानी विकास विरोधी हैं। प्रो बासा ने कहा कि मानवविज्ञानी इस बात पर जोर देते हैं कि प्रकृति और पर्यावरण को सुरक्षित रखते हुए कैसे विकास किया जाये। कीट और कीस के संस्थापक प्रो अच्युत सामंत ने एक संदेश में कहा कि मानवविज्ञान में एक न्यायसंगत और टिकाऊ वैश्विक समाज का मार्ग प्रशस्त करने की शक्ति है। इस पर दृढ़ विश्वास रखते हुए, हम शिक्षा और ज्ञान के माध्यम से स्वदेशी समुदाय को सशक्त बनाना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, हम दूरदर्शी अभ्यास के प्रोफेसर हैं, जो जनजातीय सलाहकार परिषद के सहयोग से स्वदेशी ज्ञान का सम्मान और संरक्षण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा। दूसरी ओर, हमने परंपरा को बरकरार रखते हुए कैसे विकास किया जाए, इस पर विचारों के आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान की है। किस डीम्ड विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रोफेसर सत्य एस त्रिपाठी ने कहा कि यह कांग्रेस कीस के लिए सम्मेलन से कहीं अधिक है, जिन्होंने विनम्रता और मानवता का अभ्यास किया है। उन्होंने कहा कि कीस दुनिया का सबसे महत्त्वपूर्ण सामाजिक अनुप्रयोग है जो लगभग 60 हजार आदिवासी बच्चों का आश्रय है। वाक-नाक के अध्यक्ष और दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व चांसलर प्रोफेसर पी.सी. जोशी ने कहा, किस आदिवासियों का मक्का है। उन्होंने कहा कि उन्हें बहुत खुशी है कि हम यहां मानवतावादी कांग्रेस का आयोजन कर रहे हैं। शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण चीज है। प्रो जोशी ने कहा कि किस समग्र विकास का संस्थान है जहां बच्चों का सर्वांगीण विकास किया जाता है। इस मौके पर अन्य लोगों में यूइएफए संरक्षक प्रो पीके मुताटकर, प्रो पीके मिश्रा, यूनिसेफ सलाहकार प्रो अखिलबिहारी ओता, उत्तर प्रदेश विवि की चांसलर प्रो सविता आचार्य, संबलपुर विवि के कुलपति प्रो. बिधु भूषण मिश्रा, गंगाधर मेहर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एन. नागराजू प्रमुख ने अपना वक्तव्य रखा। अध्यक्षता किस विवि के कुलपति प्रो दीपक कुमार बेहरा ने की, जबकि यूआइएएफ के सदस्य सचिव प्रोफेसर एस ग्रेगरी ने धन्यवाद दिया।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**